WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024 वर्ष-10 अंक- 99 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

लव के लिए कुछ भी करेगा की तर्ज पर वोट कबाड़ने के लिए राजनीतिक पार्टियां भी कुछ भी करने के लिए तैयार रहती हैं। महाराष्ट्र सरकार ने लाडली बहन योजना की तरह ही लाडला भाई योजना लागू करने का ऐलान कर दिया है। बारहवीं पास को 6 हजार, डिप्लोमा धारी को 8 हजार और ग्रेजुएट युवाओं को 10 हजार रुपए महीना दिया जाएगा। अच्छा है। नौकरी मत मांगो, बेराजगारी भत्ते के रूप में खटाखट नोट लो और बदले में वोट दो। मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली ये योजनाएं भले ही देश का बेड़ा गर्क कर दें लेकिन सत्ता सलामत रहनी चाहिए।

लोकसभा चुनाव में हार के बाद मुफ्त के तोहफे बांट रही महायुति सरकार: संजय राउत

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर से आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है। अब शिवसेना-यूबीटी नेता संजय राउत ने महायुति गठबंधन सरकार पर निशाना साधा है। संजय राउत का कहना है कि महाराष्ट्र सरकार आठ लाख करोड़ के कर्ज में डूबने के बाद भी मुफ्त में उपहार बांट रही है। इससे ठीक एक दिन पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने युवाओं के लिए लड़का भाउ योजना का ऐलान किया था। शिंदे ने कहा था कि इस योजना के तहत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाल युवाओं को 6,000 रुपये प्रति माह, आईटीआई और डिप्लोमा धारकों को 8,000 रुपये प्रति माह और स्नातक डिग्री धारकों को 12,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे।

छगन भुजबल बड़े कलाकार: हाल ही में राकांपा नेता छगन भुजबल ने राकांपा-एसपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की थी। इसे लेकर संजय राउत ने कहा, 'भुजबल बड़े कलाकार हैं। वे फिल्मों में काम कर चुके हैं और अच्छी तरह जानते हैं कि छलकपट से नाटक कैसे तैयार किए जाते हैं। लेकिन, शरद पवार नटसम्राट हैं और वे राज्य और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महिलाओं को भी दिए जाएं 10,000 रुपये प्रति माह

इसके अलावा सीएम एकनाथ शिंदे ने 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना की भी घोषणा की है। इसके तहत 21 से 60 वर्षों की शादीशुदा, तलाकशुदा और गरीब महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह देने की घोषणा की गई। इसे लेकर शिवसेना-यूबीटी नेता संजय राउत ने कहा, 'महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह देने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने मध्य प्रदेश सरकारी की 'लाडली बहना योजना की नकल की है। उधर, 'लड़का भाउ योजना योजना के तहत 12वीं पास करने वाले युवाओं को 10,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। मेरा सवाल है कि महिलाओं के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विधानसभा चुनाव में 280 सीटें जीतने का दावा

शिवसेना-यूबीटी नेता ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले महायुति के नेता कहते थे कि महाराष्ट्र में विपक्ष 10 लोकसभा सीटें भी हासिल नहीं कर पाएगा लेकिन, महा विकास अघाड़ी ने 31 सीटों पर जीत हासिल की। आपको बता दें कि महाराष्ट्र में इस बार लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने नौ सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके अलावा एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना ने सात और अजित पवार नीत राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने महज एक सीट पर जीत दर्ज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजद ने पीके को मुसीबत माना

मधेपुरा। राष्ट्रीय जनता दल ने प्रशांत किशोर के आसपास पहुंचने वाले अपनी पार्टी के नेताओं को निलंबित करना शुरू कर दिया है। अब बारी किसकी होगी? पीके ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राज्य की सभी 243 सीटों से अपने प्रत्याशी उतारने का ऐलान कर दिया है। कुछ समय पहले प्रशांत किशोर के जन सुराज अभियान को लेकर लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने कड़ा एक्शन लिया। इससे संपर्क में आए राजद के नेताओं पर कार्रवाई शुरू की। अब इस तरह की कार्रवाई क्या दूसरे दलों को भी करना पड़ेगा? ऐसा इसलिए कि अब प्रशांत किशोर ने चुनाव में उतरने का खुला ऐलान कर दिया है। जन सुराज अभियान के तहत पदयात्रा कर रहे प्रशांत किशोर ने गुरुवार को मधेपुरा में प्रेस वार्ता की।

117 खिलाडि़यों का दल भेजेगा भारत

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने ओलंपिक के लिए भारतीय दल में सात रिजर्व सहित 117 एथलीटों के शामिल होने की पुष्टि की। भारत को इन एथलीट्स से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। पेरिस ओलंपिक का आगाज 26 जुलाई को होगा। भारत को इन एथलीट्स से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। खेल मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, 140 सहायक कर्मचारी और अधिकारी भी आगामी ओलंपिक के लिए भारतीय दल के साथ जाएंगे।

अनिल देशमुख ने किया बड़ा दावा

मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक बयानबाजी के साथ दल-बदल की संभावना प्रबल दिख रही है। इस कड़ी में कई नेताओं की तरफ से दावा किया जा रहा है कि उनके विपक्षी दल के कई नेता उनकी पार्टी में शामिल होना चाहते हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में हर दिन अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। किसी दिन राजनीतिक दल मराठा आरक्षण को लेकर आमने-सामने आ रहे हैं, तो किसी दिन विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी-अपनी दावेदारी कर रहे हैं। इस कड़ी में महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख ने बड़ा दावा किया है। अनिल देशमुख का कहना है कि भाजपा के कई विधायक शरद पवार-नीत एनसीपी में शामिल होना चाहते हैं।

कविता सुनकर विधानसभा में हंगामा

जयपुर। विधानसभा में अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने बजट की तुलना ठाकुर का कुआं कविता से की। हरीश चौधरी ने कहा क्रांतिकारी कवि ओमप्रकाश वाल्मीकि ने ठाकुर का कवि कविता के जरिए भेदभाव का दर्द बयां किया था। कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने गुरुवार को विधानसभा में अनुदान मांगों पर बोलते हुए ओम प्रकाश वाल्मीकि की यह कविता पढ़ी तो सदन में हंगामा हो गया।

मेट्रो में शराब ले जाने पर आबकारी नियम होंगे लागू

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो के यात्रियों को सीलबंद शराब की दो बोतलें ले जाने की अनुमति दिए जाने के मामले में संबंधित राज्यों के आबकारी नियम लागू होंगे। दिल्ली मेट्रो राष्ट्रीय राजधानी के अलावा हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी चलती है। दिल्ली मेट्रो राष्ट्रीय राजधानी के अलावा हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी चलती है। इसलिए इन राज्यों में आबकारी नियम अलग हैं।

कुपवाड़ा में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने दो आतंकी मारे

डोडा में भी ऑपरेशन जारी

जम्मू कश्मीर। जम्मू संभाग के जिला डोडा के बाद कश्मीर के उत्तरी इलाके के जिला कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में मुठभेड़ शुरू हो गई है। गुरुवार को सीमांत क्षेत्र केरन में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई। मौके पर सेना की 6 आरआर और पुलिस के एसओजी के जवानों ने मोर्चा संभाला हुआ है। यहां, जवानों ने दो आतंकवादी मार गिराए हैं। जम्मू कश्मीर में गुरुवार को मौसम बिगड़ा हुआ है। कई इलाकों में बारिश हुई है। बादल छाए हुए हैं। इससे पहाड़ी इलाके धुंध से घिर जाते हैं। इसी बीच सुरक्षाबल आतंकियों से लोहा ले रहे हैं। उधर, डोडा में भी मुठभेड़ चल रही है। बिगड़े मौसम के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। डोडा में सोमवार से आतंकियों की तलाश के लिए अभियान चल रहा है। डोडा में चार दिनों में ये तीसरी मुठभेड़ है, लेकिन अभी सुरक्षाबलों को सफलता नहीं मिल पाई है। घने जंगल, ऊंचे पहाड़ और बिगड़ा हुआ मौसम सुरक्षाबलों के लिए चुनौती बना हुआ है, लेकिन जवान डटे हुए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि जल्द ही आतंकियों का सफाया किया जाएगा। रामबन-डोडा रेंज के डीआइजी श्रीधर पाटिल ने कहा कि ऑपरेशन अभी चल रहा है।

छत्तीसगढ़ में आईईडी ब्लास्ट, 2 जवान शहीद, 4 घायल

बीजापुर/नवप्रदेश। नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से 2 जवान शहीद और 4 जवान जख्मी हुए। घायल जवानों का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। बेहतर उपचार के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर किए जाने की चल रही तैयारी। सीएएफ ऑपरेशन से लौटते वक्त पाइप बम में ब्लास्ट किया। एसटीएफ के प्रधान आरक्षक भरत लाल साहू आरक्षक सतेर सिंह हुए शहीद। घायल जवानों के नाम पुरषोत्तम नाग, कोमल यादव, सियाराम सोरी और संजय कुमार, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय ने कहा- शहादत को सलाम, नक्सली खात्मा होगा

मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि नक्सलियों के खात्मे के लिए हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और घायल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शहादत से बेखबर शहीद की बेटियां चली गईं स्कूल

घर वाले मन ही मन बिलखते रहे

परिजन बोले- बच्चों को क्या बताते, मां-बहन का रो-रोकर बुरा हाल, सभी से पूछती रही कब लौटेगा हमारा भारत

रायपुर/नवप्रदेश। बीजापुर के जंगल में नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए भारत साहू रायपुर राजधानी का बेटा है। राजधानी रायपुर के मोवा इलाके में रहने वाले भारत साहू ब्लास्ट में शहीद हुए हैं। भारत छत्तीसगढ़ एसटीएफ के जवान थे। बीजापुर में चल रहे नक्सली सर्च ऑपरेशन से लौटते वक्त आईईडी ब्लास्ट में उनकी जान चली गई। भारत की पत्नी किसी से बात नहीं कर पा रही हैं, बेसुध सदमे में अपने कमरे में बैठी हुई है।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शहीद की पत्नी किसी से बात नहीं कर पा रही हैं, बेसुध सदमे में अपने कमरे में बैठी हुई है। वहीं बूढ़ी मां ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चंडीगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतरे, तीन यात्रियों की मौत, 14 जख्मी

लखनऊ। गोंडा जिले के गोंडा-मनकापुर रेलखंड के बीच चंडीगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसा मोतीगंज थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के पास हुआ। गोंडा जिले के गोंडा- मनकापुर रेलखंड के बीच चंडीगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में तीन लोगों की मौत की खबर है जबकि 14 लोग जख्मी हो गए हैं।

15904 -चंडीगढ़ एक्सप्रेस चंडीगढ़ से गोरखपुर जा रही थी। हादसा मोतीगंज थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के पास हुआ। पौने तीन बजे दो डिब्बे बेपटरी हुए, उसके बाद 12 और डिब्बे पलट गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने व घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को हर संभव सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। सीएम के निर्देश पर आसपास के जिलों के सभी अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। एसडीआरएफ की टीम को मौके पर पहुंच कर राहत कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

योगी ने मामले में जांच के आदेश दिए

रेलवे के तमाम उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं। साथ ही यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं। ट्रेन हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है. गोरखपुर रेल खंड के मोतीगंज बॉर्डर के पास ये हादसा हुआ है।

हरियाणा में इंडिया गठबंधन को झटका

आम आदमी पार्टी, सभी 90 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पार्टी प्रदेश में सभी 90 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने चंडीगढ़ में ये ऐलान किया। चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता में मान ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी एक महत्वपूर्ण पार्टी बन चुकी है। आप आज एक राष्ट्रीय पार्टी है। जब हमने गुजरात में 14 प्रतिशत वोट हासिल किए तब से हम आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय पार्टी बने। हमारी 2 राज्यों में सरकार है। गुजरात और गोवा में हमारे विधायक हैं। अब हरियाणा में विधानसभा चुनाव आ रहे हैं। जिसे हम पूरी शक्ति से लड़ेंगे।

पंजाब, दिल्ली से मिलती है हरियाणा की संस्कृति : मान ने कहा कि केजरीवाल भी हरियाणा से हैं। पंजाब, दिल्ली और हरियाणा की संस्कृति मिलती है। कुछ लोगों को दिल्ली के काम पता हैं। कुछ को पंजाब के काम पता हैं।

पीएम पर भड़के सांसद संजय सिंह

वहीं आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि पिछले 10 साल से भाजपा की डबल इंजन की सरकार है। 10 साल में इस सरकार ने हरियाणा को क्या दिया। हरियाणा फिरौती का गढ़ बन गया है। सड़कों पर लाठियां चल रही है। किसानों को रौंदा गया। हरियाणा में बहुत से घर शहीदों के मिल जाएंगे और आप अग्निवीर लेकर आ रहे हो। चार साल की ठेके की नौकरी दे रहे हो। अग्निवीर योजना वापस होनी चाहिए। किसानों और बेरोजगारी का बहुत बड़ा मुद्दा है। अपराध बढ़ता जा रहा

बांग्लादेश में भड़की हिंसा, भारतीय उच्चायोग ने जारी की एडवाइजरी

ढाका। बांग्लादेश में फिलहाल माहौल अशांत बना हुआ है। यहां सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, पुलिस भी जवाबी कार्रवाई कर रही है। हालात किस कदर बेकाबू हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में मंगलवार को तीन विद्यार्थियों सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा अन्य लोग घायल हो गए। बिगड़े हालातों को देखते हुए ढाका में भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश में रहे रहे अपने नागरिकों और छात्रों के लिए एक तत्काल एडवाइजरी जारी की। इसमें देश में बढ़ती अशांति के वजह से गैर जरूरी यात्रा से बचने और अपने घरों से बाहर कम से कम निकलने की सलाह दी है। यह सलाह बांग्लादेशी सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूपी में अखिलेश का मानसूनी ऑफर सौ विधायक लाओ, सरकार बनाओ!

लखनऊ । सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा में राजनीतिक चर्चाओं के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक पर कहा है कि मानसून ऑफर है-100 लाओ और सरकार बनाओ।राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, अगर भाजपा में कोई भी नेता 100 विधायकों का समर्थन जुटा लेता है तो सपा मुख्यमंत्री पद के लिए उसे समर्थन दे सकती है।

वायएसआरसीपी नेता की बीच सड़क पर हत्या

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले के विनुकोंडा शहर में बुधवार की रात वाईएसआरसीपी की युवा शाखा के एक सदस्य राशिद की हत्या कर दी गई। मामले को लेकर पलनाडु जिले के पुलिस अधीक्षक कांचे श्रीनिवास ने कहा कि शेख जिलानी नाम के एक व्यक्ति ने राशिद पर हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना में कोई राजनीतिक कोण नहीं है। फिलहाल आरोपी की जांच चल रही है। ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों को सख्त सजा का सामना करना पड़ेगा।

सैनिकों के बलिदान राष्ट्रीय लोककथा का हिस्सा बने : अनिल चौहान

करगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर बोले सीडीएस

नई दिल्ली। करगिल युद्ध की वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में सीडीएस ने कहा कि युद्ध, युद्ध-पद्धति का तेजी से विकास हो रहा है। उनके चरित्र और प्रकृति में प्रौद्योगिकी परिवर्तन, भू-राजनीतिक उतार-चढ़ाव के कारण बदलाव हो रहा है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने करगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर कहा कि किसी भी युद्ध में देश और उसके लोगों की नियति को हमेशा के लिए बदलने की क्षमता होती है। सैनिकों के बलिदान की यादें हमारी राष्ट्रीय लोककथा का हिस्सा बननी चाहिए, जैसा कि करगिल युद्ध के साथ हुआ। युद्ध की स्मृतियों को संजोने के अलावा इसके बाद की स्थिति को देखना, जरूरी सबक लेना और वही गलतियां न दोहराना भी जरूरी है।

करगिल युद्ध की वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में सीडीएस ने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

छत्तीसगढ़ से अयोध्या...

केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत 1383 करोड़ के कार्यों के स्वीकृति का किया अनुरोध, सीएम साय ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

छत्तीसगढ़ में सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी पर चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर मुलाकात की। बैठक में राज्य में चल रही सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों में व अयोध्या तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य में सड़क परिवहन को और अधिक सुलभ व सुविधाजनक बनाने के लिए नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, राहुल भगत, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी और भारत सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे।

राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति

बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति एवं सुदूर आदिवासी वनांचलों को मुख्य मार्गों से जोडऩे के लिए नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने रायगढ़-धरमजयगढ़-मैनपाट-अंबिकापुर-उत्तरप्रदेश सीमा तक कुल 282 किमी तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है। साय ने बताया यह मार्ग प्रदेश के चार जिलों से होकर गुजरता है एवं धार्मिक नगरी अयोध्या से छत्तीसगढ़ राज्य को जोडऩे वाला मुख्य मार्ग है।

राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह

मुख्यमंत्री ने कवर्धा- राजनांदगांव-भानुप्रतापपुर-अंतागढ़-नारायणपुर-गीदम-दंतेवाड़ा-सुकमा मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने बताया यह कुल 482 किमी लंबा राज्य के कुल 6 राष्ट्रीय राजमार्गों एवं 5 जिला मुख्यालय को जोडऩे वाला अति महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग के निर्माण होने से बस्तर का नक्सल प्रभावित क्षेत्र मुख्यमार्ग से जुड़ेगा एवं नक्सल गतिविधियों में कमी आएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा रायपुर शहर से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं। एनएच 130बी से 53 को जोडऩे वाले मार्ग को राष्ट्रीयराजमार्ग घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा यह मार्ग एनएच घोषित होने से रायपुर शहर का रिंग रोड पूर्ण रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग हो जाएगा।

फोर लेन चौड़ीकरण

उन्होंने रतनपुर-लोरमी-मुंगेली-नांदघाट-भाटापारा-बलौदाबाजार मार्ग, केंवची-पेंड्रारोड-पसान-कटघोरा मार्ग, मुंगेली-नवागढ़-बेमेतरा-धमधा-दुर्ग-झलमला मार्ग, राजनांदगाँव-मोहला-मानपुर मार्ग, पंडरिया-बजाग-गाड़ासरई मार्ग को भी राजमार्ग घोषित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री ने रखा है। मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 में कटघोरा से अंबिकापुर तक फोर लेन चौड़ीकरण करने तथा एनएच क्रमांक 53 पर टाटीबंध से तेलीबांधा तक सुरक्षित यातायात की दृष्टि से सरोना चौक, उद्योग भवन, और तेलीबांधा चौक पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण की आवश्यकता बताई है।

इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के वार्षिक योजना 2024-25 में एनएच 30 धमतरी से जगदलपुर व एनएच 130बी में रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ मार्ग फोर लेन करने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, रायपुर-दुर्ग एनएच 53 के दो जंक्शन सिरसा गेट व खुर्सीपार जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण के स्वीकृति का आग्रह किया है।

खुल गया जगन्नाथ मंदिर का भीतरी 'तहखाना'

पुरी। ओडिशा के पुरी में मौजूद जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार (तहखाना) 14 जुलाई के बाद आज एक बार फिर खोल दिया जाएगा। यह तहखाना मरम्मत के लिए 46 साल बाद खोला जा रहा है। तहखाने को खोलने से पहले सुबह 8 बजे ही भक्तों को प्रवेश करने से रोक दिया गया है। तहखाना खोलने से पहले ही 'आज्ञा' की रस्म पूरी हो चुकी है। जिसमें रत्न भंडार को पुनः खोलने के लिए मंजूरी मांगी जाती है।

मंदिर में एक बाहरी और एक आंतरिक दो कक्ष हैं। आज आंतरिक कक्ष को खोला जाना है और इससे पहले सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। ASI की टीम ने मंदिर में प्रवेश कर लिया है और प्रक्रिया शुरू हो गई है।

भक्तों की एंट्री बंद

रत्न भंडार (कोषागार) के आंतरिक कक्ष से कीमती सामान को अस्थायी स्ट्रांग रूम में ट्रांसफर किया जाना है। इसलिए भक्तों की एंट्री बंद कर दी गई है। मंदिर के संरक्षक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के लिए आंतरिक कक्ष के अंदर संरक्षण कार्य करने के लिए यह यह जरुरी था कि सबकुछ ट्रांसफर कर दिया जाए। कक्ष को 46 साल बाद 14 जुलाई को भी खोला गया था, ताकि कीमती सामानों की सूची तैयार की जा सके और इसकी संरचना की मरम्मत की जा सके।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्रों पर लाठीचार्ज

छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर कर रहे थे प्रदर्शन

जयपुर। जयपुर में छात्रसंघ चुनाव को बहाल करने की मांग को लेकर जारी छात्रों का आंदोलन उग्र हो चुका है। राजस्थान यूनिवर्सिटी परिसर में गुरूवार को प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। जहां पुलिस ने दौड़ा-दौड़ा कर छात्रों की धुनाई की. इस दौरान पुलिस की लाठी से कई छात्र घायल भी हो गए तो कुछ छात्र नेताओं को पुलिस ने हिरासत में भी लिया. हालांकि कुछ छात्रों ने पुलिस पर पत्थर भी बरसाए, जिन्हें पुलिस ने डंडे की फटकार से खदेड़ दिया, लेकिन छात्र पुलिस की गाड़ी के आगे लेट गए।

जयपुर में छात्रसंघ चुनाव को बहाल करने की मांग को लेकर जारी छात्रों का आंदोलन उग्र हो चुका है. राजस्थान यूनिवर्सिटी परिसर में गुरूवार को प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया. जहां पुलिस ने दौड़ा-दौड़ा कर छात्रों की धुनाई की। इस दौरान पुलिस की लाठी से कई छात्र घायल भी हो गए तो कुछ छात्र नेताओं को पुलिस ने हिरासत में भी लिया. हालांकि कुछ छात्रों ने पुलिस पर पत्थर भी बरसाए, जिन्हें पुलिस ने डंडे की फटकार से खदेड़ दिया, लेकिन छात्र पुलिस की गाड़ी के आगे लेट गए।

वहीं छात्र प्रतिनिधि महेश चौधरी का आरोप है कि पुलिस ने पूरी प्लानिंग के साथ छात्रों पर बर्बरता की है और उन्हें बेरहमी से पीटा है. कई छात्रों के हाथ-पैर टूट गए तो कई छात्रों को गंभीर चोट आई है, जिन्हें पुलिस हॉस्पिटल ले जाने के बजाय बेवजह हिरासत में लेकर परेशान कर रही है. हालांकि छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने कहा कि उन्होंने गांधीवादी तरीके से सभी पूर्व छात्र नेताओं से चिट्ठी लिखवा सरकार तक अपनी बात पहुंचाई।

उसमें भाजपा और कांग्रेस सभी नेताओं का समर्थन मिला और यही वजह है कि विधानसभा तक उसकी गूंज उठी लेकिन फिर भी सरकार मांग नहीं मान रही है। ऐसे में राजनीति में भविष्य देखने वाले छात्र बिना छात्र संघ चुनाव कैसे आगे बढ़ेंगे।

न्यूज गैलरी

ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां को पुणे पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। आईएएस पूजा खेडकर का नाम आजकल काफी सुर्खियों में हैं। उनकी नियुक्ति को लेकर देशभर में घमासान मचा हुआ है। अब इस मामले में एक और नया पहलू सामने आया है। पूजा के बाद अब उनके माता-पिता मुश्किलों में घिर गए हैं। उनकी मां मनोरमा खेडकर को गुरुवार सुबह पुणे पुलिस ने हिरासत में लिया। उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, मनोरमा के खिलाफएक स्थानीय किसान को धमकी देने का आरोप लगा है। उनके खिलाफपुणे पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने पूजा की मां मनोरमा खेडकर के खिलाफयह कार्रवाई भूमि विवाद को लेकर बंदूक लहराकर कुछ लोगों को धमकाने के आरोप में की है। पुणे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के महाड से हिरासत में लिया गया है, जहां वह एक होटल में रुकी हुई थीं। उन्हें पुणे लाया गया। यहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल, विवादित अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें एक जमीनी विवाद को लेकर मनोरमा हाथ में बंदूक लिए कुछ लोगों को धमका रही थीं। ये वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मनोरमा और उनके पति दिलीप खेडकर समेत सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुणे ग्रामीण एसपी पंकज देशमुख ने बताया, 'हमने महाड के एक होटल से उन्हें हिरासत में लिया है। उन्हें पुणे लाया जा रहा है। उनसे पूछताछ की जाएगी। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।' बता दें, मनोरमा, उनके पति और मामले के पांच अन्य आरोपियों का पता लगाने के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। 2023 बैच की आईएएस पूजा खेडकर पर पुणे में बतौर प्रोबेशन आईएएस अधिकारी रहते हुए सत्ता के दुरुपयोग का आरोप है। बताया जा रहा है कि उन्होंने कई विशेषाधिकारों की मांग की, जो प्रोबेशन अधिकारियों को नहीं मिलते हैं। आईएएस पूजा ने अपनी निजी ऑडी कार का इस्तेमाल किया, महाराष्ट्र सरकार का स्टिकर लगाया और यहां तक कि लाल बत्ती भी लगाई।

वेज गुलाटी रेस्तरां में लगी भीषण आग

नई दिल्ली। बीते कुछ दिनों से देश की राजधानी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं। अब दिल्ली के इंडिया गेट के पास पंडारा रोड मार्केट में मशहूर वेज गुलाटी रेस्तरां में बुधवार को भीषण आग लग गई। इस हादसे में किसी जान का नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन रेस्तरां के कुछ फर्नीचर और अन्य सामान जलकर खाक हो गए। आइए जानते हैं कि कैसे हुआ ये हादसा। दिल्ली फायर ब्रिगेड (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के मशहूर वेज गुलाटी रेस्तरां में बुधवार को तड़के 2 बजे सुबह में आग लगी थी। आग उस जगह पर लगी जहां पर सभी बैठते हैं। देखते ही देखते आग पहली मंजिल तक फैल गई। फायर ब्रिगेड के अनुसार, चार दमकल वाहनों को मौके पर भेज कर एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया।

शॉर्ट सर्किट से आग का संदेह

दिल्ली फायर ब्रिगेड ने बताया कि वेज गुलाटी रेस्तरां में लगी आग के हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। आग से कुछ फर्नीचर और अन्य सामान जलकर खाक हो गए हैं। आग लगने के कारण की बात करें तो पुलिस ने कहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने का संदेह है। मामले की जांच की जा रही है।

नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी 'परीक्षा रद्द करने का सही तर्क दें अभ्यर्थी'

नई दिल्ली। विवादों से घिरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने थोड़ी देर में अपना फैसला सुना सकता है। अदालत में तीन जजों की बेंच सुनवाई कर रही है। इसकी अध्यक्षता सीजेआई चंद्रचूड़ कर रहे हैं। इस मामले पर दायर ज्यादातर याचिकाओं पर सुनवाई पहले ही हो चुकी है लेकिन 40 याचिकाओं पर सुनवाई जारी है। इसमें छात्रों ने मांग की है कि नीट की परीक्षा रद्द की जाए, जिस पर कोर्ट ने यह भी कहा कि परीक्षा करने के लिए छात्र कोई सही और जायज तर्क दें।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि चीफ जस्टिस ने दूसरी स्टेटस रिपोर्ट देखी है। इस पर सीजेआई ने जवाब दिया हां। वरिष्ठ वकील नरेंद्र हुडा ने मुख्य याचिका में दलीलें शुरू कीं है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा सीबीआई ने हमको अपनी स्टेटस रिपोर्ट दी है, लेकिन हम उसको सार्वजनिक नहीं कर सकते क्योंकि इससे सीबीआई की जांच पर असर पड़ सकता है।

सीजेआई ने पूछे याचिकाकर्ताओं को न्यूनतम नंबर

सीजेआई ने परीक्षा रद्द करने वाले छात्रों के मुद्दे को लेकर पूछा कि याचिकाकर्ताओं को न्यूनतम कितने नंबर मिले हैं। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि 131 छात्र ऐसे हैं, जो 1,08,000 छात्रों में शामिल नहीं है, जो दोबारा से परीक्षा चाहते हैं, जबकि 254 छात्र ऐसे हैं, जो पास हुए हैं और वे दोबारा एग्जाम नहीं चाहते हैं।

पेपर लीक पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ी की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि आपको हमारे सामने यह साबित करना पड़ेगा की यह गड़बड़ी और लीक बड़े पैमाने पर हुई है और एग्जाम को रद्द करने के अलावा कोई और चारा नहीं है। कोर्ट पूछा कि सरकारी कॉलेज में कितनी सीट है याचिकाकर्ता के वकील ने कहा 56000 सीटें हैं। निजी कॉलेज में सीटों को लेकर पूछे गए सवाल पर जवाब दिया गया कि 52,000 सीटें हैं।

सीजेआई ने मांगी टॉपर्स की जानकारी

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि अगर आप हमारे सामने यह साबित कर देते हैं कि बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई तभी री-एग्जाम का आदेश दिया जा सकता है। याचिकाकर्ता छात्रों के वकील ने कहा कि कुछ ऐसे छात्र भी आए हैं जिनकी रैंक 1 लाख 8 हज़ार छात्रों के बीच है, लेकिन उनको सरकारी कॉलेज नहीं मिला है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ही कहा कि सरकार और हज्ञ कोर्ट को यह बताएं टॉप 100 छात्र किस शहर, जिलें और सेंटर से आते हैं। इस पर सॉलीसीटर जनरल ने कहा कि बेंगलुरु से पांच छात्र हैं, कई छात्र अलग-अलग प्रदेश से हैं.।किसी शहर से एक किसी से शून्य भी हैं।'

अखिलेश और राहुल साथ मिलकर लड़ेंगे यूपी उपचुनाव!

7 पर सपा तो 3 पर कांग्रेस उतार सकती है प्रत्याशी

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 में शानदार सफलता हासिल करने के बाद सपा और कांग्रेस यूपी उपचुनावों में भी साथ मिलकर लड़ सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यूपी की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में दोनों पार्टियां साथ लड़ेंगी। सपा सात तो कांग्रेस तीन सीटों पर अपने प्रत?याशी उतार सकती है। लोकसभा चुनाव में मौजूदा विधायकों के सांसद बनने से विधानसभा की 9 सीटें रिक्त हुई है। इसके अलावा सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा मिलने के कारण उनकी सीट खाली हुई है।

जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें से पांच पर सपा का कब्जा था। तीन बीजेपी के पास थी तो निषाद पार्टी और रालोद के पास एक-एक सीट थी। सपा के पास मैनपुरी का करहल, अयोध्या का मिल्कीपुर, मुरादाबाद का कुंदरकी, अंबेडकरनगर की कटहरी सीट और कानपुर की सीसीमऊ सीट थी। गाजियाबाद, फूलपुर और अलीगढ़ की खैर बीजेपी के पास थी। मिर्जापुर की मझवां सीट निषाद पार्टी और मुजफ्फरनगर की मीरापुर पर रालोद का कब्जा था।

लोकसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस को यूपी में 80 में से 17 सीटें दी थी जिनमें से छह सीटों पर पार्टी ने जीत हासिल करने में सफलता हासिल की है। बाकी सीटों पर सपा ने अपने प्रत्याशी उतारे थे जिनमें 37 उसके खाते में आए।

अब विदेशों में भी बिकेगी भारतीय जनऔषधि केंद्र की दवाएं...

भारत ने मॉरीशस में खोला पहला सेंटर

पोर्ट लुईः भारतीय जनऔषधि परियोजना का न सिर्फ भारत में बल्कि अब विदेशों में भी डंका बजने लगा है। देश भर के मरीजों को सस्ती जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराने वाला भारतीय जन औषधि केंद्र का अब मॉरीशस तक विस्तार किया गया है। इसके तहत मॉरीशस में पहला भारतीय जन औषधि केंद्र खोला गया है, जो वहां के लोगों को सस्ते में जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराएगा। इस केंद्र को खोलने का वादा पीएम मोदी ने किया था। इसके बाद अब विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया है।

बता दें कि जयशंकर 16 से 17 जुलाई तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। इस दौरान मॉरीशस के लोगों के लिए सस्ती दवाओं वाला यह जन औषधि केंद्र समर्पित किया गया। उद्घाटन के मौके पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ भी मौजूद रहे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन ÷दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग÷ का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

जयशंकर ने कहा पीएम मोदी ने पूरा किया वादा

विदेश मंत्री जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ के साथ मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किफायती, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति की जाएगी।

जीतन सहनी का हत्यारा लालू के ही परिवार का..

बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में सम्राट चौधरी का राजद पर निशाना

लखनऊ। बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद यादव या उनके परिवार को अपराध पर बोलने का हक ही नहीं है। लालू प्रसाद यादव तो मुख्यमंत्री कार्यालय में बैठकर संगठित अपराध का संचालन करते थे। इस समय बिहार में अपराध पर वह बोल रहे हैं या उनके परिवार के लोग बोल रहे हैं, लेकिन देखिए कि पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता का हत्यारा कौन निकला? हत्या करने वाला उनके ही परिवार का निकला। सम्राट चौधरी गुरुवार को बिहार भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति के दौरान भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

विस्तृत कार्यसमिति की सभा में सम्राट चौधरी ने कहा- कुछ लोग बोलते हैं कि कानून का राज खत्म हो रहा है। अरे, उनको तो नैतिक अधिकार ही नहीं है। लालू जी या लालू जी के परिवार को बोलने का अधिकार है? क्या अधिकार है? लालू जी तो वैसे नेता हैं, जो मुख्यमंत्री रहते हुए अपने मुख्यमंत्री कार्यालय से पूरे प्रदेश में ऑर्गेनाइज्ड क्राइम करने का काम करते थे। आज बिहार में किसी भी स्तर पर कोई क्राइम होता है तो उसको 24 घंटे से 48 घंटे में पुलिस साफ कर देती है। आज देखिए, दो-तीन पहले एक नेता के पिताजी की हत्या हुई। हत्यारा कौन था? समझ गए हत्या करने वाला कौन था? उनके परिवार का लोग ही निकला। राज्य में अपराधियों का सिस्टम चलाने वाला कौन है? उसका नाम सिर्फ और सिर्फ लालू प्रसाद है, दूसरा कोई नहीं हो सकता है। यह लालू जी बहुत चर्चा करते हैं बिहार के विकास की। पूछते हैं कि केंद्र की सरकार मदद क्या करती है? तो याद कीजिए जब राबड़ी देवी ने गांधी मैदान में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी से कहा कि हमारी सहायता कजिए तो उसी समय 4000 करोड़ रुपये का सहयोग किया।

रूस के साथ संबंधों को लेकर भारत पर दबाव अनुचित, रूसी विदेश मंत्री का पश्चिम पर निशाना

संयुक्त राष्ट्र। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मॉस्को के साथ उर्जा सहयोग के कारण नई दिल्ली पर पड़ रहे दबाव को पूरी तरह से अनुचित बताया। उन्होंने कहा कि भारत एक महान शक्ति है, जो अपने राष्ट्रीय हित खुद ही तय करता है और खुद ही अपने साझेदार चुनता है। इसके अलावा, लावरोव ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई हालिया बैठक पर यूक्रेन की टिप्पणी को अपमानजनक करार दिया। जुलाई माह के लिए यूएनएससी की अध्यक्षता संभाल रहा रूस

यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए लावरोव ने कहा, मुझे लता है कि भारत एक महान शक्ति है जो खुद ही अपने राष्ट्रीय हित तय करता है और अपने भागीदार चुनता है। हम जानते हैं कि भारत पर भारी दबाव पड़ रहा है, जो पूरी तरह से अनुचित है। लावरोव प्रधानमंत्री मोदी की हालिया मॉस्को यात्रा और रूस के साथ उर्जा सहयोग को लेकर भारत की हो रही आलोचना के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। लावरोव मॉस्को की अध्यक्षता में होने वाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठकों की अध्यक्षता करने के लिए न्यूयॉर्क में हैं। यूएनएससी की जुलाई महीने की अध्यक्षता रूस के पास है।

पीएम मोदी ने किया था रूस का दो दिवसीय दौरा

प्रधानमंत्री मोदी ने 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति पुतिन के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई के रूस का आधिकारिक दौरा किया। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद मोदी की यह पहली रूस यात्रा थी। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निदा नहीं की है और लगातार बातचीत व कूटनीति के जरिए संघर्ष के समाधान की पैरवी की है।

जेलेंस्की की टिप्पणी का जिक्र करते हुए लावरोव ने कहा, ÷यह बहुत अपमानजनक था और यूक्रेनी राजदूत को तलब किया गया था और भारतीय विदेश मंत्रालय ने उनके बात की कि उन्हें कैसे व्यवहार करना चाहिए।÷ कुछ अन्य यूक्रेनी राजदूतों द्वारा की गई टिप्पणियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ÷राजदूत वास्तव में ऐसा व्यवहार कर रहे थे जैसे वे गुंडे हों। इसलिए मुझे लगता है कि भारत सब कुछ सही कर रहा है। लावरोव ने जिक्र किया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पश्चिमी देशों का दौरा करने के बाद इन सवालों के जवाब दिए हैं। जिनमें यह भी शामिल है कि भारत रूस से अधिक तेल क्यों खरीद रहा है।

जेलेंस्की ने की थी मोदी-पुतिन की मुलाकात की आलोचना

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मोदी की मॉस्को यात्रा की आलोचना की थी। उन्होंने एक्स पर कहा था, एक रूसी मिसाइल ने यूक्रेन में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला किया, जिसमें युवा कैंसर रोगियों को निशाना बनाया गया। कई लोग मलबे में दब गए। मोदी और पुतिन की बैठक को लेकर उन्होंने कहा था, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को ऐसे दिन मॉस्को में दुनिया के सबसे बड़े खूनी अपराधी को गले लगाते देखकर बड़ी निराशा हुई। यह शांति प्रयासों के लिए एक झटका है। भारत ने उनकी टिप्पणी पर अपनी नाराजगी जाहिर की थी।

संयुक्त विपक्ष के तौर पर लड़ेंगे 2026 का विधानसभा चुनाव : भूपेन बोरा

दिसपुर। असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने गुरुवार को कहा कि वह 2026 का विधानसभा चुनाव 16 दलीय संयुक्त विपक्ष के तौर पर लड़ेंगे। बोरा ने कहा कि तब तक पार्टी और मंच के अन्य सदस्य सभी जिलों में काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का 2026 का विस चुनाव साथ मिलकर लड़ने का मतलब यह नहीं है कि पार्टियां हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाएं। चुनाव तक सभी दल अपने संगठन का विस्तार करते रहेंगे। इससे किसी दल को कोई नुकसान नहीं होगा। बोरा ने कहा कि फोरम का हिस्सा होने का मतलब यह नहीं हैं कि किसी चुनाव में सीटों का समान वितरण न किया जाए। विपक्षी समूह को उनकी ताकत, पृष्ठभूमि और निर्वाचन क्षेत्रों के इतिहास के अनुसार सीटें दी जाती हैं। मौजूदा फोरम में असम जैत्य पार्टी, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और सीपीआई(एम) शामिल हैं। विधानसभा और पंचायतों की सीटों के परिसीमन के बाद सभी दलों के नेताओं के साथ एआईसीसी के महासचिव जितेंद्र सिंह ने तीन दिवसीय बैठक की थी। बुधवार को बैठक के दौरान असम कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि बैठक में चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई।

न्यूज गैलरी

श्रमिक नेताओं में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

कोरबा/नवप्रदेश। एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना में कार्यरत श्रमिक संगठन हिंद मजदूर सभा और भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। एक पक्ष के आदर्श नगर कुसमुण्डा निवासी व कुसमुण्डा क्षेत्र में जनरल मजदूर केटगरी-1 के पद पर कार्यरत धीरेंद्र कुमार पटेल एसईसीएल के यूनियन एचएमएस में क्षेत्रिय कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर हैं। 16 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे कुसमुण्डा एसईसीएल सभी यूनियनों का काम चल रहा था। इसी दौरान वह पर्ची काट रहा था तभी बीएमएस यूनियन का कोई व्यक्ति गाली-गलौज किया जिसे वह नहीं जानता। जब गाली-गलौज करने से मना किया तो बीएमएस पदाधिकारी अमिया मिश्रा, के.के. तिवारी, पवन सोनी, अर्पित सोनी एक राय होकर उसके पास आकर गाली देते हुए तू बोलने वाला होता कौन है कहकर जमीन पर पटक दिये और हाथ-मुक्का लात-घूंसा से मारपीट किये। के.के. तिवारी ने अपने हाथ में रखे सायकल के चेन से मारपीट किया। धीरेंद्र कुमार पटेल की रिपोर्ट पर अमिया मिश्रा,के.के.तिवारी, पवन सोनी, अर्पित सोनी के विरुद्ध धारा जुर्म दर्ज किया गया है।

आलमारी में रखे सोने-चांदी का जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। विप्रनगर रायपुरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। प्रार्थी संतोष बघेल 42 वर्ष विप्रनगर रायपुरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कपड़ा मार्केट से एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। गेट नंबर 3 कपड़ा मार्केट पंडरी के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी अनिल कुममार नारंग 51 वर्ष नगरी सिहावा धमतरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एम 2326 को पंडरी कपड़ा मार्केट के गेट नंबर 3 के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। गली नंबर 7 तेलीबांधा में एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी लक्की मसीह 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मोबाइल चोर अपचारी बालक गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा यू.बी.एस. चौहान एवं उप पुलिस अधीक्षक कोरबा (मुख्यालय) प्रतीभा मरकाम के मार्गदर्शन में जिले में हो रहे चोरी अवैध कारोबार अवैध शराब गांजा के बिकी एवं अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश एवं अधिक से अधिक कार्यवाही करने समस्त थाना / चौकी प्रभारीयों की निर्देशित किया गया है। इसी कडी में थाना प्रभारी बालको अभिनवकांत सिंह के नेतृत्व में थाना बालको क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने आरोपी के धरपकड हेतु एक टीम तैयार किया गया जो टीम के द्वारा मुखबीर के सूचना पर थाना बालको के अपराध क. 366/24 धारा 303(2) बीएनएस 2023 के प्रकरण में चोरी गये मोबाईल को एक अपचारी बालक के पास होने सूचना पर जाकर उनसे पूछताछ किया गया जो अपचारी बालक के द्वारा तीन लोग मिलकर दुकान से मोबाईल चोरी करना बताये।

नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाला अपचारी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के चौकी मोरगा क्षेत्रांतर्गत अलग अलग दो मामले के प्रार्थी चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज करायें कि उनके नाबालिग लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर अपहरण कर ले गये है । रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध चौकी मोरगा थाना बांगो में पृथक पृथक अपराध कमांक 0/2024 धारा 137 (2), बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी, अतिपु अधीक्षक नेहा वर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कटघोरा पंकज ठाकुर तथा थाना प्रभारी बांगो लक्ष्मण खुंटे को घटना के बारे में अवगत कराया गया।

हड़ताल खत्म कर काम पर लौटे सभी पटवारी : टंकराम

राजस्व मंत्री वर्मा ने पटवारियों की सभी मांगों पर जताई समहति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पटवारियों की हड़ताल गुरुवार को खत्म हो गई है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात के बाद पटवारियों ने गुरुवार से ही काम पर लौटने का फैसला लिया। बताया जा रहा कि पटवारियों की मांग पर बनी सहमति बन गई है। मंत्री टंकराम ने कहा, सभी पटवारी तत्काल काम शुरू करेंगे। पहले भी चर्चा हुई थी लेकिन वो सार्थक नहीं हो पाई थी जिसपर अब सहमति बन गई है । मंत्री वर्मा ने कहा, भुइयां एप मामले में भी चर्चा हुई है पटवारी गलती अपने से नहीं करते हैं इस पर भी सुधार किया जाएगा। वहीं तहसीलदारों के 22 तारीख तक आश्वासन को लेकर मंत्री ने कहा, वो काम पर लौट गए हैं। मांग पर सहमति बनी है, वो काम करेंगे। वहीं पटवारी संघ के प्रांत अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने बताया कि मंत्री से बातचीत हुई है। मांगों पर सहमति बनी है जिसके बाद तूता स्थित धरना स्थल जाकर हमने सभी साथियों से बातचीत की और फिलहाल हड़ताल समाप्त कर रहे हैं।

कोरबा की तीन ठेका कम्पनी ब्लैक लिस्टेड

कोरबा/नवप्रदेश। निर्माण कार्यो के संपादन के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरत कर विकास कार्यो में अवरोध पैदा करने वाली निर्माण एजेंसियों व ठेकेदारों पर नियमों के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई ने 3 निर्माण एजेंसियों पर एक्शन लेते हुए उन्हें क्रमशः 01 वर्ष व 6 माह के लिए निगम की निविदाओं में भाग लेने से प्रतिबंधित करने के साथ-साथ उनके द्वारा जमा की गई अमानत राशि को भी राजसात कर लिया है।

नोटिस पर भी कार्य प्रारंभ नहीं किया

मेसर्स जय माँ दुर्गा कंस्ट्रक्शन जमनीपाली कोरबा द्वारा निगम के वार्ड क्र. 31 सतगुरू कबीर आश्रम के पास रिसदी झगरहा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का ठेका लिया गया था, जिसका कार्य पूर्ण करने की अवधि समाप्त हो चुकी है तथा उनके द्वारा वर्तमान तक केवल 62 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया है, 38 प्रतिशत कार्य अभी भी शेष है, कार्य पूर्ण करने हेतु उन्हें नोटिस दी गई, किन्तु उनके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, परिणाम स्वरूप उक्त निर्माण एजेंसी पर कार्यवाही करते हुए जमा अमानत राशि रातसात करने के साथ-साथ निगम की आगामी निविदाओं में भाग लेने के लिए 01 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिबंधित भी कर दिया गया है। इसी प्रकार मेसर्स जय माँ दुर्गा कंस्ट्रक्शन जमनीपाली कोरबा द्वारा ही वार्ड क्र. 32 डिंगापुर बस्ती के आगे एन.डब्ल्यू.जी.ई.एल. चर्च के कब्रिस्तान के पास शेड एवं अहाता निर्माण कार्य का ठेका भी लिया गया था, जिनके द्वारा आज पर्यन्त कार्य प्रारंभ नहीं किया गया।

अनुबंध कार्यवाही न करने पर एक्शन

ठेकेदार परविंदर सिंह कोरबा द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत वार्ड क्र. 02 अंतर्गत स्टेडियम परिसर में क्वाईल फेंसिंग सहित बाउण्ड्रीवाल निर्माण एवं हाईट एक्सटेंशन संबंधी निर्माण कार्य का ठेका लिया गया था, जिनके द्वारा अनुबंध हेतु निर्धारित तिथि के पश्चात भी अनुबंध की कार्यवाही का संपादन नहीं कराया गया ।

परिणाम स्वरूप आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई ने उक्त कार्य की जमा अमानत राशि को राजसात करते हुए संबंधित ठेकेदार को निगम की निविदाओं में भाग लेने के लिए आगामी 06 माह की अवधि तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

रिश्वतखोरी की आरोपी महिला टीआई को नहीं मिली जमानत

रायपुर/नवप्रदेश। एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा बीस हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार की गई महिला थाना प्रभारी वेदमति दरियो का जमानत आवेदन विशेष न्यायालय ने खारिज कर दिया।

न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला दिया कि केस डायरी के अवलोकन से आर्थिक अपराध होना प्रथम दृष्या दर्शित है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आवेदिका की ओर से प्रस्तुत जमानत आवेदन अस्वीकार कर निरस्त किया जाता है। विशेष न्यायाधीश (भ्र. नि.अधि.) एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी की अदालत में उनकी जमानत आवेदन पर मंगलवार को सुनवाई की गई। आवेदिका की ओर से प्रस्तुत जमानत आवेदन में कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है. आरोपित अपराध में आवेदिका की कोई भूमिका नहीं है।

आवेदिका शासकीय कर्मचारी और छत्तीसगढ़ की स्थायी निवासी है, जिसके फरार होने की संभावना नहीं है। आवेदिका जमानत दिए जाने पर न्यायालय द्वारा अधिरोपित समस्त शर्तों का पालन करने तैयार है. अतः निवेदन है कि जमानत का लाभ प्रदान किया जाए. राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर की ओर से प्रस्तुत विरोध पत्र में उप संचालक अभियोजन मिथलेश वर्मा ने जमानत आवेदन को निरस्त किए जाने का निवेदन किया। तर्क प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रार्थिया प्रीति बंजारे अपने पति और ससुराल पक्ष द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने की शिकायत लेकर महिला थाने पहुंची थी। काउंसलिंग के बाद अपराध पंजीबद्ध करने के लिए पैसे की मांग की गई। एसीबी ने आरोपिया को प्रार्थिया से बीस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। आरोपिया से रिश्वत की रकम गवाहों के समक्ष जब्त की गई है। प्रकरण में गवाहों का कथन लिया जाना शेष है, अभियुक्ता की जमानत होने पर गवाहों को प्रभावित कर सकती है. यह कहते हुए प्रस्तुत जमानत आवेदन निरस्त किए जाने का निवेदन किया गया।

150 चाकूबाजों की पुलिस ने ली परेड

रायपुर/नवप्रदेश। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों के चाकुबाजों, सहित अपराधिक तत्वों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।जिसके तारतम्य में मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के नेतृत्व व समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थानों प्रभारियों द्वारा अपने - अपने थाना क्षेत्रों में निवासरत् 150 से अधिक चाकूबाजों एवं अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड़ ली गई तथा उनको समझाईश दी गई। वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। अभियान कार्यवाही के तहत 08 चाकूबाजों के विरूद्ध आम्र्स एक्ट तथा 40 अपराधिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई।

24 को विधानसभा घेराव, सभी जिलों से कांग्रेसी आएंगे रायपुर

रायपुर/नवप्रदेश। सात माह की भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ अपराधियों का शरणस्थली बनते जा रहा है। कानून व्यवस्था लचर हो गई है। प्रशासन और सत्ता में उचित तालमेल नही होने से अपराध, भ्रष्टाचार पनप रहा है। छोटी-छोटी बच्चियों के साथ लगातार दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। चैन स्नैचिंग, लूटपाट आम बात हो गई है। छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध, बिजली दर में वृद्धि, कटौती, खाद-बीज में कमी जैसे जनहित के मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 24 जुलाई को विधानसभा घेराव का निर्णय किया है।इसकी तैयारी को लेकर बैठक हुई। ज़िला कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक मंगलवार को कांग्रेस भवन में हुई। बैठक प्रभारी महामंत्री सुबोध हरितवाल, लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र यादव, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, महापौर रामशरण यादव, सभापति शेख नजीरुद्दीन शामिल हुए। बैठक को प्रभारी महामंत्री सुबोध हरितवाल संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार को जमकर कोसा। 24 जुलाई को विधानसभा का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, ब्लाक कांग्रेस, नगर निगम पार्षद दल, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, जिला पंचायत सहित सभी मोर्चा संगठनों को जिम्मेदारी दी गई है। लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा ने जिन वादों के साथ सत्ता में आई, उसे पूरा करने में नाकाम रही है। युवाओं के साथ, किसानों के साथ, महिलाओं के साथ भाजपा ने धोखा किया है। महंगाई बढ़ रही है। गरीब लोगों की बिजली बिल हजारों में आ रही है। भूपेश सरकार ने बिजली बिल हाफ कर गरीबो को राहत दी पर भाजपा सरकार जनता को लूटने में लगी है।

भोजपुरी टोल प्लाजा में भोजन की व्यवस्था: सभी कार्यकर्ताओं के लिए भोजपुरी टोल प्लाजा में भोजन की व्यवस्था होगी, जहां से कार्यकर्ता भोजन पैकेट ले सकेंगे।

एसईसीएल के कुसमुंडा खदान में क्रेन पलटी, चालक घायल

कोरबा/नवप्रदेश। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पशिचम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे। आए दिन एक न एक हादसे होते रहते हैं, विगत कुछ दिनों पहले डंपर पलट कर उसमें आग लगने से चालक सहित उसमें सवार दो कोल लिफ्टर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जानकारी के अनुसार जब भी खदान में कोई हादसे हों अधिकारी उसे दबाने के फिराक में रहते हैं। इसी तरह 16 जुलाई को दूसरी पाली (सेकंड शिफ्ट) में क्रेन के पलटने से चालक घायल हो गया, चालक ने बताया कि शाम लगभग 4:30 बजे वह क्रेन को लेकर सहायक के साथ निकला, चढ़ाऊ चढ़ते क्रेन अचानक से बंद हो गया। जिस कारण क्रेन लुढ़कने लगा और पलट गया इंजन बंद होने के कारण ब्रेक भी काम नही किया, क्रेन सर्वे अप हो गया। जिस कारण क्रेन में लाइट, ब्रेक की समस्या है, क्रेन ब्रेक डाउन था, खदान के अधिकतर गाडियों के रखरखाव सही समय में नहीं होने से आए दिन घटनाएं हो रही है।

बताया जा रहा हैं की क्रेन चालक क्रेन पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गया है, उसके सिर में टांके लगे हैं उसका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। भारी भरकम गाड़ियों के सही मेटनेंस नही होने से इस तरह के हादसे बार-बार हो रहे हैं।

देह व्यापार का भंडाफोड़, महिला सहित 5 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के मुजगहन पुलिस ने देह व्यापार संचालित करते एक महिला व चार युवकों को गिरफ्तार किया है। मुजगहन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में चल रहे जिस्मफरोसी का धंधा पर कार्यवाही करते हुए संचालिका एक महिला एवं अन्य आरोपी महेश व्यास 27 वर्ष निवासी गोकुल चंद्रमा मंदिर के पास बूढ़ापारा, तेजेन्दर सिंह 21 वर्ष निवासी शीतला मंदिर में पीछे आमापारा, शिवेन्द्र निषाद 21 वर्ष व डीसी कुमार देवदास 24 वर्ष निवासी ग्राम कन्हेरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3.4.5.7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 के तहत कार्यवाही कर रिमांड हेतु न्यायालय रवाना किया गया है।

सेक्स रैकेट का पुलिस ने किया खुलासा

राजधानी की पुलिस को सूचना मिली थी कि कौशल्या विहार इलाके में देहव्यापार के धंधे में कुछ लोग लिप्त हैं। पुलिस ने इस खबर के पुष्टि होने पर कौशल्या विहार के मिलन चौक के पास एक घर पर छापेमारी की। पुलिस ने पाया कि देहव्यापार को अंजाम देने वाली 4 युवतियां, एक महिला और 4 युवक पहले से मौजूद हैं। पुलिस ने सभी को हिरासत मे ले लिया। बताया जा रहा हैं कि यह पूरी कार्रवाई एसएसपी के निर्देशन पर हुई है।

किसानों से 46 लाख की धोखाधड़ी : गिरफ्तार

मुंगेली-रायपुर/नवप्रदेश। जिले के लालपुर थाना क्षेत्र में किसानों से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. बेमेतरा जिले के ठगों ने कथित तौर पर खुद को व्यापारी बताकर अधिक दाम पर धान खरीदी का झांसा देकर दर्जनभर किसानों के साथ धोखाधड़ी किया है. मुंगेली पुलिस ने मामला दर्ज कर 12 घंटे के भीतर ही एक आरोपी जित्तू साहू को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है. दोनों आरोपी किसानों के गांव जाकर उनसे संपर्क कर धान का अधिक मूल्य देने एवं भविष्य में रकम देने का वादा कर फोन बंद कर फरार हो जाते थे. आज जित्तू साहू पिता खम्महन साहू उम्र 21 वर्ष निवासी नेवसा थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. वहीं एक आरोपी लीलाराम साहू पिता ताराचंद साहू निवासी पछभैया जिला बेमेतरा फरार है, जिसकी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि दोनों ने मिलकर जिले के लगभग 10 किसानों से कुल 46 लाख की धोखाधड़ी की है. इसके अतिरिक्त उपरोक्त आरोपी के विरुद्ध थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज है।

गुरूवाईनडबरी के प्रार्थी यशवंतराज साहू ने लालपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2023 में गर्मी सीजन का धान अच्छा हुआ था. जवाहर साहू, सिद्धलाल साहू, मनीराम साहू, श्रीधर सिंह, हरेन्द्र सिंह, भोले जायसवाल, मुरली चंद्राकर, विष्णु साहू, नंदकुमार साहू, राजेश केसर ये सब ग्राम गुरूवाईनडबरी एवं गंजी बांधा, कोदवाबानी के किसान हैं।

राजस्व मंत्री वर्मा को भारत स्कॉउट एवं गाइड के मुख्य आयुक्त ने सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निवास कार्यालय में आज भारत स्कॉउट एवं गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने सौजन्य भेंट की। डॉ. यादव ने भारत सरकार स्काउट एवं गाइड्स के छत्तीसगढ़ में आयोजित गतिविधियों से अवगत कराते हुए स्काउट गाइड्स झीपन में आबंटित भू-खण्ड के विकास के लिए मंत्री वर्मा को ज्ञापन सौंपा। डॉ. यादव ने मंत्री वर्मा को अवगत कराया कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के निर्माणाधीन राज्य प्रशिक्षण केन्द्र ग्राम झीपन, तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नं. 11, रकबा 13.40 हेक्टयर में से 5 हेक्टयर भूमि को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य प्रशिक्षण केन्द्र हेतु ग्राम पंचायत के सहयोग से शासन द्वारा हस्तांतरित किया गया है।

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर में विषय "विकसित छत्तीसगढ़ः मेरे सपनों का खुशहाल छत्तीसगढ़ पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे यूनिवर्सिटी के विभिन्न संकायों से 50 से अधिक विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया।

यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों द्वारा लिखित निबंधों में से सर्वश्रेष्ठ 03 निबंध का चयन कर उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर भेजा जायेगा जिसमे से राज्य के विभिन्न महाविद्यालय और विश्वविद्यालय से आए निबंधों में से सर्वश्रेष्ट निबंध लेखक विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। निबंध आयोजन का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. सत्यज तिवारी द्वारा किया गया। युनिवेर्सिटी के प्रति कुलाधिपति हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस के सिंह, कुलसचिव सौरभ शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और छात्रों को अग्रिम समय में और भी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर सम्मलित होने को कहा ।

कलेक्ट्रेट आगजनी घटना में शामिल शिक्षक मोहन बंजारे निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। बलौदाबाजार में विगत 10 जून को संयुक्त जिला कार्यालय में हुई आगजनी घटना के अभियुक्त शिक्षक मोहन बंजारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

मोहन बंजारे व्याख्याता (एल.बी.) के रूप में शा.उ.मा. वि गोड़ा विकासखण्ड पलारी में पदस्थ थे। उनके विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध कमांक 381/2024 धारा 147, 148, 149, 294, 506, 186, 353, 332, 307, 435, 120बी, 427 भादवि सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3,4 के अन्तर्गत दिनांक 15 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायिक रिमाण्ड पर लिया गया है।

उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (2) (क) के तहत किया गया है।

निलंबन अवधि में सम्बंधित को नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

कलिंगा विवि का आईईईई द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय विश्व सम्मेलन का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग के अन्तर्गत आईईईई कलिंगा विश्वविद्यालय छात्र शाखा ने 12 से 14 जुलाई 2024 तक कलिंगा विश्वविद्यालय परिसर में डीएसटी-एसईआरबी द्वारा प्रायोजित और आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग द्वारा तकनीकी रूप से सह-प्रायोजित संचार और कंप्यूटिंग पर दूसरे अंतर्राष्ट्रीय विश्व सम्मेलन 2024 का आयोजन किया।

सम्मेलन में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी से संबंधित अत्याधुनिक और उभरते विषयों को लक्षित किया गया। इसने इंटेलिजेंट सिस्टम पर इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन के लिए प्रभावी रणनीतियाँ भी विकसित कीं। इस विश्व सम्मेलन का उद्देश्य शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग जगत के व्यक्तियों और छात्रों को इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में वर्तमान प्रवृत्ति और रणनीतियों के बारे में विचारों, अनुभव और विशेषज्ञता के साथ चर्चा करने और ज्ञान के आदान-प्रदान करने के अवसर प्रदान करना था।

प्रोफेसर जी.एस.तोमर, अध्यक्ष, आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और श्री बाला प्रसाद पेडिगरी, मुख्य नवाचार अधिकारी और वैश्विक प्रमुख - प्रौद्योगिकी सलाहकार सेवाएं, प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और सेवा व्यवसाय समूह, टीसीएस मुख्य वक्ता थे। आयोजन उद्घाटन के दौरान डॉ. आर श्रीधर, कुलपति- कलिंगा विश्वविद्यालय ने नई उन्नत प्रौद्योगिकियों को समझने के लिए इस तरह के सम्मेलनों के आयोजन को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान आईईईई डब्ल्यूसीओएनएफ 2024 के तकनीकी कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. हरीश पाटिल, कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी, कॉर्पोरेट संबंध निदेशक श्री पंकज तिवारी, डीन, विभागाध्यक्ष, कलिंगा विश्वविद्यालय के कर्मचारी और छात्र तथा प्रतिभागी (ऑनलाइन और ऑफलाइन) उपस्थित थे। डॉ. अनु जी पिल्लई, सहायक प्रोफेसर और आईक्यूएसी समन्वयक, कलिंगा विश्वविद्यालय समारोह के संचालिका थी । कलिंगा विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी निदेशक और सम्मेलन की संयोजक डॉ. विजयलक्ष्मी बिरादर ने उद्घाटन के दौरान सम्मेलन के बारे में जानकारी दी।

सुविचार

इंसान नहीं बोलता उसका अच्छा वक्त बोलता है। जिसे सब ध्यान से सुनते हैं और जब वक्त खराब हो तो वो इंसान कितना भी बोले कोई नहीं सुनता। - अज्ञात

यूपी में सियासी उठा पटक के मायने

लोकसभा चुनाव में उत्तरप्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन खराब रहा। इसे लेकर यूपी में अब सियासी उठापटक चल रही है। जिसे लेकर अटकलों का बजार गर्म होने लगा है। जहां तक की आईएनडीआईए में शामिल विभिन्न राजनीतिक पार्टियों ने यह दावा करना शुरू कर दिया है कि उत्तरप्रदेश में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। समाजवादी पार्टी के नेता तो यहां तक अटकलें लगा रहे हैं कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री पद से योगी आदित्यनाथ की छुट्टी हो सकती है। गौरतलब है कि उत्तरप्रदेश में भाजपा को लगे झटके के बाद से लगातार यूपी के चुनाव परिणामों को लेकर मंथन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में उत्तरप्रदेश के भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को दिल्ली तलब किया गया। जहां उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भी लंबी चर्चा की। उन्होंने उत्तरप्रदेश में भाजपा के प्रदर्शन के बारे में विस्तृत ब्यौरा दिया और भाजपा की सीटें कम होने कारण भी बताए। इसके बाद अब भाजपा हाई कमान ने उत्तरप्रदेश की दस विधानसभा सीटों के लिए होने जा रहे उपचुनाव को लेकर नई रणनीति बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फ्री हैंड दे दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री पद से हटाने की आशंका निर्मूल है। भले ही विपक्ष ऐसी अफवाह उड़ाकर भाजपा में असमंजस की स्थिति बनाने का प्रयास कर लें लेकिन सच तो यही है कि योगी आदित्यनाथ पर भाजपा हाई कमान को पूरा भरोसा है। योगी आदित्यनाथ ने अभी से दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर रणनीति बनानी शुरू कर दी है। उन्होंने हर विधानसभा क्षेत्र के लिए तीन तीन मंत्रियों की टीम बना ली है और उन्हें निर्देश दिया है कि वे सप्ताह में दो दिन अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्रों में रूके और भाजपा कार्यकर्ताओं से सतत् संपर्क बनाए रखें। जो भाजपा कार्यकर्ता नाराज हैं उन्हें मनाने की कोशिश करें। जाहिर है योगी आदित्यनाथ इस उपचुनाव में कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते और लोकसभा चुनाव में भाजपा को जो झटका लगा है उसकी भरपाई वे विधानसभा उपचुनाव के नतीजो से करना चाहते हैं। यद्यपि ऐसा करना आसान नहीं होगा। समाजवादी पार्टी का पीडीए फार्मूला जो लोकसभा चुनाव में कारगर सिद्ध हो चुका है। वह विधानसभा के उपचुनाव में भी भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। अलबत्ता यदि इन उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन नहीं रहता और दोनों ही चुनाव समर में अपने प्रत्याशी उतारते हैं तो इसका भाजपा को लाभ मिल सकता है।

अग्निवीरों को छत्तीसगढ़ पुलिस में भी मिले आरक्षण

अग्निवीरों को केन्द्र सरकार ने एसएफ, बीएसएफ और सीआईएसएफ जैसे केन्द्रीय सुरक्षाबलों में दस प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया था । जिसका व्यापक स्तर पर स्वागत हुआ था। हमने भी 13 जुलाई के अंक में इसी स्थान पर अग्निवीरों को आरक्षण देने का फैसला स्वागतेय शीर्षक से अपनी टिप्पणी में इसका स्वागत करते हुए यह सुझाव दिया था कि केन्द्र सरकार के निर्णय का अनुसरण करते हुए राज्यों में भी पुलिस भर्ती में अग्निवीरों को आरक्षण दिया जाना चाहिए। इसके लिए हमने केन्द्र सरकार से इस बारे में एक केन्द्रीय कानून बनाने की भी अपेक्षा व्यक्त की थी। बहरहाल केन्द्र सरकार ने अभी ऐसा कुछ नहीं किया है। लेकिन हरियाणा सरकार ने पुलिस भर्ती में अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा कर दी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि उनकी सरकार पुलिस महकमें में अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है। निश्चित रूप से हरियाणा सरकार का यह निर्णय न सिर्फ स्वागत योग्य है बल्कि देश के अन्य भाजपा शासित राज्यों के लिए अनुकरणीय भी है। इन सभी राज्यों में अग्निवीरों को पुलिस विभाग में दस प्रतिशत आरक्षण देना ही चाहिए हरियाणा की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी अग्निवीरों के लिए आरक्षण की व्यवस्था लागू करनी चाहिए। उम्मीद है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा जो उपमुख्यमंत्री भी हैं। वे जल्द से जल्द छत्तीसगढ़ पुलिस में भी अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण देने का ऐलान करेंगे। न सिर्फ पुलिस विभाग में बल्कि वन विभाग में भी फारेस्ट गार्ड की भर्ती में अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण देने चाहिए। इसी तरह जेल विभाग और आबकारी विभाग में भी अग्निवीरों को आरक्षण देने का प्रावधान किया जा सकता है। यदि हरियाणा की तरह ही छत्तीसगढ़ सरकार भी ऐसा कदम उठाती है तो देश के अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी अग्निवीरों के आरक्षण का रास्ता खुल जाएगा। वैसे तो होना यह चाहिए कि केन्द्र सरकार ही ऐसा कोई कानून बनाए जो देश के सभी राज्यों के लिए बाध्यकारी हो। देश के सभी प्रदेशों में अग्निवीरों को कम से कम पुलिस विभाग में तो दस प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया ही जाना चाहिए। यह केन्द्र सरकार के कानून बनाने से ही संभव होगा। क्योंकि विपक्षी पार्टियां तो अग्निवीर योजना के खिलाफ है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो लोकसभा में ही अपने उद्बोधन के दौरान यह ऐलान कर दिया था कि यदि आईएनडीआईए की सरकार बनती है तो अग्निवीर योजना को खत्म कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में गैर भाजपा शासित राज्यों में अग्निवीरों को आरक्षण तभी मिलेगा जब इस बारे में केन्द्र सरकार कानून बनाएगी।

सरकार से बड़ा है संगठन

अर्चना बेन त्रिवेदी

बात सही है संगठन सरकार से बड़ा है और आगे भी रहेगा लेकिन किसी एक व्यक्ति विशेष के लिए नहीं। यह नियम सभी के लिए लागू होना चाहिए संपूर्ण देश के नेताओं के लिए लागू होना चाहिए। आज संगठन और संगठन के कार्यकर्ता क्या चाहते है? किसको चाहते है? इसके बारे में कोई नहीं बोल रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का कार्यकाल समाप्त हो चुका है उसके बाद भी मनमाने ढंग से संगठनात्मक नियुक्तियां धड़ल्ले की जा रही है लेकिन उसके बारे में भी कोई नहीं बोल रहा है। ऐसी स्थिति में अगर कोई कहे कि सरकार से संगठन बड़ा होता है तो कैसे माने ? जब संगठन और कार्यकर्ताओं की सहमति से ही सारी नियुक्ति होगी तभी तो मानेंगे सरकार से संगठन बड़ा होता है।

यह बात आज की नहीं है यह हमेशा से ही रहा है कि सरकार किसी भी पार्टी की हो लेकिन सरकार को लाने में संगठन की ही शक्ति लगी रहती है। बिना संगठन के कोई भी अकेला व्यक्ति सरकार में नहीं आ सकता, हमेशा सरकार से संगठन बड़ा रहता है। सरकार अस्थाई होती है लेकिन संगठन स्थाई रहता है और जिस संगठन के कार्यकर्ता जितना अधिक संगठन के प्रति निष्ठावान और कर्तव्य का पालन करने वाले होते हैं वह संगठन उतना ही मजबूत और लंबे समय तक टिकने वाला होता है । कार्यकर्ता ही संगठन की रीड होते हैं, कार्यकर्ता के खून पसीने से संगठन खड़ा होता है । आज के समय में भाजपा से अच्छा और मजबूत संगठन शायद ही किसी भी पार्टी में होगा। बहुत बड़ी संख्या में भाजपा के लिए पूर्ण समर्पित कार्यकर्त्ता है जो हमेशा केवल और केवल संगठन के लिए ही अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर चुके हैं और आज भी संगठन के लिए समर्पित है ।

उत्तर प्रदेश से लोकसभा की थोड़ी सीटें कम क्या हो गई केशव प्रसाद मौर्य को संगठन की याद आ गई । उन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए तो कह दिया कि संगठन सरकार से बड़ा होता है लेकिन क्या यह बात पूरे देश के लिए लागू नही होती ? अब आशा करता हूं कि कोई नेता देश की सरकार को भी आईना दिखाएं और कहे कि संगठन सरकार से बड़ा होता है । दूसरों के कंधों पर बंदूक रखकर तो कोई भी चला सकता है लेकिन वास्तविकता में संगठन की रक्षा के लिए बोलने वालों की कमी रहती है । आज भाजपा में संगठन से सरकार बड़ी हो गई है आज संगठन से पूछे बिना सभी नेता अपनी अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर लिख देते हैं कि मैं भी मोदी का परिवार, मोदी है तो मुमकिन है, हर नेताओं के भाषण की शुरुआत मोदी के नाम से शुरू होती थी तब किसी ने नहीं कहा संगठन

सरकार से बड़ा होता है। जब संगठन ने अपना काम थोड़ा धीमा किया तो आज सबको संगठन की याद आने लगी है, कार्यकर्ताओं की याद आने लगी । आज से पहले कभी किसी नेता के मुंह से यह नहीं सुना कि भाजपा की सरकार चल रही है । सबका कहना यही था अबकी बार मोदी सरकार, मोदी की वजह से ही पार्टी जीत रही है, मोदी है तो मुमकिन है आदि नारे ही सुनने को मिलते थे।तो फिर आज हार के जिम्मेदार योगी कैसे हो गए? नेताओं ने तो अपनी गाड़ी के ऊपर झंडे ऊपर से कमल का फूल हटाकर मोदी की फोटो लगा ली थी। अब वही नेता आज पाठ पढ़ाने में लगे हैं कि संगठन सरकार से बड़ा होता है। जब योगी आदित्यनाथ का नाम प्रधानमंत्री की रेस में सबसे आगे आने लगा है ऐसी स्थिति में सभी योगी को दबाने में लगे है। उत्तर प्रदेश में हार की जिम्मेदारी योगी के सिर पर ही डालना चाहते हैं । इसलिए अब कहने लगे हैं कि सरकार से संगठन बड़ा होता है। सभी नेताओं को यह भ्रम निकाल देना चाहिए कि उनके बिना संगठन नहीं चलेगा । क्योंकि ऐसे कई नाम है जो अपने आपको संगठन से बड़ा समझने लगे थे और उनका आज क्या हाल हो गया है आप देख सकते हैं ।

कल्याण सिंह, उमा भारती, शंकर सिंह वाघेला, केशु भाई पटेल जैसे अनेक नेता हैं जो जैसे ही संगठन से हटे वैसे ही या तो समाप्त हो गए या फिर दोबारा संगठन में वापसी कर ली । बात सही है संगठन सरकार से बड़ा है और आगे भी रहेगा लेकिन किसी एक व्यक्ति विशेष के लिए नहीं । यह नियम सभी के लिए लागू होना चाहिए संपूर्ण देश के नेताओं के लिए लागू होना चाहिए । आज संगठन और संगठन के कार्यकर्ता क्या चाहते हैं? किसको चाहते हैं? इसके बारे में कोई नहीं बोल रहा है । राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का कार्यकाल समाप्त हो चुका है उसके बाद भी मनमाने ढंग से संगठनात्मक नियुक्तियां धड़ल्ले की जा रही है लेकिन उसके बारे में भी कोई नहीं बोल रहा है । ऐसी स्थिति में अगर कोई कहे कि सरकार से संगठन बड़ा होता है तो कैसे माने ? जब संगठन और कार्यकर्ताओं की सहमति से ही सारी नियुक्ति होगी तभी तो मानेंगे सरकार से संगठन बड़ा होता है।

बालिकाओं, स्त्रियों का शिक्षा विहीन जीवन शोषण का शिकार

संजीव ठाकुर

देश की महिलाओं, स्त्रियों और बालिकाओं के सक्षम एवं सफल जीवन के लिए एक दीर्घकालिक योजना पर अमल किया जाना चाहिए। स्त्रियों के शोषण, अत्याचार के विरुद्ध पंचवर्षीय योजना की तरह शिक्षा, साक्षरता एवं ज्ञान की वृद्धि के लिए विशेष तौर पर महिलाओं तथा बच्चों के लिए एक विशेष अभियान चलाने की गंभीर आवश्यकता है।

बालिकाएं स्त्रियां पढेंगी तभी इतिहास रचेंगी और देश को सशक्त बनाने का प्रयास करेंगीं। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है। भारत की जनसंख्या में पुरुषों के साथ-साथ की स्त्रियों तथा बच्चों की भी जनसंख्या भी बहुत ज्यादा है। देश में स्त्री शोषण की विविधता और धार्मिक कट्टरता को देखते हुए नारियों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष तौर पर स्त्री तथा बच्चों को बुनियादी शिक्षा तथा साक्षरता की महती आवश्यकता देश में महसूस की जा रही है। स्त्रियां अपने परिवार ,घर और समाज की देखरेख करती हैं अतः उनका शिक्षित होना बहुत ज्यादा आवश्यक भी है, बच्चे देश का भविष्य है अतः उनका शिक्षित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी भी देश के एक सफल नागरिक को होना चाहिए। स्त्री और शिक्षित होंगी तो स्वयं और अपने परिवार को अच्छे बुरे और असामाजिक घटनाओं से सचेत रहने की शिक्षा भी दे सकती हैं जिससे एक सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक आंदोलन की महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि को तैयार किया जा सकता है। भारत में चाहे विकास की बात हो, सार्वभौमिकता की बात हो,सत्य, अहिंसा की

बात हो या बात करोना संक्रमण से बचने की हो,हमें शिक्षा एवं व्यापक साक्षरता की महती आवश्यकता हैद्य जिस तरह जल के बिना जीवन नहीं होता है,उसी तरह साक्षरता और शिक्षा के बगैर मनुष्य का जीवन निरर्थक हैद्य अशिक्षित आदमी ना तो अपने परिवार ना ही समाज के लिए उपयोगी हो सकता हैद्य इसके लिए सबसे पहले हमें स्त्रियों की शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को समझना होगाद्य शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं। शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है। जिसके अंतर्गत पढ़ना,लिखना, समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक हैद्य साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता हैद्य साक्षरता सदैव रोजगार मूलक तथ्यों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता हैद्य शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती हैद्य ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा हैद्य सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1763 ब्रिटिश सेना ने बंगाल के शासक मीर कासिम को पश्चिम बंगाल के कटवा क्षेत्र में पराजित किया। 1827: भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत मंगल पांडे का जन?म। 1848: न्यूयॉर्क के सिनिका फॉल्स में पहले महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन। 1870: फ्रांस ने प्रशिया के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1900: फ्रांस की राजधानी पैरिस में पहली मेट्रो रेल चली। दुनिया की पहली मेट्रो सेवा लंदन में शुरू हो चुकी थी। 1940: अडॉल्फ हिटलर ने ग्रेट ब्रिटेन को आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। 1969: अपोलो द्वितीय के अंतरिक्ष यात्री नील आर्म स्ट्रान्ग और बज ऑल्ड्रिन ने यान से बाहर निकलकर चंद्रमा की कक्षा में चहलकदमी की। 1969: भारत सरकार ने देश के चौदह बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। 1974: क्रांतिकारी उधम सिंह की अस्थियों को लंदन से नई दिल्ली लाया गया। 1976: नेपाल में सागरमाथा पार्क बनाया गया। 2001: नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया। 2001: ताश, लिपस्टिक, नाखून पालिश और शतरंज सहित 30 वस्तुओं का आयात अफ़ग़ानिस्तान में प्रतिबंधित। 2003: रूस के अंतरिक्ष यात्री यूरी माले थान्को अंतरिक्ष में शादी रचाने वाले पहले व्यक्ति बने।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

फूल खिल कर नए मुस्कराने

फूल खिल कर नए मुस्कराने लगे। स्वप्न के दीप से , जगमगाने लगे। रात में रातरानी , महकने लगीं मस्त पुरवा हवाऐं बहकने लगीं जब चहकने लगीं डाल पर बुलबुलें गीत हम प्यार के , गुनगुनाने लगे ।

– **कवि अजय सिंह भदोरिया**

महाकाल की भूमि पर

महाकाल की भूमि पर,हुआ खूब सत्कार। याद रहेगा आपका, माननीय ये प्यार ।। कृतियाँ पाई छंद की, मिला खूब मिष्ठान । किया हृदय से आपने,मन भावन सम्मान ।। आया लेखन में बहुत,मेरे गजब निखार। दोहालय से आपका ,पाया ज्ञान अपार ।। मिला जरा सी देर पर, मिला आपका संग । मिला सीखने ज्ञान का, उसमें भी बहु रंग ।।

- **रमेश शर्मा वशिष्ट**

खास पाती | उलझने बुनते रहे वक्त की सलाइयो पर

उलझने बुनते रहे वक्त की सलाइयो पर देखते रहे उकरते चित्र भी कुछ सांसे पाने को प्रेम के गोलों से कर्तव्य के फंदे डाल सलाई दर सलाई बुनते रहे संभाल लंबाई बढ़ाने को धैर्य की उंगलियों ने उकेरे चित्र स्नेहिल आंखों से हो रहे दूर फिर भी साहिल बैठे सुस्ताने को आजमाने को स्वेटर ने अनुबंध कर दिए गर्माहट से अपनत्व की सुई से सी लिए कसावट से सबको पहनाने को समय की पदचाप ने जिंदगी बेरंग की मौन ने चुपचाप ही आज खुद से जंग की थोड़ा समझाने को – **रजनी रामदेव**

मेरा एकांत कमरे में छाये सन्नाटे का हिसाब

मेरा एकांत कमरे में छाये सन्नाटे का हिसाब जब लगाता हैं तब इतिहास अपने पन्नें खोलकर मेरे समक्ष आ बैठता हैं पर मेरी जिद्द होती हैं वर्तमान के लोहे सम कवच से मैं ढक दूं उसके पन्नें और घास पर बैठी ओस की बूँदे भर लाऊँ अपनी अँजुरी में , सींच दूँ फिर से एक और नींव भविष्य की तभी उस कमरे के सन्नाटे को चीर जाती हैं दीवार पर लगी घड़ी संकेत देती हैं प्रहर के गुजर जाने का। – **सरिता सैल**

काव्य कहानी एकांकी नाटक की भरमार

काव्य कहानी एकांकी नाटक की भरमार फेसबुक व्हाट्सऐप ट्विटर देखो, बाँध दिया संसार बुड्ढे और युवा को देखो, आँखों में नाचे प्यार पहले मक्का बजरी खाते , मोट अनाज भरमार सौ -सौ साल उमर कम पड़ती , आभूषित शृंगार कभी बुखार जो सपने होता , चिरैता ल तैयार

– **राजकिशोर मिश्र राज**

यादों के कैनवास पर अक्सर चले आते हो

यादों के कैनवास पर अक्सर चले आते हो तुम बिना किसी आवाहन के ऐसा भी कोई करता है क्या !! नहीं मानते हो मेरा विरोधजो चाहती हैं तुम्हें धकेल देना दूर कहीं जैसे तुमने धकेल दिया था मुझे अपने जीवन से उफ़्फ़्फ़्फ़्फ़्फ़कितने बेरहम थे उस वक्त तुम नहीं दिखी थी तुम्हें मेरी निरीह पुकार नहीं देख पाए थे तुम मेरे उर में प्यार नहीं किया था सम्मान तुमने मेरी भावनाओं का -- अब जब तुम बिन जीवन बिताने की आदत डाल रही हूँ --- क्यों करते हो मुझे अक्सर बिचलित और चमकने लगते हो अक्सर चटक रंगों में यादों के कैनवास में !! ये कैनवास मुझे ले जाता है दूर कहीं अतीत में और बिचलित कर जाता है मेरा वर्तमान बताओ फिर कैसे करूँ यादों के कैनवास पर अभिमान ! – **सीमा राय**

ऐबनारस! मुझे बस इतना बता दे कि मुझमें

ऐबनारस! मुझे बस इतना बता दे कि मुझमें तू है कि नहीं... ऐ बनारस! तेरी जुस्तजू सदियों से है, कि तू ज़िंदा रहे मुझमें मेरी आखिरी साँसों तक, ऐ बनारस! तेरी खुशबू फूलों सी है, तू बिखर जाए मुझमें समा जाए मेरी रूह में, साँस लूँ तो खुशबू तेरी ही आए, ऐबनारस! जब आखिरी साँस मैं लूँ तेरी मिट्टी मुझसे लिपट जाये....गंगा तू समा लेना मुझको खुद में बाद मरने के ये रूह सबनारस हो जाये... – **शिल्पी अग्रवाल**

घोर हास्यास्पद जीवन है हम शालीनता

घोर हास्यास्पद जीवन है हम शालीनता से गम्भीरता का लबादा ओढ़े बैठे है आज जिस भय से हम डरे जा रहें वह तो विचार करने योग्य भी नहीं है । आज के भय कल पुराने होंगे कल को नये भय जन्म लेंगे फिर एक दिन जब चेतना जाग्रत होगी हम ठहाके लगाकर हँस रहें होंगे जिस भय से हम मात खा रहे थे वह तो चींटी के पग से भी छोटा है । – **राजीव वर्मा**

प्रेरक प्रसंग

भावशाली भाषण के लिए भाव चाहिए

आज वह शुभ घड़ी आ पहुँची। स्वामी विवेकानन्द देश-विदेश के प्रतिनिधियों के साथ मंच पर विराजमान हैं। हर धर्म के प्रतिनिधि को कुछ मिनटों में अपना परिचय देना है। एक-एक कर प्रतिनिधि उठते हैं, अपना परिचय देते हैं, बैठ जाते हैं, विवेकानन्द भी उठे और प्रथम शब्द उनके मुख से निकला- 'प्रिय, अमरीका के भाइयो एवं बहनो!' जैसे ही ये शब्द इनके मुख से निकले सभाकक्ष तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। कुछ लोग खड़े होकर इनका अभिनन्दन करने लगे। तालियों का स्वर बढ़ता ही जा रहा था। इसका शाश्वत संदेश है- दूसरों को समझो, ग्रहण करो, दूसरों की भावनाओं का आदर करना सीखो। हिन्दू को न बौद्ध बनने की आवश्यकता है, न बौद्ध बौद्ध को ईसाई, सभी धर्म अपनी जगह ठीक हैं। एक-दूसरे को जानने समझने की आवश्यकता है' उन्होंने अन्तिम शब्द कहे, भाइयों और बहनों' का पावन सम्बोधन अमरीका वासियों की हृदय को छू गया। दूसरे दिन समस्त अखबारों के मुख्य पृष्ठ पर स्वामी विवेकानन्द का ही चित्र छपा था।

QUIZ TIME

1) स्टील को कठोरता प्रदान करने के लिए क्या मिलाया जाता है?

2) हाल ही में कहाँ सात दिवसीय बहुभाषी लघु कथा महोत्सव शुरू हुआ है?

3) गाँधीजी ने किस प्रस्ताव को आगे की तिथि का चेक है, जिसका बैंक नष्ट होने वाला है कहा था?

4) भारत की एकमात्र अन्तर्वाही नदी का नाम क्या है?

5) 20वीं सदी का कौन-सी पेंटिंग 61.8 करोड़ रूपये में बिकी। यह अब तक की सबसे महंगी भारतीय कलाकृति बन गई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) क्रोमियम (2) जम्मू (3) क्रिप्स प्रस्ताव (4) लूनी (5) द स्टोरी टेलर

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिढ़ा, बदमिजाज 11. प्रताप, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, फादर, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. माता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाप, करती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 120 का हल

पं	कि	■	स्वा	द	■	स	ब	ब
जा	■	सु	हा	ना	■	■	ली	द
ब	हु	धा	■	द	ल	ना	■	ल
■	■	क	मा	न	■	ग	ह	ना
भं	व	र	■	■	■	वा	म	■
गी	त	■	म	ज	बू	र	■	ट
■	न	म	स्का	र	■	■	■	र
■	■	यों	■	■	बी	■	ना	का
सं	वि	दा	■	ब	स	च	ल	ना

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:53, सूर्यास्तः 19:13, चन्द्रोदय : 16:38, चन्द्रास्त : 27:19, अयन : दक्षिणायन, ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सरः क्रोधी, संवत्सरः (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द : (कलि संवत) 5126, मास : आषाढ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : मूल, योग : ऐन्द्र, प्रथम करणः बव (08:59 तक), द्वितीय करण : बालव (20:44 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्यः मिथुन, चंद्र : धनु (27:24 से), मंगल : वृष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कर्क (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:06 से 12:59,राहुकाल : 10:30 से 12:00, यमगण्ड : 05:53 से 07:33, दुर्मुहूर्त : 10:20 से 11:13, अमृत काल : 18:33 से 20:09, रवि योग : 27:25 से 29:28, विजय मुहूर्त : 14:41 से 15:37,गोधूलि मुहूर्त : 19:17 से 19:38, सायाह्न सन्ध्या : 19:18 से 20:19, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:44, राहुवास : दक्षिण, होमाहुति : शनि (27:25 से चन्द्र), दिशाशूल : दक्षिण, नक्षत्र शूल : पूर्व (27:25 तक)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आप के लिए मिश्रित फलदायी रहेगा। आज परिवार की किसी स्त्री अथवा बुजुर्ग की सेहत बिगड़ने से दौड़-धुप करनी पड़ेगी।

वृषः आज का दिन वृद्धिकारक रहेगा आज घर अथवा बाहर किसी को प्रसन्न रखने के लिये अनचाहे खर्च करने पड़ेंगे लेकिन इनसे मानसिक शांति ही मिलेगी।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। कुछ दिनों से चल रही कठिन परिस्थिति धीरे धीरे अनुकूल होने लगेगी।

कर्कः आज के दिन का उत्तरार्ध आपके लिए शुभ फलदायी रहेगा। दिन के प्रथम भाग में आज भी छूट पुट गरमा गरमी का सामना करना पड़ेगो।

सिंहः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पहले भाग में सेहत सम्बंधित परेशानियां रहने से बैचनी एवं मानसिक नकारात्मकता हावी रहेगी।

कन्याः आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। आज दिन के मध्यान तक मनोरनजन के अवसर कम ही गवाएंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिये लाभदायी रहेगा। व्यवसायियों को आज विभिन क्षेत्र से आर्थिक लाभ की संभावना है लेकिन इसके लिये आज अधिक सतर्क रहना पड़ेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए शुभफलदायी रहेगा। आज सेहत सामान्य रहेगी। आज नौकरी व्यवसाय में भी आशानुकूल सफलता मिलने से आर्थिक समस्याएं सुलझेंगी।

धनुः आज का दिन आपको मिला-जुला फल प्रदान करेगा। आज धन जमा करने की कितनी भी कोशिश करें।

मकरः आज का दिन भी आपके लिए लाभदायी रहेगा।

कुंभः आज का दिन आपके लिये कार्य सफलता वाला रहेगा। वैसे तो आप आज व्यवहारिक ही रहेंगे।

मीनः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आप धर्म कर्म में आस्था तो रहेगी ।

न्यूज गैलरी

सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग के लिए आवेदन 5 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजीव युवा उत्थान योजना के तहत् संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु ऑनलाईन आवेदन 5 अगस्त तक आमंत्रित किए गए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग युवाओं को कोचिंग दिया जाएगा। अभ्यर्थी की आयु 01 अगस्त 2024 की स्थिति में न्यूनतम 20 वर्ष तथा अधिकतम 30 वर्ष एवं मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों के लिए आय सीमा का कोई बंधन नहीं है। अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों के पालकों की कुल वार्षिक आय क्रीमीलेयर के लिए निर्धारित आय सीमा तक होगी। उक्त योजना से संबंधित समस्त नियम एवं निर्देश की जानकारी एवं आवेदन पत्र (ऑनलाईन) विभाग की वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in अथवा https://hmstribal.cg.nic.in से अवलोकन एवं डाऊनलोड कर सकते हैं।

आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती, आवेदन 5 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। वार्ड क्रमांक 19 में आंगनबाड़ी सहायिका के पद हेतु आवेदन मंगाए गए हैं। इच्छुक आवेदिका 5 अगस्त तक आवेदन कर सकती है। आवेदन कार्यालयीन दिवस में बंद लिफाफे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किए जाते है। रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी एवं निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दिया गया है।

सीयू में मां के नाम छात्रों ने लगाए 200 छायादार पौधे

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के वानिकी विभाग व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगभग 200 पौधे छात्रों ने लगाए। पौधों की रक्षा करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि अभिनव कुमार, पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष अक्षय अल्करी, सीयू के प्रभारी कुलपति एके सक्सेना, कुलसचिव एएस रणदिवे ने रहे। छात्रों ने अपनी माता के लिए स्लोगन एवं एक पटल पर माता का नाम लिखकर चिह्नांकित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक वानिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय कुमार सिंह व जंगल तक के संस्थापक रोशन खमारी रहे। इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रों. एससी तिवारी, विभागाध्यक्ष केके चंद्रा, प्रो. एसएस धुरिया, डॉ. गरिमा तिवारी, डॉ. गुंजन पाटिल, डॉ. भावना दीक्षित, डॉ. ब्रिजेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. अतुल भारद्वाज, डॉ. चंद्रेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

मुर्गीपालन कर संवारी जिंदगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन से जिले के कई गांवों में ग्रामीणों की जिंदगी बदल रही है। मनरेगा के अंतर्गत पंचायत स्तर पर मुर्गी पालन शेड निर्माण जैसे कई कार्य किये जा रहे हैं। इन कार्यों से ग्रामीणों को रोजगार मिलने के साथ ही उनके जीवन स्तर में काफी सुधार आ रहा है और उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रहीं है। मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत जुनवानी निवासी भरत लाल टंडन रोजगार के आभाव में पलायन करना पड़ता था। आजीविका चलाने के लिए अपने घर से दूर रहना उनकी मजबूरी बन चुकी थीं। उनके पास स्वयं का रोजगार या व्यवसाय नहीं था। गांव में रोजगार सहायक द्वारा उन्हे मनरेगा के तहत कराये जा रहे कार्यो की जानकारी उन्हें मिली। 81 लाख रूपए की लागत से मुर्गी पालन शेड निमार्ण कार्य स्वीकृत होने पर मनरेगा के जॉब कार्डधारी श्रमिकों से कार्य पूर्ण कराया गया। कार्य स्वीकृति से मनरेगा श्रमिकों को रोजगार भी मिला। मुर्गी पालन शेड निर्माण हितग्राही एवं मनरेगा श्रमिकों द्वारा पूरा किया गया। इस कार्य में 46 मानव दिवस सृजित किया गया। काम के पूरा होने से अब भरत लाल मुर्गी पालन कर रहें है। श्री टंडन ने बताया की उन्हें मुर्गीपालन में एक वर्ष में 80 हजार रूपए का मुनाफा हुआ है। शेड बन जाने के बाद श्री टंडन को अपनी आजीविका चलाने में बड़ी राहत मिली है, जिससे उनकी आय में भी इजाफा हो रहा है। उन्हें अपने परिवार की अजीविका चलाने में अब कोई परेशानी नहीं हो रहीं है। श्री टंडन ने शासन को धन्यवाद देते हुए आभार जताया। इस योजना की जानकारी अपने आसपास के लोगों को भी दे कर उन्हें भी प्रेरित कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में कांवर पर मरीज, हाईकोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी से मांगा जवाब

मलेरिया-डायरिया से अब तक 11 मौतें, दो सगे भाइयों ने दम तोड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में मलेरिया से हो रही मौतों को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट गंभीर है। हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सेवाओं में अव्यवस्था को जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है। इस मामले में चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी से जवाब मांगा है। कोटा ब्लॉक में मरीज को कांवड़ से ढोने की खबर पर भी कोर्ट ने संज्ञान लिया है। दरअसल, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा संभाग में मलेरिया और डायरिया से अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। बुधवार को बिलासपुर में मलेरिया से दो सगे भाइयों की जान चली गई। 5 दिन पहले तेज बुखार आने के बाद दोनों को टेंगनमाड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। बुधवार की सुबह पहले बड़े भाई इरफान की मौत हुई। इसके बाद शाम को कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में छोटे भाई इमरान की मौत हो गई। दोनों मलेरिया पॉजिटिव थे। मामला कोटा ब्लॉक के करवा का है। दोनों सगे भाई इमरान (14 वर्ष) और इरफान (15 वर्ष) को शुक्रवार को तेज बुखार आ गया था। ऐसे में परिवार उन्हें टेंगनमाड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर गया। टेंगनमाड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र में आम बीमारी की बात कहते हुए डॉक्टरों ने दवा देकर घर भेज दिया। दो दिन तक दवा खाने के बाद भी बुखार कम नहीं हुआ और दर्द भी होने लगा। इसके बाद पिता दोनों को लेकर झोलाछाप डॉक्टर के पास गए। यहां भी कुछ फायदा नहीं हुआ। बुधवार सुबह दोनों भाइयों की हालत और भी गंभीर हो गई। बच्चों के पिता जब्बर अली ने फिर झोलाछाप डॉक्टर से संपर्क किया। घर पहुंचकर डॉक्टर ने बच्चों की हालत को देखते हुए स्लाइन चढ़ाने के साथ ही इंजेक्शन लगाया। लेकिन सुबह साढ़े दस बजे बड़े भाई इरफान की मौत हो गई। इससे घर वाले सकते में आ गए और आनन-फानन में छोटे बेटे इमरान को कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां शाम साढ़े चार बजे उसने भी दम तोड़ दिया। इससे पहले मलेरिया की आशंका को लेकर मलेरिया किट से जांच की गई था। इसमें दोनों मलेरिया पॉजिटिव पाए गए। इस मामले में सीएमएचओ का कहना है कि जांच के बाद ही मौत की वजह बता पाना संभव है। दोनों बच्चों की मौत के बाद पिता जब्बर अली ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

उनका आरोप है कि टेंगनमाड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र और कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने सही इलाज नहीं किया। उन्होंने कोटा क्षेत्र के मलेरिया को लेकर संवेदनशील होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। इसे लेकर जब्बर अली कोटा थाना भी पहुंचे। यहां भी उनकी बात नहीं सुनी गई। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है कि दोनों बच्चों के शव का पीएम कराया गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद झोला छाप डॉक्टर पर कार्रवाई की जाएगी।बताया जा रहा है कि बिलासपुर जिले में मलेरिया के 3 और नए मरीज सामने आए हैं। वहीं, एक दिन पहले ही कोटा क्षेत्र में मलेरिया के 5 मरीजों की पुष्टि हुई थी। इसके बाद जिले में मलेरिया संक्रमितों की संख्या 8 हो गई है। इनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनका इलाज सिम्स अस्पताल में चल रहा है। मलेरिया से पीड़ित सभी मरीज कोटा क्षेत्र के हैं। डॉक्टर प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग कैंप लगाकर मलेरिया की जांच कर रहा है।

1 साल से नदारद पटवारी बर्खास्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ पटवारी राजेश सिंह बीते 1 साल से ड्यूटी पर नहीं आ रहा है। शुरुआत में जब उसने छुट्टी ली थी, तब स्वास्थ्यगत कारण बताया था। बिना किसी सूचना के नौकरी से नदारद रहने वाले पटवारी को तखतपुर एसडीएम ने बर्खास्त कर दिया गया है। मंगलवार को टीएल की मीटिंग में कलेक्टर अवनीश शरण से विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुखों से बिना सूचना के ड्यूटी से नदारद रहने वाले कर्मचारियों के संबंध में पूछा था, साथ ही सूची पेश करने का निर्देश भी दिए थे। कलेक्टर की कड़ाई का असर यह हुआ कि उनके आदेश के 24 घंटे के भीतर ही तखतपुर एसडीएम ने एक पटवारी के खिलाफ बर्खास्तगी आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने सरकारी दफ्तरों में ड्यूटी से लगातार गायब रहने वाले कर्मचारी, अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, जिस पर अमल शुरू हो गया है। तखतपुर के एसडीएम (राजस्व) ने पटवारी राजेश सिंह को चार अगस्त 2013 से अस्वस्थ होने का कारण बताकर कार्यालय में उपस्थित नहीं होने पर सिविल सेवा नियम के अंतर्गत सेवा से पृथक करने का आदेश जारी कर दिया है। मंगलवार को टीएल बैठक में कलेक्टर अवनीश शरण ने सरकारी दफ्तरों में लंबे समय से नदारद रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सात विभागों के 25 कर्मचारी लंबे समय से अनुपस्थित-समीक्षा के दौरान सात विभागों के 25 कर्मचारियों के लंबे समय से ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होने की जानकारी सामने आई थी।

जेलबंदियों को कलेक्टर दर पर दिया जाए पारिश्रमिक

हाईकोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी किया

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर द्वारा प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों को समुचित पारिश्रमिक दिये जाने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर बिलासपुर हाईकोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट ने राज्य शासन को दो सप्ताह के भीतर जवाब देने का समय निर्धारित किया है। पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर ने अपने अधिवक्ता संजय कुमार अग्रवाल के माध्यम से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों को उनके कार्य के अनुसार प्रतिदिन 60 से 75 रुपये तक का पारिश्रमिक दिया जाता है, जो वर्तमान समय में पर्याप्त नहीं है। वर्षों से यही पारिश्रमिक दर लागू है, जो अब बंदियों की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम नहीं है।

याचिका में यह भी कहा गया है कि बंदियों को कलेक्टर दर के अनुसार मेहनताना दिया जाना चाहिए, ताकि वे अपनी सजा पूरी करने के बाद एक बेहतर जीवन जी सकें। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में हुई, जिसमें राज्य शासन की ओर से विधिवत जवाब पेश नहीं किया जा सका। इस पर हाई कोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी करते हुए जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है।यह मामला लंबे समय से सुनवाई में है और हाईकोर्ट के इस निर्देश के बाद उम्मीद की जा रही है कि राज्य शासन इस मामले में जल्द से जल्द जवाब पेश करेगा। जनहित याचिका का यह मामला बंदियों के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें उचित पारिश्रमिक दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस खबर के बाद यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि राज्य शासन किस प्रकार से इस मामले में अपना पक्ष रखता है और जेल बंदियों के पारिश्रमिक में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

वार्डों की परिसीमन पर राजनीति

कांग्रेस ने वार्डों की सीमाएं बिगाड़ी, जिसे सुधारा गया: भाजपा

हमने जांच कमेटी बनाई है: महापौर

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम के वार्ड परिसीमन को लेकर सियासी घमासान तेज हो गई है। निगम नेता प्रतिपक्ष अशोक विधानी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस शासनकाल में 2019 में जब वार्डों का परिसीमन किया गया, तो वार्ड की सीमाएं बदल दी गई थीं, जैसे रेलवे के वार्ड क्रमांक 69-70 के वार्ड बिलासपुर और बिल्हा 2-2 विधानसभाओं से जुड़ते थे, ऐसा कई वार्डों में हुआ था। वहीं दूसरी ओर मेयर रामशरण यादव ने आरोप लगाया कि, परिसीमन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस आधार को ही पलट दिया। जिसमें उन्होंने जनसंख्या में कमी-बेसी की असमानता को दूर करने की बात कही थी। इसीलिए कांग्रेस ने परिसीमन की जांच के लिए कमेटी बनाई है। सभापति अशोक विधानी ने आरोप लगाया कि, कांग्रेस के शासनकाल में जब वार्डों का परिसीमन किया गया, तो उसमें राजनीति हावी थी। निगम में कई वार्ड ऐसे काटे गए जो कि 2-2 विधानसभा क्षेत्र से जुड़े हुए थे, ऐसे में लोगों को परेशानियां हो रही थीं। वर्तमान परिसीमन में पिछली त्रुटियों को सुधारा गया है। भाजपा के पार्षद मौजूदा परिसीमन से संतुष्ट हैं, यदि किसी को कोई आपत्ति होगी तो अभी सोमवार तक का समय, सुधार के लिए आवेदन दिया जा सकता है। मेयर रामशरण यादव ने कहा कि उनका वार्ड क्रमांक 24 राजेंद्र नगर नाम भर का रह गया है। एक तरह से पूरे वार्ड को खत्म कर दिया गया है। उनके वार्ड में अज्ञेय नगर, प्रियदर्शिनी नगर के नाम मात्र के वोटर हैं, पर भारतीय नगर निगम कॉलोनी का एरिया उनके वार्ड से कट कर 10 नंबर वार्ड में जुड़ गया है। भारतीय नगर श्मशानघाट के आगे के हिस्से को 21 नंबर में जोड़ दिए हैं, ?अब वह गुरू घासीदास नगर वार्ड हो गया है। इसके विरुद्ध वह आपत्ति करेंगे। मेयर ने कहा कि, वर्तमान में वार्डों के परिसीमन की आवश्यकता ही नहीं थी, क्योंकि न कोई नए वार्ड जुड़े या घट-बढ़ हुई है। इसलिए संवैधानिकतौर पर तो यह पूरी तरह गलत परिसीमन है। 2019 में परिसीमन इसलिए किया गया था, क्योंकि उस वक्त निगम में एक नगर पालिका दो नगर पंचायत सहित 19 ग्राम पंचायत शामिल हुए थे। इससे पहले जब रेलवे के वार्ड निगम में जुड़े थे तब परिसीमन किया गया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वार्ड की जनसंख्या में असमानता को दूर करने के लिए वार्ड परिसीमन के निर्देश दिए थे, इस हिसाब से निगम की कुल जनसंख्या 5.14 लाख को 70 वार्डों में बांट कर यानी प्रत्येक वार्ड में 7342 मतदाता आना चाहिए। इसमें नाम मात्र का अंतर हो सकता है, लेकिन अभी जो परिसीमन किया गया है उसमें स्थिति बदतर हो गई है।

बिलासपुर/नवप्रदेश। केदार कश्यप मंत्री जल संसाधन विभाग द्वारा आज अरपा भैसाझार बैराज वृहद परियोजना की समीक्षा बैठक मे शामिल हुए। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एव विधायक बिल्हा धरम लाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव सहित विभाग के सचिव एवं प्रमुख अधिकारी शामिल हुए। इस परियोजना से 25 हजार हेक्टेयर में सिंचाई किया जाना है जिसमें बिल्हा विधानसभा के 30 गाव तखतपुर के 71 गांव व कोटा के 1 गांव सिंचित किया जाना है।

पटवारियों की हड़ताल खत्म, राजस्व मंत्री के साथ बैठक के बाद निर्णय

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चल रहे पटवारी हड़ताल खत्म हो गई है, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा से मुलाकात के बाद यह निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि अपने विभिन्न मांगो को लेकर पिछले कुछ दिनों से पटवारी हड़ताल पर चल रहे थे, पटवारियों ने ऐसे समय में हड़ताल पर जाने का फैसला लिया था जब राज्य सरकार पूरे प्रदेश में राजस्व पखवाड़ा शुरू करने जा रहे है। बताया जा रहा है कि पटवारी संघ के नेताओं ने अपनी मांगो को लेकर राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान पटवारी संघ के नेताओं ने मंत्री से अपनी मांग को रखी जिस पर मंत्री टंक राम वर्मा ने पटवारी संग की मांग पर विचार करने की बात कही, बताया जा रहा है कि मंत्री और पटवारी संघ के नेताओं के बीच 40 मिंट तक इस विषय में चर्चा हुई, जिसके बाद पटवारी संघ ने हड़ताल खत्म कर दी ।

पटवारी कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर और इंटरनेट की सुविधा दिए जाने की मांग पिछले लम्बे समय से कर रहे है, इसके साथ ही वेतन विसंगति दूर कर वेतन में बढ़ोतरी की जाए। वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति, संसाधन एवं भत्ते दिए जाएं। स्टेशनरी भत्ता, समेत कई मांग को लेकर कर रहे है, पटवारियों को कहना है कि इन वजह से उन पर अतिरिक्त खर्च का भार आता है, इन सभी मानगो को लेकर पहले भी राजस्व सचिव और भू-अभिलेख के संचालक को ज्ञापन दिया था।

ओवरहेड टंकियों की सफाई व हैंडपंपों का क्लोरीनेशन

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए स्थापित ओवरहेड टंकियों की साफ-सफाई और क्लोरीनेशन का काम पीएचई विभाग द्वारा किया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालन अभियंता यू.के.राठिया ने बताया कि विगत दिनों बैठक में कलेक्टर ने पेयजल आपूर्ति के लिए निर्मित टंकियों के साफ-सफाई के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में जिले के सभी विकासखण्ड में बनी टंकियों की सफाई का काम जोर-शोर से किया जा रहा है। सफाई पूर्व वाल्व से टंकी का पानी खाली किया जाता है। जिसके बाद श्रमिकों द्वारा टंकी की सफाई की जाती है। सफाई के बाद अंत में ब्लीचिंग पाउडर और हाईपोक्लोराईड (लिक्विड क्लोरिन) डालकर टंकियों में क्लोरीनेशन का काम भी किया जा रहा है तथा ग्रामों के सभी पेयजल स्त्रोतों का भी प्रथम चरण में जून माह तक क्लोरीनेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ग्राम पंचायतों को सूचना देकर उनसे टंकी की साफ-सफाई एवं पेयजल स्त्रोतों में किए गए क्लारीनेशन का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया जा रहा है। इस दौरान टंकीयों में कोई भी समस्या आ रही है उसका समाधान तत्काल किया जा रहा है। टंकियों और पेयजल स्त्रोतों के साफ-सफाई का काम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संबंधित ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय कर किया जा रहा है। बारिश के बाद जिन ग्रामों में जल जनित बीमारियां फैलने की संभावनाएं है वहां पर पेयजल स्त्रोतों का अतिरिक्त क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा है।

सीनियर सिटीजन को रेल किराए में छूट की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीनियर सिटीजन को रेलवे किराया में पहले की तरह 50 फीसदी छूट लागू करने की मांग केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की गई है। कोरोना काल से रेलवे में सभी तरह की छूट समाप्त कर दी गई है। कोरोना का संक्रमण समाप्त होने के बाद 3 वर्षों से लगातार इसे दोबारा शुरू करने की मांग हर वर्ग कर रहा है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महिला की जिला अध्यक्ष शेफाली घोष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रेल मंत्री के नाम कलेक्टर को सौंप कर उन तक पहुंचाने की मांग की है। रेलवे में जब सीनियर सिटीजन को किराए में 50 फीसदी की छूट दी जा रही थी, उस वक्त ज्यादातर लोग तीर्थ यात्रा पर जाते थे। लेकिन छूट समाप्त करने के बाद अब उनके धार्मिक यात्राओं में आर्थिक कठिनाइयां आने लगी है। एक तरह से बुजुर्ग इन यात्राओं से वंचित हो जा रहे हैं। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ नागरिकों की कठिनाइयों के मद्देनजर रेलवे किराया में छूट को दोबारा बहाल करने का आग्रह रेल मंत्री से किया है। ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधिमंडल में जिला सचिव प्रभाकर राव, महिला अध्यक्ष शेफाली घोष वरिष्ठ नागरिक मदन मोहन गुल्ला, महिला उपाध्यक्ष रेखा गुल्ला, आदि शामिल रहे।

निर्देश | कमिश्नर डॉ. अलंग की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक

अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाएं, फायर सेफ्टी यंत्र लगाएं: अलंग

बिलासपुर/नवप्रदेश। कमिश्नर डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में आज यहां उनके कार्यालय के सभाकक्ष में सेंदरी स्थित राज्य मानसिक चिकित्सालय की जीवनदीप समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मरीजों के लिए अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए। कमिश्नर ने अस्पताल को आबंटित भूमि के समुचित उपयोग के लिए अधोसंरचना विकास के लिए कार्ययोजना बनाने पीडब्ल्यूडी विभाग को कहा। फायर सेफ्टी यंत्र लगाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

बैठक में कमिश्नर ने अस्पताल में मरीजों के बैठने के लिए शेड बनाने कहा। उन्होंने परिसर में वृहद वृक्षारोपण करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके अलावा अस्पताल के सभी वार्डो की खिड़कियों में मच्छर जाली लगवाने भी कहा। अस्पताल संचालन के लिए पूर्व में खर्च किए गए जरूरी 4 लाख 27 हजार 302 रूपये की कार्योत्तर स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में अधीक्षक ने अस्पताल का प्रतिवेदन एवं पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिदिन लगभग 109 मरीजों का ओपीडी में इलाज किया जा रहा है एवं आईपीडी में 4 मरीजों की भर्तियां की जाती है। विगत 6 माह में अस्पताल के जरिए 17 हजार 614 बाह्य रोगियों एवं 729 अंतः रोगियों का इलाज किया गया। बैठक में एडीएम आर.ए.कुरूवंशी, अस्पताल अधीक्षक, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता सीके पांडे, संयुक्त संचालक समाज कल्याण श्रद्धा मैथ्यु सहित समिति के सदस्य, अधिकारी मौजूद थे।

■ न्यूज गैलरी

बुजुर्ग महिला के विधायक ने पैर छूकर लिया आशीर्वाद

कांकेर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत किशनपुरी में प्रवास के दौरान किशनपुरी की एक बुजुर्ग महिला विधायक के स्वागत में पहुंची थी। विधायक आसाराम नेताम ने खुद जाकर उस बुजुर्ग महिला से मिले। उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया एवं बुजुर्ग महिला की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं उनका निराकरण क्रिया उस बुजुर्ग महिला ने कहा की आशा है तो विश्वास है।

भाजपा की बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

■ पार्टी से लोगों को जोड़ने का संकल्प लेकर लौटे कार्यकर्ता

कांकेर/नवप्रदेश। भाजपा की जिला कार्यसमिति की बैठक गुरुवार 18 जुलाई को भानुप्रतापपुर के सामुदायिक भवन में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी, बस्तर जिला संगठन प्रभारी रजनीश सिंह, जिला संगठन प्रभारी यशवंत जैन कांकेर के पूर्व संगठन मंत्री विधान चन्द्रकर विधायक आशाराम नेताम पूर्व सांसद मोहन मंडावी पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले मंतूराम पवार भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत मटियारा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत , पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू की उपस्थिति तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया की अध्यक्षता में हुई । भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी ने कहा कि प्रदेश में विधानसभा और फिर लोकसभा चुनावों में भाजपा के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद भाजपा अब लगभग तीन माह बाद प्रस्तावित नगरीय निकाय और उसके बाद होने वाले त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों पर फोकस कर रही है। इस लिहाज से विगत 10 जुलाई को प्रदेश भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक काफी महत्वपूर्ण रही। अत्यंत उत्साह और आत्म-विश्वास से भरपूर वातावरण में हुई इस बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को केंद्रीय नेतृत्व और संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का समयानुकूल मार्गदर्शन मिलने से यह उत्साह और आत्मविश्वास दोगुना हुआ है और सभी कार्यकर्ता पार्लियामेंट से पंचायत तक भाजपा का परचम लहराने के लिए संकल्पित होकर लौटे हैं।

बस्तर संभाग संगठन प्रभारी रजनीश सिंह ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों में हमने जीत दर्ज कर प्रदेश से कांग्रेस के कुशासन को हराया है । विधानसभा चुनाव से पहले सब को यही लग रहा था कि प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार बनेगी परन्तु भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने मेहनत और लगन के बूते कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन को जनता के बीच पूरी ईमानदारी और ताकत से ले गए जिससे प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनी । लोकसभा में भी हमने बस्तर की हारी हुई सीट कांग्रेस से छीन ली । भाजपा का कार्यकर्ता जब ठान ले तो हार को भी जीत में बदल देता है ।

भाजपा जिला संगठन प्रभारी यशवंत जैन ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व और राष्ट्रीय, राज्य के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन से उत्साहित कार्यकर्ता आने वाले समय में दुगुनी ताकत और समर्पण की भावना के साथ संगठन और पार्टी के जनाधार को बढ़ाकर पार्टी को जन-जन के बीच प्रभावी और सक्रिय बनाने में जुटेंगे और पार्टी की विजय यात्रा निरंतर जारी रखेंगे, यह विश्वास दृढ़तर हुआ है। बैठक में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का निर्णय लिया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने पिछले तीन माह में पार्टी द्वारा किये गए कार्य का वृत्त प्रस्तुत करते हुए आगामी कार्य योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 21 से 25 जुलाई 2024 तक विस्तारित मंडल कार्यसमिति की बैठकें रखी जाएंगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के तहत पेड़ लगाने का कार्यक्रम पूरे बरसात भर किया जाएगा। हर बूथ में 51 पेड़ लगाए जाएंगे। ÷मेरा पेड़, मेरा जीवन÷ के साथ माँ की फोटो सामने लगाकर वृक्षारोपण करेंगे।21 जुलाई 2024 को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी कार्यकर्ता अपने 2 गुरुजनों की पूजा कर देव स्थान अथवा मंदिर में जाएंगे।28 जुलाई 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्व भर में लोकप्रिय ÷मन की बात÷ कार्यक्रम सुना जाएगा जिसमें अधिकाधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मंडल अनुसार बूथों में मन की बात कार्यक्रम का प्रभारी बनाए जाएंगे।

04 अगस्त 2024 को हरेली पर्व के अवसर पर गेड़ी पर चलने की प्रतियोगिता एवं नारियल फेंक प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम मंडल एवं बूथ स्तर पर किए जाएंगे।07 अगस्त 2024 को हरियाली तीज पर्व के मद्देनजर महिला मोर्चा के तत्वावधान में महिला मोर्चा द्वारा जिले से मंडल स्तर तक %हरियर छत्तीसगढ़% के संदेश के साथ विभिन्न कार्यक्रम रखे जाएंगे और पर्यावरण संरक्षण के लिए मातृशक्ति की सहभागिता की भूमिका पर बल दिया जाएगा।

बगैर प्रचार प्रसार के एकलव्य खेल परिसर के लिए खिलाड़ियों का चयन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले के विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों, खेल संघों के पदाधिकारियों ने एकलव्य खेल परिसर के लिए चयन प्रक्रिया को निरस्त कर पुनः चयन करने की मांग की है। इसके पहले व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। जिला प्रशासन द्वारा संचालित खेल एवं युवा कल्याण विभाग की देखरेख में जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों के बेहतरीन परीक्षण पशिक्षण एवं प्रदर्शन के लिए एकलव्य खेल परिसर की स्थापना की गई है। ताजा मामला नए सत्र में परिसर हेतु जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन का मामला सामने आया है जिले के कुछ खिलाड़ियों ने बताया कि पूर्व में खिलाड़ियों के चयन हेतु स्कूलों के अधिकारियों को निर्देशित किया जाता था। अखबार में विज्ञापन पाम्प्लेट के द्वारा चारों विकासखंड में शिविर लगा कर व्यापक प्रचार प्रसार करने के बाद संबंधित खेल के प्रशिक्षकों के द्वारा टेस्ट लेकर खिलाड़ियों का चयन किया जाता था। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षो से खिलाड़ियों के चयन हेतु प्रचार प्रसार नहीं कराया जा रहा है। गुप चुप तरीके से किसी एक संस्था एवं खेल के लिए खिलाड़ियों का चयन आदि करते हुए एक ही संस्था उ.मा. वि. छोटेतुमनार चयन इनके द्वारा किया जाता रहा हैं। गत वर्षो कि भांति प्रक्रिया अपनाई जा रही है। पांच जुलाई को आनन फानन में एकलव्य परिसर जावंगा में चयन शिविर का आयोजन किया तारीख एवम शिविर आयोजन का व्यापक प्रचार प्रसार नहीं होने के कारण अंदरूनी एवं दूरस्त संस्था के प्रतिभावान खिलाड़ियों को भाग लेने का मौका नहीं मिला। साथ ही संस्था मे पांच खेल वॉलीबॉल, कबड्डी, तीरंदाजी एवं बेस बाल हैं और जिन खेलों के चयन किया जा रहा हैं उस खेल के प्रशिक्षक (कोच) हैं ही नहीं। खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि पुनः प्रचार प्रसार चयन कराया जाए। पूर्व में भी प्रभारी के कार्यकलाप पर खेल प्रेमियों द्वारा शिकायत किया गया था किंतु जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

वर्सन

हमारे द्वारा चारों विकासखंड के बीईओ को सूचना दी गई थी और पीआरओ के मध्यम से अखबारों में भी चयन का समाचार प्रकाशित कराया गया था। अभी चयन की प्रक्रिया चल रही है। रही बात कोच की तो अभी एक कोच ही ज्वाईन की है अभी चार खेलों के कोच ज्वाईन नहीं किए और अधिक जानकारी नहीं है। मैं परिसर के अधीक्षक से बात करके बता पाऊंगा।

हिमाचल साहू, संयुक्त कलेक्टर दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के चंचल देवांगन जिला अध्यक्ष

■ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में खुशी का माहौल

किरन्दुल/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ दंतेवाड़ा का चुनाव पुराना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यलय में सम्पन्न हुआ। इसमें निर्विरोध निर्वाचित हुए चंचल कुमार देवांगन। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक 14 जुलाई को अंबिकापुर में आयोजित की गई जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष आलोक मिश्रा के द्वारा चंचल कुमार देवांगन को जिला दंतेवाड़ा का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया।इस बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संरक्षक ओ पी शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष आलोक मिश्रा प्रांतीय सचिव रविन्द्र तिवारी एवम समस्त प्रांतीय पदाधिकारी और समस्त संभाग अध्यक्ष समस्त जिलो के जिला अध्यक्ष और अंबिकापुर संभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

नवनियुक्त शिक्षकों का अधिस्थापन प्रशिक्षण चार चरणों में हुआ पूरा

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में नवनियुक्त शिक्षकों का अधिस्थापन प्रशिक्षण का चौथा व अंतिम चरण पूर्ण हो चुका है। डाईट बीजापुर में नव नियुक्त शिक्षकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने माता सरस्वती की तस्वीर पर माला अर्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ पर जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि% जिले की शिक्षा गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के लिए हम सबको मेहनत करनी करनी होगी, शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है इसलिए कोई भी बच्चा इस अधिकार से वंचित नहीं होना चाहिए, बुनियादी शिक्षण बच्चों के स्तर व उनकी रुचि के अनुरूप हो इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा, शाला त्यागी व अप्रवेशी बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए प्रयासरत रहना होगा।उन्होंने कहा कि नित नये नवाचार करते रहने की जरूरत है, एक शिक्षक कई तरह की भूमिकाओं का निर्वाह करता है अतः शिक्षक को लगातार अपनी रचनाशीलता, सृजनात्मकता पर काम करने की जरूरत है, हमारा मुख्य उद्देश्य हर बच्चा शिक्षित हो होना चाहिये, उन्होंने नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं देते हुए अपने कार्यो के प्रति ईमानदार रहने व बाहर कार्य करने के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहित किया।

पाँच दिवसीय चलने वाले अधिस्थापन प्रशिक्षण में नव नियुक्त शिक्षकों को विभागीय योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई, साथ ही अधिस्थापन का परिचय देते हुए उनका प्री टेस्ट भी लिया गया।शिक्षा का अधिकार एनईपी 2020, NCF_SCF से हमारी अपेक्षाएं विषय पर विस्तार से चर्चा किया गया।

शिक्षण अधिगम, मूल्यांकन में Ict and Digitale Learning का समन्वय, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्य पुस्तकों में अंतसबंध, शालेय, अभिलेख विद्यालय प्रबंधन एवं नियम पर शिक्षकों की समझ बनाने हेतु विस्तार से बातचीत की गई। नवा जतन के बिंदुओं पर कई सारी गतिविधियां करवाया गया ताकि शिक्षक समझ के साथ सीखने को कैसे सीखें को सिख सकें। विषय की प्रकृति व सम्बंधित विषयों के कौशल (विषयों का शिक्षण शास्त्र), एसएमसी, स्काउड-गाईड, इको क्लब, 21 वीं सदी के संदर्भ में व्यावसायिक शिक्षा का विकास, शिक्षा विभाग की संरचना (अकादमिक एवं प्रशासनिक ढांचा) शिक्षा विभाग की योजनाएं, POSCO ACT 2020 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। Best Practices यथार्थ शिक्षकों के द्वारा किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यो का प्रस्तुतिकरण, चर्चा पत्र जैसे अति महत्वपूर्ण विषयों पर भी पाँच दिवसीय इस प्रशिक्षण में शिक्षकों से चर्चा किया गया।

जिला प्रशासन ने दृष्टिबाधित ''पार्वती'' को दिया मोबाइल

■ अब मोबाइल से सुनकर पढ़ाई करेगी ''पार्वती''

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। ब्लॉक दन्तेवाड़ा के ग्राम मटेनार के निम्न मध्यमवर्गीय कृषक परिवार की 18 वर्षीय दृष्टिबाधित ''पार्वती'' के लिए दृष्टिहीनता पढ़ाई में कभी बाधक नहीं बना पाई शिक्षा के प्रति इसी ललक को दृष्टिगत रखते हुए प्रोत्साहन स्वरूप जिला प्रशासन द्वारा उसे आज एंड्रॉयड सेल फोन दिया गया। इस संबंध में ''पार्वती'' के बड़े भाई मनीराम ने बताया कि उसकी बहन जन्म से ही दृष्टिबाधित थी परन्तु पढ़ाई लिखाई के प्रति उसका झुकाव बचपन से ही रहा अपनी इसी इच्छाशक्ति के बल पर उसने अपनी प्राथमिक पढ़ाई ग्राम बड़े पनेड़ा से पूरा किया फिर हाई स्कूल तक की पढ़ाई के लिए उसने जावंगा स्थित सक्षम-2 में दाखिला लिया। ज्ञात हो कि एजुकेशन हब जावंगा स्थित सक्षम-2 आवासीय विद्यालय में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के अध्ययन की विशेष व्यवस्था की गई है। इस तरह पार्वती पोडियाम ने यहां पर भी सफलतापूर्वक 12वीं की परीक्षा उर्त्तीर्ण की। वर्तमान में वह रायपुर स्थित डिग्री गर्ल्स कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। इस संबंध में उसके भाई का कहना था कि उक्त महाविद्यालय में इसी वर्ष ''पार्वती'' ने प्रवेश लिया है। जहां उसके ही समान दृष्टिहीन दिव्यांगों को विशेष तौर पर अध्ययन कराया जाता है। चूंकि अब आधुनिक मोबाईल या सेल फोनो दिव्यांगजनों को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रकार के एप की सुविधा उपलब्ध कराया गया है जिसमें दिव्यांग छात्र-छात्राएं सुनकर ही अपने पाठ्यक्रम को भलि भांति समझ कर पढ़ाई कर सकते है और ''पार्वती'' पोडियाम ने ब्रेल लिपि के माध्यम से ही जावंगा के सक्षम-2 आवासीय विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की है। परन्तु महाविद्यालय की पढ़ाई के लिए उसे एक एंड्रॉयड फोन की आवश्यकता थी। परन्तु अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते मोबाईल खरीदने में समस्या आ रही थी। इसके लिए उसे समाज कल्याण विभाग से सम्पर्क कर मोबाईल के लिए आवेदन किया जिस पर जिला प्रशासन ने त्वरित पहल करते हुए उसे मोबाईल उपलब्ध करवाया।

टेकनार रोड का नाली निर्माण 3 साल में भी नहीं हुआ पूरा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बरसात के मौसम में दक्षिण बस्तर में मलेरिया पीड़ितों की संख्या बढ़ती ही जा रही है और पड़ोसी जिला सुकमा व बीजापुर में मलेरिया से मौतों के मामले सामने आए हैं। किरंदुल, नकुलनार क्षेत्र में डेंगू के कुछ मरीज भी चिह्नित किये जा चुके हैं। मलेरिया व डेंगू मच्छरों की वजह से ही फैलते हैं, इसके बावजूद दंतेवाड़ा नगर पालिका की लापरवाही जारी है। नगर की नालियों में पानी की निकासी उचित ढंग से नहीं हो रही है। गंदे पानी के जमाव से मच्छरों को पनपने का भरपूर मौका मिल रहा है। नगर के आंवराभाटा बालपेट चौक में गंदा पानी सड़क पर भरा रहता है। वहीं दूसरी तरफ नगर के आँवराभाटा में ही टेकनार रोड में नाली निर्माण का काम 3 साल में भी पूरा नहीं हो पाया है। सड़क के दोनों तरफ आधी-अधूरी नाली में गंदा पानी महीनों से जाम पड़ा हुआ है। नाली के पानी के सड़क के पार निकलने की व्यवस्था नहीं होने से ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।

स्व. पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा स्वाधीनता सेनानी जिन्हें अपनों ने ही भुला दिया

18 जुलाई पुण्यतिथि पर विशेष

कांकेर/नवप्रदेश। यह हमारे देश तथा समाज की विडंबना है कि यहां अपनों को भुला दिया जाता है ,अपनों का मूल्यांकन उनके देहावसान के पश्चात भी कम से कम किया जाता है। आधुनिक समाज द्वारा अपने ही लोगों के लिए मूल्यांकन के पैमाने बड़े कठोर कर दिए गए हैं। गुणों का उल्लेख कम से कम किया जाता है, दोषों का अधिक। काँकेर के स्वाधीनता सेनानी स्वर्गीय पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा के साथ यही किया है, जबकि बस्तर और काँकेर के आदिवासियों ने तथा छोटे तबके के ग़रीब ,मज़दूर, किसानों द्वारा आज देहावसान के 15 वर्ष पश्चात भी वे अत्यंत आदर के साथ याद किए जाते हैं। ये भोले-भाले, सीधे-सादे लोग उनके अधिवक्ता ,कानून के ज्ञाता के रूप को ही जानते हैं जबकि विष्णु महाराज वकील के अलावा भी बहुत कुछ थे। समाजसेवी पर्यावरणविद् ,साहित्यकार, राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद् , प्रगतिशील, ओजस्वी वक्ता, गांधीवादी मनीषी आदि उनके बहुमुखी रूप थे लेकिन दुख का विषय है कि उन्हें इन सभी रूपों में जानने वाले कम ही हैं और इन में भी अधिकतर ऐसे हैं जो स्वर्गीय विष्णु महाराज की बहुमुखी प्रतिभा का वर्णन करना पड़े ,तो बड़ी कृपणता के साथ करते हैं । जो लोग सच्चे दिल से उनका सम्मान करते हैं ,वह जानते हैं कि उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में कितने स्कूल खुलवाए , कितने आदिवासियों और ग़रीबों को फ़र्ज़ी मुक़दमों से बचाया। अपने निजी विद्यालयों पर शिक्षा की दुकानों का कलंक नहीं लगने दिया। स्वयं को रामायणी तथा साहित्यकार विद्वान बताने में सदैव संकोच किया। अनेक लोग आज भी नहीं जानते कि विष्णु महाराज सात ज़िलों में निजी स्कूलों कॉलेजों का संचालन करने वाली बस्तर शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष तथा अध्यक्ष भी बरसों रह चुके थे। यही नहीं, रायपुर सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष तथा बस्तर अंचल के कांग्रेस उपाध्यक्ष भी लंबे अरसे तक रह चुके थे। इस प्रकार अनेक रूपों में उन्होंने देश- प्रदेश की सेवा की। कांकेर नगर पालिका के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष के रूप में उन्होंने शहर की जो सेवा की है ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

लोकसभा चुनाव में हार के ...

देश की राजनीति को अच्छी तरह से समझते हैं।'

महिलाओं को भी दिए जाएं 10,000...

सिर्फ 1,500 रुपये महीना क्यों? क्या 1,500 रुपये प्रति माह में महिलाएं अपना घर चला सकेंगी? हमारी मांग है कि 'लड़की बहिन' योजना के तहत महिलाओं को भी 10,000 रुपये प्रति माह मिलने चाहिए।' संजय राउत ने आगे कहा कि राज्य वैसे ही आठ लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है और यह कोई छोटी रकम नहीं है।

विधानसभा चुनाव में ...

की थी। उधर, विपक्षी महा विकास अघाड़ी के सहयोगी दलों में शिवसेना-यूबीटी ने नौ, शरद पवार नीत राकांपा ने आठ और कांग्रेस ने 13 सीटों पर जीत दर्ज कर कुल 30 लोकसभा क्षेत्रों में जीत का परचम लहराया था। संजय राउत ने दावा किया कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एमवीए 288 में से 280 सीटों पर जीत हासिल करेगा।

छत्तीसगढ़ में आईईडी...

सीआरपीएफ, कोबरा, सीएएफ और एसटीएफके जवान निकले थे एंटी नक्सल ऑपरेशन पे बीती रात तर्रेम थाना क्षेत्र के मंडिमरका के जंगलों में नक्सलियों ने किया ब्लास्ट। बताया जा रहा है की बीजापुर,सुकमा और दंतेवाड़ा से सीआरपीएफ, कोबरा, सीएएफ और एसटीएफकी टीम मध्य सीमावर्ती एरिया में लगातार दरभा डिवीजन, पश्चिम बस्तर डिवीजन व मिलेट्री कंपनी न. 2 के माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना मिलने पर मंगलवार 16 जुलाई को संयुक्त अभियान पर निकले थे।

इस अभियान में सर्चिंग पश्चात् बुधवार 17 जुलाई को सुरक्षा बलों के वापसी के दौरान बीजापुर के तर्रेम एरिया में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट से एसटीएफ बल के 02 जवान शहीद व 04 जवान घायल हो गये है। घायल एसटीएफ के जवानों को उचित उपचार के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए है। घायल जवानों के बेहतर उपचार के लिए हेलीकॉप्टर के माध्यम से रायपुर रेफर किए जाने की तैयारी चल रही है।

सीएम साय ने कहा- शहादत...

जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। नक्सलियों के खात्मे तक हमारी ये लड़ाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री बोले- हमारे एक्शन से नक्सली विचलित हैं।

शहादत से बेखबर शहीद...

सभी आने वालों से सभी से पूछती रही कब लौटेगा हमारा भारत? बहन चीख-चीखकर भगवान को उलाहना देते बोलती रही मेरा भाई क्यों छीन लिया,अब राखी किसको बांधूंगी। शहीद भारत के पिता रामाधार साहू बोले एसटीएफके अफसरों का फोन दूसरे बेटे को आ गया था। क्या करता रातभर बात को छुपानी पड़ी, पोतियों को स्कूल भेजना जरुरी था। आखिर क्या बताते? जुलाई में छुट्टी खत्म होने के बाद वह ड्यूटी पर लौटा था। ठीक 17 दिन बाद शहादत की खबर से अब पूरा परिवार सदमे में हैं।

बांग्लादेश में भड़की हिंसा...

द्वारा सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों को बंद करने के फैसले और ढाका में छात्रों तथा पुलिस के बीच हाल ही में हुई हिंसक झड़पों को देखते हुए दी गई है।

सरकारी नौकरियों में लागू कोटा प्रणाली में सुधार की मांग

बता दें, बांग्लादेश के प्रमुख शहरों में छात्र सरकारी नौकरियों में लागू कोटा प्रणाली में सुधार की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि मौजूदा आरक्षण व्यवस्था सरकारी सेवाओं में मेधावी छात्रों के नामांकन को काफी हद तक रोक रही है। ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों ने फर्स्ट और सेकंड क्लास की सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए चल रहे विरोध प्रदर्शन में अग्रणी भूमिका निभाई है। छात्रों की मांग है कि मौजूदा आरक्षण प्रणाली में सुधार करते हुए प्रतिभा के आधार पर सीटें भरी जाएं। हालांकि, देखा जाए तो छात्र जिस आरक्षण व्यवस्था को खत्म करने की मांग कर रहे हैं वह मौजूदा समय में है ही नहीं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के बच्चों और पौत्र-पौत्रियों के लिए 30 फीसदी आरक्षण लागू करने के हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाई हुई है।

झड़प के बाद विरोध-प्रदर्शन तेज

ढाका के विभिन्न स्थानों पर गुरुवार को छात्रों और पुलिस के बीच झड़प के बाद विरोध-प्रदर्शन तेज हो गए। बीआरएसी विश्वविद्यालय के पास मेरुल बड्डा में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को जाम कर दिया और पुलिस से भीड़ गए। इस भड़की हिंसा में कई घायल हो गए। ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार सुबह तक पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े, जिससे इलाके में यातायात बाधित हो गया।

इसके अलावा, छात्रों ने प्रगति सरनी पर बसुंधरा आवासीय क्षेत्र के प्रवेश द्वार को जाम कर दिया और जतराबाड़ी में ढाका-चटगांव राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। इससे सार्वजनिक परिवहन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मीरपुर 10 गोल चक्कर और आसपास के इलाकों में भी भारी पुलिस बल तैनात है, कई स्थानीय बाजार और दुकानें बंद हैं।

कई विपक्षी दलों की भी एंट्री हुई

शुरुआत में छात्रों का प्रदर्शन काफी शांतिपूर्ण था, लेकिन बाद में इसमें विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी समेत कई विपक्षी दलों की भी एंट्री हो गई। बाद में विपक्ष के छात्र संगठनों और सत्ता पक्ष के छात्र संगठनों में हुई झड़पों के बाद प्रदर्शन हिंसक होते चले गए। हालांकि सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष पर छात्रों को भड़काने और प्रदर्शन की आड़ में अपने सियासी हित साधने के आरोप लगाए हैं। ढाका में भारतीय उच्चायोग और चटगांव, सिलहट तथा खुलना में भारतीय सहायक उच्चायोगों ने अपने नागरिकों और छात्रों के लिए आपातकालीन नंबर जारी किए हैं।

ढाका में भारतीय उच्चायोग-880-1937400591,चटगांव में भारतीय सहायक उच्चायोग-880-1814654797 / 880-1814654799, सिलहट में भारतीय सहायक उच्चायोग-880-1313076411, खुलना में भारतीय सहायक उच्चायोग-880-1812817799। भारत सरकार हालातों पर निगरानी बनाए रखे हुए है। बांग्लादेश में सभी नागरिकों को जारी एडवाइजरी का पालन करने को कहा है। साथ ही सहायता के लिए उच्चायोग या सहायक उच्चायोग से संपर्क करने की सलाह दी है।

सैनिकों के बलिदान राष्ट्रीय ...

रक्तपात से सीखा गया सबक हमारी सेना में समाहित रहने चाहिए। युद्ध, युद्ध-पद्धति का तेजी से विकास हो रहा है। उनके चरित्र और प्रकृति में प्रौद्योगिकी परिवर्तन, भू-राजनीतिक उतार-चढ़ाव के कारण बदलाव हो रहा है।

पहले समझाइश अब कार्यवाही 34 वाहनों का कटा चालान

■ नरहरदेव आत्मानंद स्कूल के 650 छात्रों ने जाना यातायात नियम

कांकेर/नवप्रदेश। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई के एलिसेला श्रीमति मनीषा ठाकुर अतिरित पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद यातायात पुलिस प्रभारी दीपक साव अपनी टीम सहित शहर के अलग अलग मोड़ पर विगत सप्ताह भर से तीन सवारी नाबालिग बच्चों को वाहन बिना कागजात हेलमेट बेलगाम वाहन चालक सहित नशे में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालो पर कार्यवाही करते हुए चालानी कार्यवाही किया जा रहा है।

यातायात पुलिस प्रभारी दीपक साव ने बताया बीते तीन दिनों तक नाबालिग बच्चो के परिजनों को बुलाकर वाहन नही देना समझाया गया है साथ ही बिना दस्तावेज विना हेलमेट, तीन सवारी, विना नम्बर प्लेट तेज़ आवाज़ वाले साइलेंसर सहित लापरवाह वाहन चलाने वालो के विरूद्ध कुल 34 वाहनों का चालानी कार्यवाही करते 16500 समन शुल्क वसूल किया गया। इस दौरान हमारी कार्यवाही आगे भी जारी रहने की बात कही गई है।

पैसा दोगुना करने के लालच में महिला ने 50 लाख गंवाए

■ आन लाइन ठगी की शिकार हुई महिला,पुलिस जांच में जुटी

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के संभ्रांत परिवार की एक महिला पैसा दोगुना करने के चक्कर में फंस कर 50 लाख रुपए गंवा बैठी। एक गेम के बहाने अज्ञात ने महिला को अपने जाल में फंसा लिया और धीरे धीरे महिला उसके जाल में फंस कर उक्त गेम में तकरीबन 65 लाख रुपए लगा चुकी थी और इस दौरान उसे करीबन 15 लाख रुपए वापस तो हो गए,लेकिन 50 लाख रुपए अब तक फंस गए है। पीड़िता की शिकायत पर शहर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 420 के तहत मामला पंजीबद् कर विवेचना में लिया है।

उपरोक्त संबंध में मिली जानकारी अनुसार शहर की एक महिला 18 जनवरी 2022 को मोबाइल में फेस बुक चला रही थी इस दौरान एक सेलिब्रेटी द्वारा एक वीडियो के माध्यम से पैसा दोगुना 5 गुना करने अपनी जरूरतों को पूरी करने कम इंवेस्ट में ज्यादा कैशबैक की जानकारी दी जा रही थी। महिला उक्त सेलिब्रेटी की बातों में आकर वीडियो को देख वीडियो को टच किया तो एक लिंक आया और महिला के द्वारा लिंक क्लिक करते ही उनका मोबाइल नंबर इंटर करने का आप्शन आया।मोबाइल नंबर आप्शन करते ही तीन पत्ती मास्टर एप्प डाऊनलोड हो कर उनके व्हाट्सएप पर आ गया जिसमें 100 रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक के रिचार्ज के आप्शन आए और उसने एक ऑप्शन पर कुछ रुपए लगाए तो उन्हें और ज्यादा इंवेस्ट करने की बात कही।इस बीच उनको उनके इंवेस्ट के पैसे भी आए,तो उक्त अज्ञात के द्वारा बताए गए प्रलोभन के जाल में धीरे धीरे फसती चली गई और फोन पे के माध्यम से 10 हजार,20 हजार 50 हजार तक रिचार्ज उनके।द्वारा बताए गई कंपनी के नाम पर करती रही।

प्रार्थीया ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने 18 जनवरी 2022 से 12 नवंबर 2022 तक 64 लाख 98 हजार 200 रुपए का रिचार्ज करी,जिसमे से 14 लाख 99 हजार 700 रुपए अलग अलग कंपनी से वापस आ गए और अब तीन पत्ती मास्टर एप्प खुल नहीं रहा है जिसमें 49 लाख98 हजार 500 सौ रुपए फंसा हुआ है।प्रार्थीया ने अपने रिश्तेदारों,परिचितों सहित पति के द्वारा लिए गए लोन को इस गेम में लगाने की जानकारी देते हुए शिकायत दर्ज कराई है। शहर थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर भादवि की धारा 420 के तहत मामला पंजीबद् कर जांच विवेचना में लिया है।

थानेदार ने की अपील

शहर थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने लोगो से अपील करते हुए इस प्रकार के सायबर अपराध से बचने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के लिंक को डाउनलोड करने से बचे,थोड़े से लालच में अपनी जमा पूंजी या उधार की पूंजी को अज्ञात लोगो की ठगी से बचा कर रखे।

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद पांडेय ने एसपी कार्यालय में रोपा पौधा

राजनांदगाँव/नवप्रदेश। बुधवार 17 जुलाई को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रक्षित केन्द्र, सभी थाना, चौकी एवं बैस कैम्प में अभियान चलाकर वृक्षारोण करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में राजनांदगांव पुलिस द्वारा जिले भर में अभियान चलाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं सांसद संतोष पाण्डेय संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर राजनांदगांव संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, जिला पंचायत सी.ई.ओ. सुश्री सुरूचि सिंह, बी.जे.पी. अध्यक्ष रमेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकराहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव पुष्पेन्द्र नायक, रक्षित निरीक्षक अरविंद कुमार साहू, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसी प्रकार जिले से समस्त थाना/चौकी/कैंप में भी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगभग 3000 पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया।

■ न्यूज गैलरी

मोहर्रम पर पूर्व पार्षद ने बांटा शरबत

भाटापारा/नवप्रदेश। मुस्लिम समाज के सभी आयोजनों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने और समाज के प्रति समर्पित रहने वाले पूर्व पार्षद शरीफ अब्बास द्वारा मोहर्रम के उपलक्ष्य में शरबत बाटा गया। इस दौरान यूनुस अहमद, कलम बांठिया, जाकिर भाटी, राशिद तवर ,तहा अहमद सहित सामाजिक जन उपस्थित थे।

सिमगा में कांग्रेस की बैठक 20 को

भाटापारा/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा की आवश्यक बैठक दिन शनिवार 20 जुलाई को दोपहर 12 बजे रखी गई है। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा का घेराव विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उक्त संबंध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष डॉ के के नायक ने बताया कि शनिवार 20 जुलाई को दोपहर 12 बजे समस्त कांग्रेस जनों की बैठक पुराना बस स्टेंड स्थित कांग्रेस भवन आहूत की गई है। बैठक में विधायक इंद्र साव , विधानसभा प्रभारी प्रमोद तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में विधानसभा घेराव किए जाने के संबंध में चर्चा की जाएगी।ब्लाक अध्यक्ष डॉ नायक और कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले ने समस्त वरिष्ठ कांग्रेसी जन ,जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बुथ प्रभारी, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, मजदूर इंटक, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद गण, एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी गण से उक्त बैठक में शामिल होने की अपील की है।

जीतेन्द्र शर्मा बने विधायक प्रतिनिधि

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी भाटापारा में किसान,मजदूर एवं मंडी से संबंधित सार्वजनिक कार्यो के संपादन व निष्पादन के लिए जितेंद्र शर्मा, नयापारा वार्ड, भाटापारा निवासी को भाटापारा विधायक इन्द्र साव द्वारा अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। जितेंद्र शर्मा की इस नियुक्ति पर भाटापारा नगर सहित किसान,मजदूर,व्यापारियों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए जितेंद्र शर्मा को बधाई दी है।

20 वर्षीय लड़की ने खुद को लगाई आग

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम फरसियां निवासी संगीता प्रजापति पिता चिंताराम प्रजापति उम्र 20 वर्ष ने बुधवार सुबह 7 बजे अपने घर में पेट्रोल डाल कर आग लगा ली। आग से 90त्न जल चुकी थी. परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए नगरी हॉस्पिटल लाया। यहां से धमतरी रेफर किया गया लड़की की नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टरों ने रायपुर रिफर कर दिया रायपुर ले जाते वक्त रास्ते में कुरूद के पास लड़की की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लड़की कुछ दिन पहले रायपुर में काम करती थी जिसे घरवाले वापस बुला गया था।

देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु की निकली पालकी यात्रा

■ भगवान शंकर और विष्णु का हुआ मिलाप

भाटापारा/नवप्रदेश। देवशयनी एकादशी के पावन पर्व पर रामसत्ताह चौक जगन्नाथ मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए भगवान श्री हरि विष्णु जी की पालकी यात्रा निकाली गई, बाजे गाजे के साथ भक्तों के कंधों पर सवार होकर जयकारे के साथ पालकी महाकाल मंदिर नगर पालिका पहुंची । जहां महाकाल बाबा की और श्री हरि विष्णु की पूजा एवं महाआरती व प्रसादी वितरण कर दोनों भगवान के बातचीत-चर्चा करने के लिए भगवान को नवीन कपड़े से ढंका गया।

प्राचीन धर्म ग्रंथों व पुराणों के अनुसार देवशयनी एकादशी पर भगवान श्रीहरि विष्णु अपना जगत संचालन का कार्यभार भगवान शंकर जी को सौंपते है जिसके बाद भगवान विष्णु चातुर्मास के लिए विश्राम में चले जाते है। जिसकी परंपरा निर्वहन करते हुए भगवान विष्णु की पालकी यात्रा निकाल महाकाल भगवान शंकर से मिलन करवाया गया ।

महामंडल विधान में अर्घ्य समर्पित करने से बुद्धि का विकास होता है: बाल ब्रह्मचारी अंकित भैया

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर भाटापारा में बाल ब्रह्मचारी अंकित भैया जी बाल ब्रह्मचारी राजकुमार भैया के मंगल सानिध्य में सिद्धों की आराधना का महापर्व श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान संपन्न किया जा रहा है। प्रातः काल भगवान की प्रतिमा पांढुक शिला में विराजमान कर भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न की गई। शांति धारा करने का सौभाग्य अभिनव सुरभि मोदी ,श्रीमती बीना गौरव गदिया, पंकज गदिया को प्राप्त हुआ। शांति धारा के पश्चात श्री जी की मंगल आरती एवं नमोकर मंत्र की जप माला का कार्य संपन्न हुआ।

64 रिद्धियों के अर्घ्य समर्पित किए गए

श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में क्रमशः 8 ,16, 32,64, 128, 256, 512,और अंतिम दिन 1024 अर्घ्य समर्पित किए जाते हैं। बुधवार को 64 ऋद्धियों के अर्घ्य समर्पित किए गए ।इस सिद्ध चक्र महामंडल विधान का विशेष दिन होता है, सभी ऋद्धियो के बारे में विद्वान के द्वारा पूर्ण रूप से व्याख्या की जाती है ,आज बाल ब्रह्मचारी अंकित भैया जी के माध्यम से समस्त जैन समाज को उन 64 ऋद्धियों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। तीर्थंकर भगवान ,आचार्य ,उपाध्याय ,मुनि साधु परमेष्ठी ,के द्वारा अपने तप के माध्यम से ज्ञान के माध्यम से अर्जित की जाती है। उन रिद्धियों के माध्यम से जो पूर्व में कार्य हुए हैं उनकी सारी जानकारी ब्रह्मचारी भैया जी के माध्यम से प्राप्त हुई। बाल ब्रह्मचारी अंकित भैया जी ने बतलाया की सिद्ध चक्र महामंडल में जो विद्यार्थी, गर्भवती महिलाएं अर्ध चढ़ाती हैं, उनके बुद्धि का विकास होता है। पति-पत्नी अर्ध चढ़ाते हैं उनकी कठिनाइयां कम होती है। विधान में अर्ध चढ़ाने से सभी कष्ट का निवारण होता है। इसलिए हर जैन परिवार को इस विधान में शामिल होकर अर्ध जरूर समर्पित करना चाहिए। 64 रिद्धियो का महाअर्ध जयमाला के पश्चात श्रीमती सुमन लता प्रकाश ,अनिल ,आलोक, सुरेश, विनोद मोदी ,अभिषेक मोदी , रजनी, नेहा, सुरभि, अभिनव ,अभिनंदन,सुमन अंशु ,अरिंजय, आदि ,अक्षत, रोशनी , आर्नव,अनायशा, गुड़िया सेवंती,एवं समस्त मोदी परिवार के द्वारा समर्पित किया गया।

दपूम रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो) के द्वारा आधारशिला स्कूल परिसर में किया पौधरोपण

बिलासपुर/नवप्रदेश। पर्यावरण जगरूकता हेतु 18 जुलाई को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो), मुख्यालय के सदस्याओं द्वारा अंजुला साहू, उपाध्यक्षा/ सेक्रो के नेतृत्व में आधारशिला स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया । इस अवसर पर नीति तिवारी, कोषाध्यक्ष/ सेक्रो तथा टिमा अग्रवाल, संयुक्त सचिव/सेक्रो के साथ सभी सदस्याओ द्वारा आम, अमरूद, सीताफ्ल, चीकू, अशोक के पौधों का आरोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण की महत्ता एवं पर्यावरण संरक्षण में एक जागरूक संगठन की तरह अपनी भूमिका को जिम्मेदारी पूर्वक निभाने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में लगातार वृक्षारोपण एवं पर्यावरण से संबंधित अनेको कार्यक्रम आयोजित किये जाते है । इसके साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, ना सिर्फ किसी विशेष अवसर पर बल्कि पूरे वर्ष जल, पर्यावरण एवं वातावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रयासरत है।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इन सफ्ल प्रयासों का प्रत्यक्ष उदाहरण बिलासपुर स्थित रेलवे कॉलोनी की हरियाली है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याणकारी संगठन रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिवार के कल्याण हेतु कार्य करने वाला एक संगठन है।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202407140400025
अ-6/2023-24

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सैय्यद असगर अली पिता सैय्यद शहादत अली निवासी कंकालिनपारा कांकेर, तह. कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला टिकरापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 21 ए, प्लाट नं. 5/2, क्षेत्रफल 41व.मी. पक्का मकान वार्षिक भू-भाटक 8.64 रु. एवं प्लाट नं. 5/3 क्षेत्रफल 37 व.मी. पक्का मकान, वार्षिक भू भाटक 7.98 रु. इरसाद बेगम पति सै. खुर्शीद, सै. जावेद अली, सै. जुनैद अली पि. सै. खुर्शी. सै. नुर अफरोज पति सै. अकबर, सै. फरहीन अली पि. सै. अकबर , सै. सैफ अली, सै. अफदर अली पि. सै. अकबर, सै. असगर पि. सहादत अली, नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को खातेदारों द्वारा हक त्याग कर (गैर पारिवारिक) दिनांक 04.06.2024 तो उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए त्यागकर्तागण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर हक त्यागकर्तागण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर हक त्यागकर्ता का नाम दर्ज किए जाने पंजीकृत हक त्याग पत्र की छायाप्रति के साथ छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उतर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 16/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील — नजूल अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202407140400026
अ-6/2023-24

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सैय्यद असगर अली पिता सैय्यद शहादत अली निवासी कंकालिनपारा कांकेर, तह. कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला टिकरापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 19 सी, प्लाट नं. 13, क्षेत्रफल 187 व.मी., कच्चा मकान मय हाता वार्षिक भू-भाटक 39.84 रु. असगर अली पि. सहादत अली, इरशाद बेवा खुर्शीद अली, सैय्यद जावेद अली, जुनैद अली पि. खुर्शीद अली नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आपसी सहमति में कब्जे अनुसार फर्द बटवारा नामा पत्र उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में दिनांक 04.06.2024 को पक्ष क्र. 01 श्रीमती इरशाद बैगम पति सैय्यद खुर्शीद अली, सैय्यद जावेद अली, सैय्यद जुनैद अली पिता सैय्यद खुर्शीद अली क्षेत्रफल 134 व.मी, भू भाटक 28.55 रु. पक्ष क्र. 02 सैय्यद असगर अली पिता सैय्यद शहादत अली क्षेत्रफल 53 व.मी., भू भाटक 11.29 रु. बंटवारा नामा पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए नजूल अभिलेख में पृथक-पृथक नाम दर्ज किए जाने बंटवारा नामा पत्र की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उतर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 16/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील — नजूल अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ) Website : www.cgmsc.gov.in
Main portal : http://eproc.cgstate.gov.in /क्र.4696/निर्माण/2024 दिनांक 16/07/2024

स.क्र.	नि.आ.सू. क्र.	कार्य का नाम	राशि (रु. लाख)	निविदा आमंत्रण
1	9825	जिला नारायणपुर वि.खं. नारायणपुर के छोटेडोंगर में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	233.86	चतुर्थ
2	9826	जिला बीजापुर वि.खं. भैरमगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोसलनार का शेष निर्माण कार्य।	44.59	षष्ठ
3	9827	जिला बीजापुर वि.खं. बीजापुर के पालागुढ़ा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	70.16	अष्टम
4	9828	जिला बीजापुर ब्लाक भोपालपट्टनम के सेन्ड्रा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	62.71	ग्यारह
		निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 23/07/2024 से देखी जा सकती है। उपरोक्त कार्यों की निविदा लो.नि.वि. (2015) की दर से आमंत्रण की जा रही है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 02/08/2024 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी। संवाद-40867/1 — अधीक्षण अभियंता		

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 05.08.2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	नि.आ.सू. क्र./दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	33	जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत जिला जांजगीर चांपा के बिसाहू दास मंहत शासकीय चिकित्सालय चांपा का रेनोवेशन एवं मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग ।**	35.91
2	34	जिला जांजगीर चांपा के जांजगीर में न्यायिक अधिकारी के लिए 01 नग एफ-टाईप शासकीय आवासगृह निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग ।**	36.12
3	35	खरसिया उपसंभाग में त्वरित मरम्मत अंतर्गत राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्गों एवं ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग ।**	25.00
4	36	सारंगढ़ उपसंभाग में त्वरित मरम्मत अंतर्गत राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्गों एवं ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग।**	25.00
5	37	रायगढ़ उपसंभाग में त्वरित मरम्मत अंतर्गत राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्गों ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग।**	40.00
6	38	धरमजयगढ़ उपसंभाग में त्वरित मरम्मत अंतर्गत राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्गों एवं ग्रामीण मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग।**	40.00
7	39	लो.नि.वि. हाईकोर्ट उपसंभाग क्र. 2 बिलासपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय परिसर बोदरी स्थित अन्य महत्वपूर्ण भवनों में वार्षिक मरम्मत और रखरखाव कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 2 बिलासपुर।**	120.00
8	40	लो.नि.वि. हाईकोर्ट उपसंभाग क्र. 2 बिलासपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय परिसर बोदरी के मुख्य भवन में वार्षिक मरम्मत और रखरखाव कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. बिलासपुर।**	125.00
9	41	लो.नि.वि. हाईकोर्ट उपसंभाग क्र. 2 बिलासपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय परिसर बोदरी में आवश्यक एवं महत्वपूर्ण कार्य (केवल आपातकालीन) स्थिति में गैर आवासीय भवन के लिए)। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. बिलासपुर।**	50.00
10	42	लो.नि.वि. हाईकोर्ट उपसंभाग क्र. 2 बिलासपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय काम्पलेक्स में अत्यावश्यक एवं महत्वपूर्ण कार्य (केवल आपातकालीन स्थिति में गैर आवासीय भवन के लिए) **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. बिलासपुर।**	50.00
11	43	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। मुंगेली संभाग।**	30.00
12	44	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं डिस्टेंपरिंग का कार्य। प्रथम आमंत्रण। मुंगेली संभाग	40.00

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
जी-242501156/6 — लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

समक्ष-नोटरी महोदय तहसील मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं नोखेलाल कुर्रे उम्र 40 वर्ष पिता रामदास कुरै जाति सतनामी ग्राम जोतपुर पो.आ. बरमपुर तहसील लोरमी जिला मुंगेली छ.ग. का निवासी हूं जो निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं -
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। **2.** यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में नाम JATIN KUMAR लिखा हुआ है जिसे सुधारकर R JAREEN KUMAR कराना चाहता हूं।
3. I NOKHE LAL KURRE S/O RAMDAS KURRE, RESIDING AT JOTPUR, POST BARAMPUR MUNGELI CHHATTISGARH 495115 HAVE CHANGED THE NAME OF MY MINAOR SON JATIN KURRE AGE 08 YEARS AND HE SHALL HEREAFTER BE KNOW AS R JATEEN KUMAR **4.** यह शपथ पत्र मैं मेरे पुत्र के नाम एवं स्पेलिंग सुधारने के लिए पेश कर रहा हूं जो सत्य व सही है।
सत्यापन :- मैं नोखेलाल कुर्रे यह सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त कंडिका 01 से 04 तक की लिखी गई समस्त जानकारी सत्य है। जिसे आज दिनांक 18.07.2024 को नोटरी महोदय मुंगेली के समक्ष अपना हस्ताक्षर/अगूंठा लगाया।

शपथकर्ता

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 65/बी-121/2023-24
द्वारा मुंगेली प.ह.नं. 17

एतद् द्वारा ग्राम रामगढ़ के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जब्बार हुसैन आ. मकबूल हुसैन जाति मुसलमान निवासी रामगढ़ तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम रामगढ़ हल्का नं. 17 तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने माता जुलेखा बेगम आ. मकबूल हुसैन की मृत्यु दिनांक 10/05/2012 को होने एवं सचिव ग्राम पंचायत रामगढ़ के पंजी में दज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 30/07/2024 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि को पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (CIVIL) CIRCLE-I
2x500 MW,ABVTPS CSPGCL MARWA-TENDUBHATHA, DISTT. JANJGIR-CHAMPA

No. 005-7800/Tend./ABVTPS/317 — Dated: 12-07-2024

निविदा आमंत्रण सूचना

अटल बिहारी बाजपेयी ताप विद्युत गृह छ.ग.स्टे.पा.जन.क.लिमि. मड़वा के द्वारा आवासीय परिसर में निर्मित शॉपिंग काम्प्लेक्स की कुल 11 दुकानों के संचालन हेतु जांजगीर-चाम्पा जिले के मूल निवासियों से सील बंद लिफाफे में निविदा फार्म में दर्शाये गये नियम एवं शर्तों के अधीन तीन वर्ष (Three Year) की अवधि के लिए एकमुश्त प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है, विवरण इस प्रकार है:-

S. N.	Tender Specification No.	Name of Work	Completion period	Earnest Money deposit in Rs.	Last Date of submission of application for purchase of tender form	Due Date of opening of tender at 4.15 P.M.
1	2	3	5	6	7	10
01	SEC-I/ ABVTPS/ 2024/T-19	Allotment of newly constructed Shopping Complex at colony premises at 2x500MW, ABVTPS CSPGCL Marwa.	36 (Thirty Six) Months	10000.00	31.07.2024	02.08.2024

Terms & Conditions:- 1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु शुल्क रू. 590.00 जी.एस.टी. सहित, वरिष्ठ लेखाधिकारी, अ.बि.वा.ता.वि.गृह. छ.ग.स्टे.पा.जन.क.लिमि. मड़वा के नाम पर DD/BC /Pay Order इत्यादि जमा करने पर प्राप्त की जा सकती है, जो कि वापसी योग्य नहीं होगा ।2. प्रस्ताव आमंत्रण हेतु इच्छुक फर्म को जी.एस.टी. रजिस्टर्ड होना आवश्यक होगा। प्रस्ताव आमंत्रण पत्र के साथ जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति जमा करना होगा। 3.The completed tender form along with EMD amount in the shape of DD / Pay Order / Banker's Cheque in the name of Sr. Accounts Officer, 2x500MW, ABVTPS CSPGCL Marwa Tendubhata in separate envelope and appended over the sealed tender form envelope will be accepted latest by 4.00 P.M. on due date of opening. The tenders will be opened at 4.15 P.M. on same day in the office of the S E (Civil) Circle 1 in front of presented contractors or authorized representatives of the participating contractors. 4.If holiday falls on due date of opening, then the completed tender forms can be submitted on next working day up to 4.00 P.M. & shall be opened on the same day. 5.Conditional tenders will not be accepted. 6.Competent authority reserves the right to accept/cancel any/all tenders in part or in full without assigning any reason thereof. 7.Note:- further details please visit https://cspc.co.in/cspgcl_tender/

S.- 40852/1
Executive Engineer (Civil) Office
SAVE ELECTRICITY — O/o Superintending Engineer (C) Circle-I,2x500MW, ABVTPS, CSPGCL Marwa- Tendubhatha.

वार्डों के परिसीमन की सूची चस्पा होते ही राजनीति गरमाई

कांग्रेस ने दर्ज कराई आपत्ति, कहा- परिसीमन गाइडलाइन के विपरीत

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका कार्यालय में परिसीमन की सूची के चस्पा होते ही नगर में राजनीति गर्म हो गई और मुंगेली जिला, शहर कांग्रेस कमेटी, लोरमी नगर पंचायत, पथरिया नगर पंचायत ने आपत्ति दर्ज करते हुए सूची को शासन के गाइडलाइन के विरुद्ध बताया है। वहीं वार्ड 3, 6, 8, 9, 10, 11 सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। वहीं वार्ड 13, 14, 15 आंशिक रूप से प्रभावित हुए है।

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के 22 वार्डों में मतदाताओं की संख्या को संतुलित करने के लिये प्रशासन द्वारा परिसीमन कराया गया। जिसकी सूची को नगर पालिका कार्यालय में चस्पा हुआ। कांग्रेस ने संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, घनश्याम वर्मा, अरविंद वैष्णव, संजय यादव, संपत जायसवाल और अन्य नागरिकों ने परिसीमन पर लिखित आपत्ति दर्ज करते हुए कहा है कि परिसीमन में शासन के गाइडलाइन का उलंघन कर अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित वार्ड में जनसंख्या बदलकर आरक्षण से मुक्त करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित वार्ड में 200 लगभग नागरिकों को शामिल किया गया। इससे एसटी के लिये आरक्षित वार्ड आरक्षण से मुक्त हो सकता है। वहीं वार्ड में पहले से ही जनसंख्या पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी वार्डों को नियम विरुद्ध तोड़कर अन्य वार्डों में जोड़ा गया है। इसी तरह वार्ड के नागरिकों ने भी परिसीमन का विरोध किया है। कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा कि परिसीमन के पूर्व आम सहमति बनाने के लिये एसडीएम मुंगेली में सर्वदलीय बैठक नहीं बुलाया गया। सभी वार्डों के परिसीमन की रूपरेखा बनाई गई थी और वार्डवार एवं विषयवार चर्चा हुआ था। जिसमें वार्ड के मतदाता को वार्ड नंबर में जोड़ा जाएं, ऐसा सुझाव दिया गया था और सर्वसम्मति से उस सुझाव भी नहीं लिया गया। उसके बाद राजनीतिक दबाव एवं षड्यंत्र के हिसाब से परिसीमन का रिपोर्ट एवं नक्शा बदल दिया गया। मुंगेली शहर का कुल जनसंख्या 31000 लगभग है। जिसमें प्रत्येक वार्ड की जनसंख्या का रेशियो जिसमें वार्ड की जनसंख्या कम है जिसमें जुड़े हुए वार्ड से मतदाताओं को शिफ्ट करना था और वार्ड में प्रतिपूर्ति किया जाना था जो कि ऐसा ना करके जिसमें पहले से ही उसमें वार्ड को काट कर डाला जा रहा है। जिसे आपत्तिकर्ताओं ने गलत और नियम विरुद्ध बताया है। आपत्ति वार्ड में 90 प्रतिशत जनसंख्या अनिसूचित जनजाति का है और वहां मतदाता संख्या भी पर्याप्त है। जिसमें कही से मतदाता जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। मेन रोड को क्रॉस करके वार्ड में जनसंख्या को वार्ड में लाया जा रहा है जो गाइडलाइन का उल्लंघन है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुरूप वार्डों के परिसीमन का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। वर्ष 2019 में भी मुंगेली जिला वार्डों का परिसीमन 2011 की जनगणना के अनुरूप किया गया था। इसके बाद ना जनगणना हुई और ना ही ऐसा कोई सर्वे हुआ। जिससे शहर की जनसंख्या में वृद्धि का दस्तावेज प्रमाण है। ऐसे में सिर्फ वार्डों की सीमाओं में बदलाव के लिए परिसीमन प्रासंगिक नहीं है। भाजपा विधायक भाजपा नेता के कार्यालय में बैठकर मनमुताबिक वार्डों की सीमा निर्धारित कर दी गई है।

अधिक मूल्य पर धान खरीदी का झांसा देकर 46 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के लालपुर थाना क्षेत्रांतर्गत गुरुवाईनडबरी, कोदवाबानी, गैंजी, बांधा आदि ग्रामों सहित अन्य क्षेत्रों के लगभग 10 से अधिक किसानों से अधिक मूल्य पर धान खरीदी का झांसा देकर 46 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। धान खरीदी के नाम पर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले अन्य आरोपियों के साथ पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

मामले की जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने बताया कि लालपुर थाना क्षेत्र ग्राम गुरुवाईनडबरी निवासी जवाहर साहू, सीताराम साहू, मनीराम साहू, श्रीधर साहू, ग्राम कोदवाबानी के हरेन्द्र सिंह, भोले जायसवाल, गैंजी के मुरली चंद्राकर, विष्णु साहू, बांधा के कृषक नंदकुमार साहू, राजेश केशर से आरोपी जितू साहू पिता खम्हन साहू उम्र 21 वर्ष, लीलाराम साहू ग्राम पंचभैया आदि ने किसानों के गांव जाकर उनसे संपर्क कर अधिक मूल्य के धान खरीदने एवं भविष्य में रकम देने की बात कर धान की खरीदी की। बाद में फेन बंद कर फरार हो जाते थे। किसान की शिकायत पर पुलिस ने नवागढ़ क्षेत्र निवासी लीलाराम एवं उसका साथी जितू साहू के विरुद्ध पुलिस द्वारा धारा 420, 34 भादवि दर्ज किया था। उक्त मामले का खुलासा एडिशनल एसपी पंकज पटेल, एसडीओपी सालिक राम घृतलहरे, लालपुर थाना प्रभारी लक्ष्मण खुंटे ने किया। अपराध दर्ज होने के 12 घंटे के भीतर ही लालपुर पुलिस द्वारा एक आरोपी जितू साहू को गिरफ्तार कर लिया गया है।

न्यूज गैलरी

अपहरण मामलों में पुलिस का विशेष अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थानों चौकियों में अपहरण के दर्ज प्रकरणों में बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के तहत अपहृताओं की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जिले के विभिन्न थाना/चौकियों से अलग-अलग टीम गठित किया गया। वर्ष 2024 में जिले में अपहरण के प्रकरणों में साइबर सेल के सहयोग से 51 प्रकरणों में आरोपी एवं अपहृता को देश के विभिन्न राज्यों पूणे महाराष्ट्र, हैदराबाद तेलंगाना, हरियाणा, सूरत गुजरात, लखनऊ उत्तर प्रदेश, बैंगलूरू तमिलनाडु एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से अपहृताओं के बरामदगी एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

मनोज छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष

जांजगीर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सकरेली(बा.) के मनोज लहरे को सर्व सतनामी समाज छत्तीसगढ़ ने सक्ति ब्लॉक का ब्लॉक अध्यक्ष चुना है। उनका नाम सक्ती जिला के जिलाध्यक्ष गेंदराम मनहर और संभाग अध्यक्ष डॉक्टर धीरेन्द्र खूंटे की अनुशंषा से मनोनीत करने पर समस्त सतनामी समाज ने सही दिशा निर्देश देने व संगठन को विस्तार, मजबूती देने में सहयोग की अपेक्षा की है।

झेरिया यादव समाज की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

जांजगीर/नवप्रदेश। झेरिया यादव समाज के जिला अध्यक्ष दिवाकर यादव की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ पारस यादव के निवास स्थान गोबराभाठा में किया गया। बैठक के पूर्व ईष्टदेव भगवान श्री कृष्ण की छायाचित्र में श्रीफल अगरबत्ती फूल मालाओं व आरती गाकर आरंभ की गई, जिसमें आगामी 21 जुलाई दिन रविवार को जिला जांजगीर चांपा मुख्यालय में प्रदेश स्तरीय आम सभा महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला सक्ती के सभी तहसील अध्यक्ष सचिव व अन्य प्रमुख पदाधिकारियों से सलाह विचार विमर्श किया गया। इस संबंध में जिला अध्यक्ष दिवाकर यादव ने बताया कि प्रदेश स्तरीय महासभा में जिला रायगढ़, जिला कोरबा, जिला बिलासपुर ,जिला जांजगीर चांपा व जिला शक्ति के सभी प्रमुख पदाधिकारी व सदस्य की उपस्थिति में शांतिमय ढंग से एक महारैली निकाली जाएगी, जिसमें सभी तहसील अध्यक्ष अध्यक्षता करेंगे वहीं विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा व आम सहमति बनाने के साथ ही क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक डीआर यादव, प्रदेश प्रवक्ता एमआर यादव, प्रदेश संगठन मंत्री रामलाल यादव ,जिला महासचिव रिषभ देव यादव, जिला संरक्षक हरिप्रसाद यादव, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष रामकुमार यादव, गोपाल व अन्य उपस्थित थे।

फल लेने गए किसान की मोटरसाइकिल पार

सक्ती/नवप्रदेश। इलाज कराकर चांपा से सक्ती लौट रहे जिले के ग्राम अंजोरीपाली के किसान की बाइक सक्ती के कंचनपुर के पास से पार हो गई। किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित अंजोरीपाली निवासी है। वह खेती किसानी का काम करता है। 14 जुलाई को वह डाक्टर के पास इलाज कराने चांपा गया था। लौटते समय करीब 2 बजे बाइक को मेनरोड कंचनपुर की फल दुकान के पास खड़ी कर फल खरीदने में व्यस्त हो गया। उसने चाबी बाइक में लगी छोड़ दी थी।

आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 19 तक

जांजगीर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद बीडी महंत उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव में सीट खाली होने पर प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की है। आत्मानंद बीडी महंत उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या रिक्त है। उन रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन जमा करना का अंतिम तिथि 19 जुलाई तय किया है। स्कूल के नोटिस बोर्ड पर चयन संबंधी नियमों को लगाया गया है।

सेना के नियमों में बदलाव के लिए पीएम को लिखा पत्र

जांजगीर/नवप्रदेश। वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक नगर के कुंवर भुवन भास्कर सिंह विद्यालय परिसर स्थित वरिष्ठ नागरिक मंच के कार्यालय में हुई। बैठक में वरिष्ठ नागरिक मंच के सदस्य डॉ. जीपी दीक्षित ने वर्तमान में मौसम में होने वाले परिवर्तनों की विस्तार से जानकारी देने के साथ वरिष्ठ नागरिक मंच के सदस्यों से बारिश के मौसम में पानी छानकर व गर्म करके पीने, बारिश में भीगने से बचने, तेज मिर्च व मसाला वाला भोजन नहीं करने की सलाह दी गई। वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष योगाचार्य रामेन्द्र सिंह चौहान ने वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिदिन योग का अभ्यास करने के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग को दैनिक जीवन चर्या में शामिल करने की अपील की। बैठक में कोरोनावायरस के संक्रमण के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं को निरस्तकर पुनः सुविधाओं को बहाल करने, वरिष्ठ नागरिकों को ट्रेन में यात्रा के दौरान टिकट में विशेष रूप से छूट प्रदान करने केंद्र व राज्य शासन को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया।

रायगढ़ में हथनी ने दिया शावक को जन्म

खरसिया रेंज में 11 हुई हाथियों की संख्या, निगरानी में जुटे वनकर्मी

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के खरसिया वन परिक्षेत्र के झीटीपाली जंगल में मादा हाथी ने शावक को जन्म दिया है। हाथी रात भर चिंघाड़ती रही। जंगल पास के गांव में रहने वाले ग्रामीणों ने उसकी आवाजें सुनी तो उन्हें कुछ आशंका हुई, तब वन कर्मचारियों को इसकी सूचना दी गई। वनकर्मी और ग्रामीण झीटीपाली के जंगल में पहुंचे। दो दिन तक वनकर्मी और ग्रामीण जंगल में हाथी की तलाश करते रहे। 2 दिन बाद उन्हें हाथी के बच्चे के जन्म का प्रमाण मिले।

जंगल में शावक के जन्म के निशान मिले, जिसकी तस्वीर विभागीय अमले ने ली है।विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि लगभग सात जुलाई को शावक के जन्म के प्रमाण मिले हैं। ऐसे में अब वह शावक करीब दस दिन का हो गया है। बताया जा रहा है कि जब तक वह पूरी तरह चलने फिरने नहीं लग जाता तब तक मादा हाथी इस जंगल को छोड़कर नहीं जाएगी। बताया जा रहा है कि मादा हाथी ने शावक को जन्म दिया है, लेकिन उसके करीब तक जाना बहुत खतरा है और वह शावक की वजह से आक्रामक हो सकती है। इस कारण हाथियों पर दूर से विभागीय कर्मी निगरानी कर रहे हैं और उनके मूवमेंट पर नजर रखा जा रही है।बताया जा रहा है कि जब मादा हाथी ने यहां शावक को जन्म दिया, उस दौरान हाथियों की संख्या खरसिया रेंज में 6 थी और अब वह बढ़कर 11 हो चुकी है और हाथी का दल कक्ष क्रमांक 1173 में विचरण कर रहा है।खरसिया रेंजर गोकुल प्रसाद यादव ने बताया कि इससे पहले करीब 3 माह पूर्व खरसिया रेंज के कक्ष क्रमांक 1154 में एक हाथी शावक का जन्म हुआ था। तीन माह में दो शावकों ने खरसिया रेंज में जन्म लिया है। ऐसे में अब नन्हें मेहमान को मिलाकर झुंड में तीन शावक हो गए। रायगढ़ वन मंडलाधिकारी स्टायलो मंडावी का कहना है कि कुछ दिन पहले मादा हाथी ने शावक को जन्म दिया और अभी वह स्वस्थ है। विभाग के लिए यह अच्छी बात है। हाथी प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों को जंगल की ओर अकेले नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। ताकि कोई नुकसान न हो।

आषाढ़ में कम बरसे बादल, नहरों से भी पानी की उम्मीद नहीं, किसान चिंतित

जांजगीर/नवप्रदेश। आषाढ़ माह में कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसानों में मायूसी छा गई है। उन्हें इस बात की चिंता है कि पानी आखिर कब बरसेगा। उल्लेखनीय है कि आषाढ़ में अभी तक हल्की बूंदाबांदी व बारिश हुई है, जिसके तहत पहले खुर्रा बुआई करने वाले किसानों का धान निंदाई के लायक हो गया है, जिनमें पानी की जरूरत है, वहीं लाई हारा व रोपाई पद्धति से खेती करने वाले किसानों की जमीन सूखी नजर आ रही है।

क्षेत्र के नहर से पानी बहुत ही कम मात्रा में आ रहा है और उसमें ऊपर स्तर से अधिकांश पानी बागान नाल में जा रहा है जिसकी भी देख रेख करने वाला कोई नहीं है। बहुत ही कम बारिश होने के चलते ही क्षेत्र के अधिकांश किसानों की ट्यूबवेल्स में अभी तक पानी का लेवल ऊपर नहीं आया है, जिसके चलते ट्यूबवेल में बहुत ही कम मात्रा में पानी निकल रहा है। इससे 24 घंटे में 30 से 40 डिसमिल जमीन ही सिंचाई हो पा रही है। अंचल के अधिकांश किसानों की खेती कार्य दिन-ब-दिन पिछड़ती जा रही है। हालांकि कृषि विभाग ने अभी भी खेती करने का अनुकूल समय बाकी बताया जा रहा है फिर भी किसान आषाढ़ माह में बहुत ही कम बारिश होने से मायूस है। क्षेत्र की किसानों का कहना है कि सिंचाई के लिए नहर में भी अधिक पानी दिया जाता तो अधिक किसानों की खेती तर की जा सकती है, लेकिन नहर विभाग से जुड़े आला अधिकारियों की कमजोरी से क्षेत्र की अधिकांश माइनरों की हालत खस्ताहाल होने पर नहर के टेल एरिया में पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

दुल्लाबाबा की सवारी देखने उमड़ा जनसैलाब

लखनपुर/नवप्रदेश। मातमी पर्व मुहर्रम के आखिरी दसवीं तिथि बुधवार को स्थानीय ईमाम बाड़े से ताजिया दारों ने ताजिया निकाला। काफिला कदमी चौक से होते हुए पठानपुरा थाना मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंचा जामा मस्जिद पैलेस रोड होते हुये रिवाज के मुताबिक ताजिया को राज महल के सामने लाया गया जहां वर्तमान लाल बहादुर अजीत प्रसाद सिंह देव कुंवर अमीत सिंह देव सुमीत सिंहदेव ने फूलमाला पहनाकर गुलाब जल छिड़क ताजिया एवं दुल्हा बाबा के सवारी का इस्तकबाल किया।

बताया जाता है रियासत काल में ताजिया रखने की रिवायत राजमहल से शुरू हुई थी। तब से यह प्रथा लखनपुर में आज भी जिंदा है बहरहाल ताजिया दारों का जुलूस मर्सिया गाते हुए बाजार पारा मार्ग से शहीदे कर्बला शिवपुर की ओर बढ़ता गया। जहां देर शाम को ताजिया को विसर्जित तथा दुल्हा बाबा के सवारी को ठंडा किया गया। इस तरह से मातमी पर्व मुहर्रम का सिलसिला मुकम्मल हुआ। मुहर्रम मुस्लिम मातमी त्योहार है। इसके धार्मिक पहलुओं है मुहर्रम के मौके पर दुल्हा बाबा के सवारी काआना इतिफाक की बात है। अजीब- ओ -गरीब हैरतअंगेज कारनामे के लिए जाने जाना वाला दुल्हा बाबा के सवारी को देखने दूर दराज से लोग इमामबाड़ा में पहुंचते हैं। लखनपुर में रियायत काल से नाले हैदर एवं नाले अरधात के नाम से दुल्हा बाबा की सवारी आती है । यह सवारी अपने आप में अद्भुत आश्चर्यजनक होता है। धधकते आग के अवाले में भरे अंगार से खेलना अजीब नजारा होता है। हर साल मुहर्रम के मौके पर यह सवारी आती है। लखनपुर दुल्हा बाबा के सवारी के लिए मशहूर रहा है। कहा जाता है दुल्हा बाबा की सवारी अन्य दूसरे प्रांतो में नहीं आता । यह सवारी सातवीं के बाद नौवमी एवं पहलाम के आखिरी रोज दसवीं तिथि को स आती है। बाबा की सवारी कुदरती देन है माना जाता है।लोग अपनी मानता लेकर लोग दुल्हा बाबा के सवारी के पास पहुंचते हैं। इनके दरबार में सबकी मुरादें पूरी होती कोई भी सवाली इनके दर से खाली हांथ नहीं लौटता। इतना ही नहीं प्रेत बाधा टोना टोटका की झाड़ फूंक कराने भी जरूरत मंद लोग पहुंचते हैं। दुल्हा बाबा सवारी के अनेकों हैरतअंगेज दास्तां आज भी कहे सुने जाते हैं। मौजूदा वक्त में यह सवारी मोहम्मद फरीद खान एवं जाकिर हुसैन को आता है। इससे पहले भी कई लोगों को यह सवारी आती थी।

जमीन विवाद में मारपीट, 5 गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। बिछिया में पिछले दिनों ग्रामीण के मकान में घुसकर 5 आरोपियों ने मारपीट की थी। इस पर बाराद्वार पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मारपीट करने वाले पांचों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। बाराद्वार टीआई राजेश खलखो ने बताया कि महेश राम पटेल बिछिया ने बाराद्वार थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई, कि हरिशंकर यादव, बालकुंवर यादव, अमित यादव, राजकुमार यादव व अमित यादव की पत्नी एक राय होकर उनके घर में घुसे और उनके पिता सुखन लाल पटेल को जमीन संबंधी विवाद पर मारपीट की। इसकी लिखित शिकायत महेश राम पटेल ने बाराद्वार पुलिस थाना में की थी। जिस पर बाराद्वार पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 16 जुलाई को आरोपी हरिशंकर पिता राधेश्याम, अमित कुमार , राजकुमार , बालकुंवर यादव व हीरा बाई सहित पांचों आरोपियों पर बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

गोवर्धनपुर पुल से नहीं गुजरेंगे भारी वाहन, पाइपलाइन भी हटेगी

रायगढ़/नवप्रदेश। अपर कलेक्टर ने गोवर्धनपुर पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों के परिवहन के लिए यह पुल उपयुक्त नहीं है। उन्होंने ईई पीडब्ल्यूडी को क्षतिग्रस्त हिस्से पर लाल झंडी, रेत की बोरियां रखने और रेडियम एवं बेरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने पुल का मरम्मत शुरू करने और मरम्मत के दौरान भारी वाहनों के परिवहन के लिए अन्य वैकल्पिक मार्ग की चिन्हांकित करने के लिए एसडीएम रायगढ़ और डीएसपी ट्रैफिक को निर्देशित किया। अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय ने आयुक्त नगर निगम को पुल में स्थित अमृत मिशन के वाटर पाइप हटाने के लिए एस्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिए। ताकि पुल की आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित हो सके। वर्तमान में इस पुल पर प्रतिदिन 700 से अधिक भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। संबलपुरी रोड को भारी वाहनों के लिए माना गया उपयुक्त तहसीलदार लोमश मिरी ने वैकल्पिक मार्ग के संबंध के बताया कि वाहनों के लिए एनएच से बाबा धाम के पास वाले ओवर ब्रिज से उर्दना चौक से पुंजीपथरा से तमनार से ग्राम संबलपुरी रोड भारी वाहनों का आवागमन किया जाना उचित होगा।

गाली देने पर बड़े भाई की हत्या, गिरफ्तार

जशपुरनगर/नवप्रदेश। थाना बागबहार के ग्राम बगई झरिया में घरेलू विवाद के दौरान छोटे भाई ने डंडे से अपने बड़े भाई पर जानलेवा हमला कर दिया था। इससे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने उनके छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

आयोजन | आशीष महमिया रायगढ़ रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोनीत

रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ रायल की कार्यकारिणी ने ली शपथ

रायगढ़/नवप्रदेश। रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ रायल की वर्ष 24-25 की कार्यकारिणी के अध्यक्ष आशीष महमिया, सचिव अंकित अग्रवाल और कोषाध्यक्ष आशीष अरोरा ने होटल श्रेष्ठ में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में जनसेवा की प्रतिबद्धता की शपथ ली। डी.जी.ई. अमित जायसवाल के मुख्य आतिथ्य और पी.डी.जी शशांक रस्तोगी के अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में नयी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ शशांक रस्तोगी ने ही दिलायी।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के दीप प्रज्वलन से हुआ। उसके पश्चात् कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा भारत का राष्ट्रगान गाकर राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया गया। तत्पश्चात पिछले कार्यकाल के दौरान पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु उन्हें सम्मानित किया गया। उसके बाद नयी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ अधिकारी शशांक रस्तोगी ने जनसेवा हमारा मूल के ध्येय से शपथ दिलायी। उसके पश्चात् पदाधिकारियों सहित अतिथियों द्वारा सभा को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में सफल मंच संचालन राहुल अग्रवाल और संदीप अग्रवाल द्वारा किया गया।

इनका हुआ सम्मान

रोटे. आशीष महमिया, रोटे. नारायण अग्रवाल, रोटे. पंकज गोयल, रोटे. अशोक गर्ग, रोटे. मनीष अग्रवाल, रोटे. योगेन्द्र वर्मा, रोटे. आशीष अरोरा, रोटे. सुशील रामदास अग्रवाल, रोटे. डॉ. मनीष बेरीवाल, रोटे. राहुल अग्रवाल, रोटे. ज्योति महमिया, रोटे. संदीप अग्रवाल, रोटे. अमित अग्रवाल, रोटे. मयंक केडिया रोटे. मनोज अग्रवाल, रोटे. संतोष अग्रवाल, रोटे. विजय अग्रवाल एन.आर., रोटे. उर्मिला मोदी, रोटे. कविता सुशील रामदास, रोटे. पूनम अरोरा, रोटे. गौरव अग्रवाल, रोटे. अजय जिंदल, रोटे. अंकित अग्रवाल व श्रीमती शिल्की अग्रवाल, रोटे. मुकेश अग्रवाल, रोटे. रितेश अग्रवाल, रोटे. प्रेम लता अग्रवाल, सुश्री गरिमा गोयल, मंजू अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, रोटे. सूर्यकांत अग्रवाल व शीतल अग्रवाल, रोटे. मनोष अग्रवाल व पूजा अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल आदि को विभिन्न उत्कृष्ट जनसेवा के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें विजय अग्रवाल एन.आर. को रायल रोटेरियन ऑफ द इयर के लिए व सुशील रामदास को स्टार रोटेरियन ऑफ द इयर के लिए तथा संतोष अग्रवाल को उत्कृष्ट सचिव एवं उत्कृष्ट उपाध्यक्ष के लिए संदीप अग्रवाल को सम्मानित किया गया। नगर के नौ प्रतिष्ठित समाजसेवी विश्व की श्रेष्ठतम् समाज सेवी संस्थान रोटरी क्लब के कार्यों से प्रभावित होकर की सदस्यता ली। जिसमें श्रीमती प्रेमलता विजय अग्रवाल (एन.आर) और अंकित अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, राजीव गुप्ता, शक्ति अग्रवाल, विनय अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल आदि सम्मिलित हैं।

पदाधिकारियों और अतिथियों के दिए गए संबोधन का सार

कार्यक्रम में सर्व प्रथम नए अध्यक्ष आशीष महमिया ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी के सहयोग से हमारे कार्यकाल का आरंभ स्थायी सेवा माता बंजारी मंदिर के शेड से हुआ और आगे आप सभी के सहयोग से विशाल आई चेकअप कैंप लगाने की योजना हमने बनाई है। उसके पश्चात पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गत कई वर्षों की भांति पिछला कार्यकाल आप सभी सदस्यों और पदाधिकारियों के सहयोग से ऐतिहासिक रहा है। आशा है कि हम इसी प्रकार से आगे भी जनसेवा में पूरी तन्मयता से योगदान देते रहेंगे। उसके पश्चात् ए.जी. विनोद अग्रवाल बड़ीमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी द्वारा किया जाने वाली जनसेवा का कार्य उत्कृष्टतम है। उसके बाद डायरेक्टर सुशील रामदास ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोटरी का सेवा क्षेत्र में नाम है। उसी प्रकार आप सभी द्वारा किया जाने वाला जनसेवा का कार्य मुक्त कंठ से प्रशंसा योग्य है। वार्डर प्रेसिडेंट डॉ. मनीष बेरीवाल ने सभा को संबोधित करते हुए क्लब के कार्यों की प्रशंसा की। उसके बाद कार्यक्रम अध्यक्ष शशांक रस्तोगी और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित जायसवाल ने सभा को संबोधित करते हुए क्लब के कार्यों को उत्कृष्टतम बताते हुए प्रशंसा की।

न्यूज गैलरी

सरगुजा जिले में सबसे कम 136.9 मिमी औसत वर्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भू-अभिलेख शाखा के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि जिले के सभी तहसीलों में 24 घण्टे के दौरान 0.2 मि. मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 1.0 मिमी औसत वर्षा लुण्ड्रा तहसील में दर्ज की गई है। इसे मिलाकर पूरे जिले में जून से अब तक 136.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज़ की गई है। उन्होंने बताया कि 01 जून से 18 जुलाई तक अम्बिकापुर में 117.5 , दरिमा में 68.3 ,लुण्ड्रा में 146.2, सीतापुर में 183.3, लखनपुर में 134 , उदयपुर में 131.4, बतौली में 156.6, एवं मैनपाट में 157.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

50 पाव देशी शराब के साथ आरोपी किए गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल, एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ति मनीष कुंवर के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री एवम तस्करी की रोकथाम के लिए कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है, जिसके परिपालन में 16 जुलाई को मुखबिर सूचना पर ग्राम जैजैपुर नहर पुल के पास जैजैपुर में अवैध देशी प्लेन शराब रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी गोलू कुमार बर्मन पिता राजेंद्र कुमार बर्मन उम्र 24 साल ग्राम बेलाडुला थाना जैजैपुर के द्वारा अपने मोटर साइकिल प्लेटिना क्रमांक सीजी 11 एजेड 3549 में टंकी के सामने 02 सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरी अंदर अवैध 50 पाव देशी प्लेन शराब कुल 9 बल्क लीटर शराब कीमत 4500 रूपए को परिवहन करते गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपी को 16 जुलाई के 21. 20 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक ललित चंद्रा के मार्गदर्शन में प्र.आर. शंकर सिंह राज, आर. गोविंद पटेल, ज्वाला नेताम, यादराम चंद्रा, दिनेश पटेल, का सराहनीय योगदान रहा।

पहाड़ी कोरवा बहुल ग्राम में लगा स्वास्थ शिविर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरएन गुप्ता के मार्गदर्शन में विकासखंड अंबिकापुर के पहाड़ी कोरवा बहुल बसाहट ग्राम खिरहीर, सेक्टर बड़ा दमाली में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य जांच जैसे एचबी, बीपी, सिकलिंग, मलेरिया, शुगर एवं टीबी जांच की सुविधा दी गई। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड। ग्राम खिरहिर में 101 पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड लक्षित हैं जिसमें से पूर्व में 60 लोगों का कार्ड बनाया जा चुका है। शिविर में 6 ग्रामीणों का कार्ड बनाया गया। शेष हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है। शिविर से उक्त शिविर में कुल 56 हितग्राही उपस्थित हुए जिनमें 47 हितग्राहियों का बीपी, शुगर एवं सिकलिंग जांच तथा 27 मलेरिया जांच, 19 एचबी जांच, साथ ही 4 बच्चों का टीकाकरण किया गया। शिविर में उपस्थित 29 हितग्राहियों को स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किया गया, उक्त शिविर में सामान्य सर्दी बुखार, दस्त के हितग्राही को जांचा और दवाइयां उपलब्ध कराई गई। उक्त शिविर के आयोजन में मुख्य रूप से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आयुष जायसवाल, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक धर्मेंद्र जायसवाल, चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋषि मिश्रा, पर्यवेक्षक लखन गुप्ता, पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता अमरेश रजवाड़े, बृजलाला तथा महिला कार्यकर्ता अन्नपूर्णा कुशवाहा, मधुलता सिंह एवं नम्रता कुशवाहा उपस्थित रहीं।

प्राकृतिक आपदा में फसल बीमा है बेहतर विकल्प

सक्ती/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ फसलों के लिये बीमा कराने की के लिए 31 जुलाई 2024 तक किसान आवेदन कर सकते है। इसके लिये राज्य शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिले के लिये खरीफ मौसम में धान सिंचित व असिंचित, मक्का, उड़द और मूंगफली फसल को अधिसूचित किया गया है। धान एवं मक्का फसल के लिये ग्राम को इकाई क्षेत्र लिया गया है तथा उड़द और मूंगफली फसल के राजस्व निरीक्षक मण्डल क्षेत्र को इकाई माना गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, अऋणी, भू-धारक किसान, बटाईदार व वनपट्टाधारी किसान ले सकते है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के सभी पात्र किसानो को फसल बीमा का लाभ लेने के लिये अपील की गई है। कृषि विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार इस वर्ष सक्ती जिला में फसल बीमा के लिए बीमा कम्पनी बजाज एलाइन्स जनरल इन्शोरेस कम्पनी लिमिटेड को अनुबंध किया गया है। बीमांकित राशि धान सिंचित के लिये 24000 रूपये तथा धान असिचित के लिय 17200 रूपए प्रति एकड है तथा किसानों के लिये प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत् है। धान सिंचित के लिये 480 रुपए प्रति एकड तथा धान असिंचित के लिये 344 रूपए प्रति एकड़ प्रीमियम राशि जमा करना होगा। इसी प्रकार मक्का फसल के लिए 14400 रूपए, उड़द के लिए 8800 रुपए और मूंगफली के लिए 16800 रुपए प्रति एकड बीमांकित राशि निर्धारित की गई है तथा प्रीमियम राशि मक्का के लिए 288 रुपए, उड़द के लिए 176 रुपए और मूंगफली के लिए 336 रुपए प्रति एकड़ जमा करना होगा।

जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही, एजेंसियां होंगी ब्लैकलिस्टेड

◆ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने कलेक्टर ने की कार्यों की प्रगति की समीक्षा

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रोहित व्यास एवं अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन सूरजपुर के अध्यक्षता में आज जल जीवन मिशन के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रो में मिशन के कार्यों में प्रगति जलागार निर्माण, पाइपलाइन की प्रगति तथा जल आपूर्ति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मिशन अंतर्गत कार्यप्रगति के असंतोषजनक स्थिति को देखते हुए सभी जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं। साथ ही नाराज़गी व्यक्त करते हुए उन्होंने जिन क्षेत्रों में काम शुरू नही हुआ या काम की गुणवत्ता ठीक न है या काम पूरा नहीं किया है ऐसे सभी निर्माण एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने का निर्देश भी पीएचई विभाग के अधिकारियो को दिया है। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सूरजपुर के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, समस्त निर्माण एजेंसी आई. एस. ए. जिला समन्वयक, एन.जी.ओ. के टीम लीडर, क्रेडा विभाग से जिला प्रभारी अधिकारी, क्रेडा निर्माण एजेंसी से एस.आई उपस्थित रहें। कलेक्टर श्री व्यास ने समीक्षा के दौरान प्रत्येक ग्रामों में कार्यरत निर्माण एजेंसी से सीधें चर्चा के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान समस्त अप्रारंभ कार्यों को आगामी 7 दिवस में प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये। यदि इस 7 दिवस की अवधि में जो निर्माण एजेंसी कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं, तो उनके अनुबंधों को तत्काल समाप्त करते हुए ब्लैकलिस्ट किए जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं।

गौरतलब है कि जिले में कुल 87 उच्च स्तरीय जलागार निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुये है। इन निर्माण एजेंसियां में एक्वाग्रांट वाटर प्यूरीफायर के 14, कलवंत गोयल के 13, गणेश बिल्डकॉन के 6, पी. आर. कन्स्ट्रक्शन के 5 तथा प्रकाश कुमार अग्रवालद्द के 7 निर्माण कार्य शामिल हैं। निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने पर उक्त एजेंसियों समेत सभी अन्य एजेंसियों पर कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह क्रेडा विभाग के निर्माण एजेंसियों के द्वारा सोलर पावर पंप एवं टंकी स्थापित किया जाना है। जिसमें में. आर. बी. पी. के 57, आरवेज के 41, मीरा एवं सीको के 56 सहित अन्य के काम मिलाकर जिले में कुल 240 सोलर आधारित पंप स्थापना एवं टंकी निर्माण कार्य शेष है । इसके अलावा जिलें में सतहीय स्त्रोत आधारित कुल 11 समूह जल प्रदाय योजना प्रगतिरत है। इन समूहों के अंतर्गत कुल 413 ग्रामों में पेयजल प्रदाय प्रस्तावित है। जिसको आगामी मार्च-2025 तक पूर्ण करने के निर्देश सभी निर्माण एजेंसियों को दिये गये। इस मिशन के तहत 11 एन.जी.ओ. भी कार्यरत हैं। जिसमें से 05 एन.जी.ओ. के द्वारा कार्य मानक अनुसार नहीं किये जा रहें है। जिनको कार्य करने के निर्देश दिये गये हैं। कार्य नहीं करने की स्थिति में इनके भी अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है । कार्यपालन अभियंता से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 130 ग्रामों में स्थापित टंकी एवं सोलर टंकी से जल प्रदाय किया जा रहा है। जहां कार्य पूर्ण कर लिया गया है वहां ग्राम पंचायतों को चरणबद्ध रूप में हस्तांतरित करने तथा मासिक जलकर सरपंचों एवं सचिवों के द्वारा अनिवार्य रूप से वसूली करने के निर्देश दिये गये है ताकि नलों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप में हो सके। साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों के द्वारा बिजली बिल, पंप आपरेटर तथा अन्य संधारण कार्य किया जा सके। इसके अलावा कलेक्टर श्री व्यास के द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि ग्राम पंचायतों के द्वारा मासिक जलकर वसूली नहीं की जाती है ऐसी स्थिति में विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी। जलजीवन मिशन की प्रगति के लिए कलेक्टर श्री व्यास ने प्रत्येक सप्ताह समय-सीमा के बैठक में प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये साथ ही प्रत्येक माह जल जीवन मिशन की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश भी दिए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर ने उपस्थित संबंधित सभी अधिकारियों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्य की मॉनिटरिंग फील्ड में जाकर करने के निर्देश भी दिए ताकि चल रहे कार्यों की गुणवत्ता का वास्तविक रूप में एवं नियमित परीक्षण किया जा सके। साथ ही उन्होंने ठेकेदारों को कहा कि मिशन अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों में भूमि विवाद या अन्य किसी प्रकार की समस्या आने पर आवश्यक रूप से जिला प्रशासन को सूचित करें।

अंग्रेजी बोलने में शिक्षक होंगे दक्ष

स्पोकन इंग्लिश का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

सक्ती/नवप्रदेश। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर तथा राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार विकासखंड सक्ती के 50 प्राथमिक शालाओं के अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षकों का स्पोकन इंग्लिश अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण 18 से 22 जुलाई तक सामुदायिक भवन पोरथा में शुरू किया गया है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में शैलेश देवांगन हुलेश साहू कृष्णा साहू अशोक राठौड़ के द्वारा सभी शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से तथा अलग-अलग प्रविधियां के द्वारा लगातार प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में अंग्रेजी भाषा के प्रति पैदा हो रहे डर को दूर करना तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी बोलने में दक्ष करना है। पूरे प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को हिंदी में बात करने की अनुमति नहीं होगी, किसी भी प्रकार के विचार तथा प्रश्न को अंग्रेजी में ही पूछ कर व्यक्त किया जा सकेगा। प्रशिक्षण का संचालन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सक्ती के द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण अवधि में बीईओ केपी राठौर राठौर के द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए है। उल्लेखनीय है कि राज्य की शासकीय शालाओं में अंग्रेजी विषय का अध्यापन तो किया जाता था परंतु स्पोकन इंग्लिश पर इस प्रकार के प्रशिक्षण का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। प्रशिक्षार्थियों के उत्साह तथा लगन को देखते हुए उम्मीद है कि आगामी दिवसों में सक्ती विकासखंड की शालाओं में अंग्रेजी विषय की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण का यह तीसरा चरण है।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटिक से की मुलाकात

सूरजपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री, लक्ष्मी राजवाड़े ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार खटिक से भेंट कर छत्तीसगढ़ में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी और साथ ही उन्हें बस्तर के आदिवासियों के द्वारा बनाई जाने वाली विश्व प्रसिद्ध ढोकरा कलाकृति भेंट कर उन्हें प्रदेश आने के लिए आमंत्रित भी किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने उनके आमंत्रण को स्वीकार कर जल्द छत्तीसगढ़ प्रवास पर आने के साथ ही दिव्यांगजनों के हित में महत्वपूर्ण कार्य करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की जनकल्याण योजनाओं का लाभ प्रत्येक हितग्राही तक पहुंचाने के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश की मंत्री श्रीमती राजवाड़े को पूर्ण रूप से आश्वस्त किया कि डबल इंजन की सरकार में हम सब मिलकर विकसित राष्ट्र बनाने के दिशा में कार्य करेगें। विदित हो के इसके पहले मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी से भी मुलाकात कर प्रदेश में चल रही योजनाओं से अवगत करा चुकी है। दोनों ही केंद्रीय मंत्रियों ने मंत्री राजवाड़े को छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार का फायदा दिलाने की बात कही है और मंत्री राजवाड़े के अब तक के कार्यों की प्रशंसा भी खूब हुई है।

एक टन कबाड़ सहित पिकअप जप्त

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध कबाड़ पर जिले में लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में कल दोपहर थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को उनके लगाये मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग के पिकअप वाहन में लोहे छड़ के टुकड़े अवैध कबाड़ को धनागर की ओर से रायगढ़ की ओर जाना बताया । तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ कोसमनारा तिराहा पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच किया गया । इस दौरान सफेद रंग के पिकअप क्रमांक सीजी 13 ए.आर.-5781 को रोककर चेक किया गया । ड्राइवर ने अपना नाम राजेश गुप्ता पिता विश्वनाथ गुप्ता उम्र 42 साल निवासी गढउमरिया थाना जूटमिल रायगढ़ का रहने वाला बताया। ड्रायवर से वाहन में लोड लोहे के कबाड़ के संबंध में पूछताछ कर कागजात मांग करने पर वाहन चालक ने कोई कागजात होना नहीं बताया । पुलिस टीम द्वारा वहां में रखी संपत्ति चोरी के होने के संदेह पर जप्ती कर कबाड़ का वजन कराये जो करीब 1 टन कबाड़ कीमत 20,000 पाया गया। अवैध कबाड़ मय पिकअप वाहन (जुमला कीमत 4,20,000) जप्त कर वाहन चालक राजेश गुप्ता पर थाना कोतरारोड में इस्तगासा क्रमांक 04/2024 धारा 35(क),(ड) 303(2) के तहत कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक बाबूलाल पटेल, आरक्षक टिकेश्वर यादव शामिल थे।

850 दर्शनार्थी अयोध्या धाम रवाना

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं की अयोध्या धाम दर्शन की इच्छा को शासन द्वारा पूरा किया जा रहा है जिससे श्रद्धालुओं में भी काफी उत्साह है। छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक चलाई जा रही विशेष ट्रेन को बुधवार 17 जुलाई को सांसद चिंतामणि महाराज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, कलेक्टर विलास भोसकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रामलला दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन को बुधवार दोपहर 2 बजे अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस विशेष ट्रेन में सरगुजा संभाग के सभी 06 जिलों के 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जा रहा है। अयोध्या जाने वाले दर्शनार्थियों में सरगुजा जिले के 170 श्रद्धालु में अनुरक्षक भी शामिल हैं। जशपुर से 204, सूरजपुर से 147, कोरिया से 108, बलरामपुर से 164, और एमसीबी जिले से 57 दर्शनार्थी शामिल हैं।

मंगल भवन अमंगल हारी चौपाई गाकर जाहिर की खुशी

यात्रा पर निकलने से पूर्व रेलवे स्टेशन पर कहीं श्रद्धालु भजन गाते दिखे, तो कहीं चौपाई गाकर अपनी खुशी जाहिर की। मंगल भवन अमंगल हारी चौपाई गाकर बुजुर्ग श्रद्धालु ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने अपना किया हुआ वादा निभाया है और इस योजना से श्री राम लला के दर्शन की जो इच्छा है, वह पूरी हो रही है। यह हमारा सौभाग्य है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बड़ी तेजी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

समीक्षा — कलेक्टोरेट सभा कक्ष में अधिकारियों से कहा गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न पहुंचाना हमारा कर्तव्य, आमजनों के हित में कार्य करें

दुर्गम पारा-टोलों तक ट्रैक्टर या अन्य माध्यम से पहुचाएं खाद्यान्न

हितग्राहियों की सुविधा के लिए प्रतिमाह शुरुआती दिनों में राशन वितरण समय में वृद्धि करें

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में गुरुवार को कलेक्टर विलास भोसकर ने खाद्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न सभी तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है, इसलिए आमजनों के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करें।

इस दौरान प्रभारी खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 517 राशन दुकानें संचालित हैं। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित खाद्य निरीक्षकों से सम्बन्धित क्षेत्र के राशन दुकानों, राशन वितरण, दुकान संचालकों, नया राशन कार्ड निर्माण एवं वितरण, आवेदनों की संख्या आदि की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों के राशन दुकानों का समय-समय पर औचक निरीक्षण अवश्य करें। राशन दुकान संचालकों पर कड़ी नजर रखें, हितग्राहियों से बात कर फीडबैक लें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही करें। यह सुनिश्चित करें कि हितग्राहियों को किसी प्रकार कि समस्या ना हो, समय पर सभी को राशन प्राप्त हो जाए। कलेक्टर श्री भोसकर ने जिला खाद्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सरगुजा जिले में कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां दुर्गम रास्तों के कारणवश लोगों को राशन दुकान आने एवं राशन लेकर जाने में असुविधा होती है। इसलिए माह में दो दिन निर्धारित कर ट्रेक्टर अथवा अन्य माध्यम से ऐसे सभी पारा, टोलों में राशन वितरण कराने कार्ययोजना बनाएं। राशन वितरण के समय की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिमाह राशन वितरण की शुरुआत में राशन लेने आने वालों की संख्या अधिक होती है, ऐसे में उनकी सुविधा हेतु राशन वितरण के समय में वृद्धि करें। प्रतिमाह 1 से 10 तारीख तक वितरण का समय सुबह 8 से शाम 6 बजे तक हो तथा 11 से 30 तारीख तक सुबह 10 से शाम 5:30 समय रखें।

स्कूल निर्माण बेहद गंभीर, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में गुरुवार को क्लेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, और आदिवासी विकास विभाग के तहत भवन निर्माण में आरईएस के कार्यों की जानकारी ली। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत आरईएस द्वारा 1036 भवनों में मरम्मत के कार्य और 40 अतिरिक्त भवन निर्माण किया गया है। कलेक्टर श्री भोसकर ने समीक्षा करते हुए कहा कि स्कूल भवनों का निर्माण कार्य बेहद गंभीरता से किया जाना चाहिए। उन्होंने बीते दिनों विभिन्न स्कूलों की छतों के क्षतिग्रस्त होने की खबर पर चर्चा कर नाराजगी जताते हुए आरईएस के अधिकारियों-कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न कराने कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों का अन्य निर्माण एजेंसियों से भौतिक सत्यापन कराया जायेगा। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के साथ आपसी समन्वय करते हुए बीईओ और बीआरसी अपने क्षेत्र में स्कूल निर्माण कार्य पर गंभीरता से फोकस करें। बैठक में कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदाय करने की प्रक्रिया में बीईओ और बीआरसी की भी जिम्मेदारी तय की गई। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में डिस्मेंटल किए गए भवनों के मलबे को पंचायत के माध्यम से हटवाएं और परिसर को स्वच्छ बनाएं। उन्होंने सभी सब इंजीनियर को सख्त निर्देश दिए कि भवन निर्माण में छत ढलाई के काम के दौरान अनिवार्य रूप से स्वयं उपस्थित होकर काम का निरीक्षण करें और उसके फोटोग्राफ प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने सभी विकासखंडों के बीईओ से चर्चा कर उनके क्षेत्र में के उन स्कूल भवनों को जानकारी ली जिनमें वर्तमान में मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता है। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को सभी स्कूलों को सूचीबद्ध कर नियमानुसार एजेंसी निर्धारण करते हुए कार्य कराने के निर्देश दिए। इसी तरह बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आदिवासी विकास विभाग के तहत आरईएस से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी ली। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री डीपी नागेश, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जेआर प्रधान सहित खंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

जिला सहकारी बैंक परिसर में रोपा गया छायादार पौधा

छुरा/नवप्रदेश। पीएम और सीएम के आह्वान पर प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा खड़मा में छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर पन्नालाल साहू, सहायक लेखापाल ओमप्रकाश यादव, नरोत्तम ध्रुव परिवेक्षक ओमकार यदु, कनिष्ठा लिपीक हितेश ध्रुव ,डेनेन्द्र साहू,ईश्वर ध्रुव, कंम्पयूटर आपरेटर नीलकंठ साहू खिलेश्वरी दीवान सहित समस्त स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित थे।

संगीत विश्वविद्यालय के लिए 13 विद्यार्थियों का चयन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग की पहल पर दंतेवाड़ा जिले के 12वीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के सुनहरे भविष्य के लिये जिला प्रशासन द्वारा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में निःशुल्क अध्ययन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिस तारतम्य में जिले के विभिन्न संस्थाओं से इच्छुक 25 छात्र/छात्राओं ने खैरागढ़ में विभिन्न विधाओं में अध्ययन करने हेतु अपनी रूचि व्यक्त की थी। इन 25 छात्र/छात्राओं को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में प्रवेश दिलवाने के लिए अभिरूचि परीक्षण को उत्तीर्ण करने के लिए आवश्यक तैयारी जिले प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा करवायी गई जिसमें इन 25 छात्र/छात्राओं को विभिन्न विधाओं की तैयारी कराये जाने हेतु आस्था विद्या मंदिर जावंगा में दिनांक 18 जून 2024 से 03 जुलाई 2024 तक आवासीय प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया गया था। जिसमें विभिन्न विधाओं जैसे गायन, वादन, नृत्य, फाईन आर्ट्स कला से संबंधित मूलभूत प्रशिक्षण संगीत एवं कला के शिक्षकों द्वारा दिया गया था। 16 जुलाई को घोषित प्रथम अभिरूचि परीक्षण परिणाम की प्रथम सूची में जिले के 13 छात्र/छात्राओं ने अपना स्थान बनाया।

बीएड के प्रशिक्षणार्थियों ने किया कॉलेज में पौधा रोपण

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय नवापारा राजिम के बी. एड.प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा श्रीमती सारिका साहू सहायक प्राध्यापिका के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुडेनी में एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया! साथ ही पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया!इस अवसर पर बुडेनी हाई स्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार पाटकर तथा अन्य सभी शिक्षकगण उपस्थित थे! बी. एड. प्रशिक्षणार्थियों मे चंद्रहास, तुलेश्वरी, मीणा, खुमेन्द्र, डालेश्वरी, शशिकला, नंदनी ने सहायक प्रध्यापिका -सारिका साहू के मार्गदर्शन मे विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों रोपित करके पर्यावरण जागरूकता तथा वृक्षारोपण का संदेश दिया!

जल है तब तक जीवन है, वृक्ष है तब तक जीवन है: डॉ. रमन सिंह

■ **विस अध्यक्ष एक पेड़ मां के नाम के तहत चलव बनाबो हरियर राजनांदगांव कार्यक्रम में हुए शामिल**

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा गांधी सभागृह में आयोजित एक पेड़ मां के नाम के तहत चलव बनाबो हरियर राजनांदगांव कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नगरवासियों को 300 से अधिक फलदार, छायादार और सुगंधित फूल के पौधों का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गांधी सभागृह परिसर में अपनी माँ स्वर्गीय श्रीमती सुधा देवी सिंह के नाम बरगद का पौधरोपण किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। सांसद ने भी अपनी माँ के नाम पर पौधा लगाया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पूरे देश में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अच्छा कार्य किया जा रहा है। जल है तब तक जीवन है, वृक्ष है तब तक जीवन है। इसलिए जल संरक्षण एवं वृक्ष लगाना हमारे लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक चिंता में है। विश्व में पर्यावरण संरक्षण की ही बात की जा रही है। विश्व में जल संरक्षण एवं ओजोन परत में क्षति और कार्बन उत्सर्जन सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पेड़ काटने से मौसम में परिवर्तन आया है। जहां बारिश हुई तो बहुत होती है, नहीं तो महीने भर बारिश नहीं होती है। प्रकृति का नया-नया रूप देखने को मिल

रहा है, उसके लिए हम सभी दोषी है। जंगल को कटने से बचाना है। उन्होंने कहा कि दुनिया के चारों तरफ समुद्र का पानी है। दुनिया में जितना पानी उपलब्ध है। उसका सबसे बड़ा हिस्सा 94 प्रतिशत पानी समुद्र के हिस्से में हैं। जिसका उपयोग पीने, खेती एवं अन्य उपयोग में नहीं ला सकते हैं। पृथ्वी के नीचे और नदियों, तालाबों का पानी रिसायकल होकर गिरता है। उन्होंने बताया कि 0.5 प्रतिशत ही पानी इस दुनिया के लिए उपयोगी है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज जब वृक्षारोपण की बात हो रही है। एक पेड़ अपनी माँ के नाम से लगाने से निश्चित रूप से भावनात्मक रूप से हम जुड़े हैं। उस प्रकृति से जुडने़ और बचाने के लिए हमारी भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके लिए हम सब का योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां से हम सभी एक-एक पेड़ ले जाएंगे और उचित स्थान में लगाएंगे। माँ के नाम पेड़ है तो इसलिए उसका रक्षा का दायित्व और कर्तव्य भी है। उसे हर साल बढ़ते हुए देखेंगे तो आपके जीवन में खुशहाली आएगी और माँ का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम पेड़ आने वाली पीढ़ी के लिए लगाते हैं। किसी पीढ़ी ने पेड़ लगाया उसका फल आज हम ले रहे हैं। आप जो पेड़ लगाएंगे उसे आने वाली पीढ़ी आपको धन्यवाद देगी। इसकी शुरूआत हुई है, यह सतत चलता रहे। हमारा राजनांदगांव हरा-भरा रहे और पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर हो, इस दिशा में हम सब मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्व को बताया कि भारत पूरी धरती को कुटुम्ब मानती है और पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री की जलवायु परिवर्तन व विविधता के विषय में चिंतन एवं वनों के संबंध में उनके विचारों को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। पूरा देश एक पेड़ माँ के नाम पर लगा रहा है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति के साथ समरसता रही है और इसके बिगड़ने पर देश व विश्व में विकृति आयी है। भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधों, पशु-पक्षी, शिलाओं में जड़-चेतन की बात कही गई है और पूजा जाता रहा है। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम क्षेत्र में हरियर राजनांदगांव बनाने के लिए सतत रूप में कार्य कर रहे हरियर मित्र दुर्गेश कुमार, जागेश्वर वैष्णव, सूरज कुमार देवांगन, खिलेश्वर प्रसाद साहू, कैलाश पुरी गोस्वामी, हिमान्शु साहू को शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अग्निवीरों के नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 तक

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 4 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी। निःशुल्क शारीरिक दक्षता परीक्षण प्राप्त करने के लिए सफल अभ्यर्थी अपना नाम, पता, मोबाइल नं. एवं अग्निवीर थल सेना का पंजीयन क्रमांक की जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद में 31 जुलाई तक कार्यालय में उपस्थित होकर एवं कार्यालय की ई-मेल आईडी एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज डॉट गरियाबंद एट द रेट जी मेल डाट कॉम पर दर्ज करा सकते है।

सहायक आयुक्त रात में पहुंचे कन्या छात्रावास के निरीक्षण में

■ **ट्राइबल एसी ने नियमों की उड़ाई धज्जियां, मामले पर आरोप लगाया गया है कि वे मनमानी कर रहे**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में महिला कर्मचारियों को देर शाम तक मीटिंग के नाम पर रोकने का बवाल थमा भी नहीं है और दंतेवाड़ा के आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त पर सारे नियमों को ताक पर रखकर सूर्यास्त के बाद कन्या छात्रावास का निरीक्षण करने का आरोप लगा है।

बताया जाता है कि अधिकारी ने अनाधिकृत रूप से रात में प्रवेश कर प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया, जबकि राज्य शासन ने शाम 6 बजे या सूर्यास्त के बाद किसी भी कन्या छात्रावास या आवासीय परिसर का पुरुष अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करने पर रोक लगाया हुआ है। यहां तक कि ऐसे आवासीय परिसर में भोजन पकाने

वाले पुरुष भृत्य, जलवाहकों व चौकीदार को भी सूर्यास्त के बाद परिसर में मौजूद रहने की मनाही है। कांकेर जिले में घटित बहुचर्चित झलियामारी दुष्कर्म कांड के बाद से ही राज्य शासन ने यह गाइड लाइन सख्ती से लागू किया हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार 14 जुलाई 24 को शाम 7 बजकर 13 मिनट को सहायक आयुक्त दंतेवाड़ा प्री मैट्रिक बालक आश्रम तुमनार का निरीक्षण करने के बाद गीदम में बने एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास पहुंचे तथा नियम तथा शासन के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए कन्या छात्रावास का निरीक्षण करने लगे। सहायक आयुक्त ने शासन के आदेश की परवाह न कर अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर न सिर्फ छात्रावास का निरीक्षण किया, बल्कि छात्राओं को कतार बद्ध खड़े करवाया हुआ था।

इस बीच यह भी बात सामने आ रही है कि उक्त अधिकारी ने कुछ दिनों पहले इसी तरह रात में कुआकोंडा कन्या छात्रावास का भी निरीक्षण कर शासन के नियमों का उल्लंघन किया, जो गंभीर मामला है। के एस मरकाम सहायक आयुक्त दंतेवाड़ा से फोन पर संपर्क किया गया, परंतु उनका मोबाइल बंद था।

किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज उर्वरक का करें वितरण: कलेक्टर

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने चालू खरीफ सीजन में जिले के सहकारी समितियों में खाद, बीज एवं उर्वरक के भण्डारण तथा वितरण की समितिवार जानकारी ली। कलेक्टर ने समितियों के लक्ष्य अनुसार भण्डारण एवं वितरण पर विस्तृत चर्चा करते हुए जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीणों तक पर्याप्त मात्रा में इसकी पहुंच की मॉनिटरिंग भी करने के निर्देश दिये।

प्राचार्य के खिलाफ नहीं मिली लिखित शिकायत

■ **स्कूल की महिला कर्मियों को समझाइश नागवार गुजरी**

भोपालपटनम/नवप्रदेश। 15 जुलाई को दैनिक नवप्रदेश में पन्द्रह साल से पदस्थ पुरुष प्राचार्य शीर्षक से प्रकाशित समाचार में कुछ महिला कर्मचारियों द्वारा प्राचार्य पर आरोप लगाया गया था। जो कि निराधार है। महिला कर्मचारियों को अपने प्राचार्य की शिकायत अपने उच्चाधिकारियों से करनी थी। इस संबंध में बीईओ ने कहा कि कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है। शिकायत की गई होती तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाता। उन्होंने ऐसा ना कर सोशल मीडिया का सहारा लिया। जब समाचार पत्र के अनुसार उक्त तथ्य का संबंधित संस्थान के सूत्रों से जानकारी ली तो ऐसा कुछ भी नहीं पाया गया। उक्त प्राचार्य एक अनुशासित शिक्षक होते हुए अनुशासन का अनुसरण करने की समझाइश देते थे। जिसका शिकायतकर्ता महिला कर्मचारी को नागवार गुजरा। महिला होने का फायदा उठाया। शौचालय के संबंध में प्राचार्य ने अपने उच्चाधिकारियों को जानकारी दे दी थी।

दो महिला भृत्य जिसमें एक लिपिक में पदोन्नति पाकर अन्यत्र चली गई दूसरी भृत्य ने अपने गृहग्राम में स्थानांतरण करवा लिया। महिला भृत्य वहां पहले से ही अधिक थे तो फिर अन्य महिला भृत्य को भेजने की आवश्यकता नहीं थी। इस अतिरिक्त महिला भृत्य को उसके संलग्नीकरण समाप्त कर मूल स्थान पर यथावत करने के लिए स्कूल के प्राचार्य द्वारा अपने उच्चाधिकारियों को पूर्व में ही पत्र द्वारा जानकारी दी गई थी।

वर्सन

इस संबंध जब खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण लाल कुड़ेम से जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में महिला कर्मचारी ने प्राचार्य के विरुद्ध लिखित में कोई शिकायत नहीं की थी। अगर शिकायत की होती तो मैं उस शिकायत से अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराता।

स्वतंत्रता आंदोलन में प्रमुख स्तंभ रहे बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव का नहर सत्याग्रह: मोटवानी

धमतरी/नवप्रदेश। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने में कंडेल नहर सत्याग्रह के बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जिनकी पुण्यतिथि पर पार्षद एवं भाजपा नेता विजय मोटवानी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को छत्तीसगढ़ की धरती पर प्रथम बार तथा दूसरी बार लाने का श्रेय बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के नहर सत्याग्रह को जाता है और यहीं से ही पूरे राष्ट्र में असहयोग आंदोलन के साथ ही सामाजिक विषमता को मिटाने के अध्याय का सूत्रपात हुआ था।

जंगल से 220 लीटर शराब और जप्त किया 5 टन महुआ लाहन

■ **छापे की भनक लगते ही आरोपी भागने में सफल**

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ जिले के जंगल में अज्ञात लोगों द्वारा महुआ से शराब बनाया जा रहा था। इसकी जानकारी जब आबकारी विभाग को मिली तब आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक अपने टीम के साथ मौके पर छापामार कार्यवाही की। इस कार्यवाही की भनक आरोपियों को लग गई जिसकी वजह से सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक ने बताया कि बिलाईगढ़ विकासखंड के सरसीवा क्षेत्र में स्थित ग्राम रनकोट चौकी बेलादुला के जंगल में अवैध रूप से शराब बनाने की सूचना मिली। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर छापामार कार्यवाही की गई। घंटों तक चली इस कार्यवाही में दो स्थानों से आबकारी विभाग की टीम की बड़ी सफलता हाथ लगी। आबकारी विभाग की टीम ने 3 भट्टी में बनाए गए 220 लीटर महुआ शराब को जप्त किया। 4 हजार 8 सौ किलो महुआ लाहन को नष्ट किया। महुआ शराब और लाहन की कीमत 2 लाख 84 हजार रुपए बताई जा रही है। घटना स्थल से टीम ने मदिरा बनाने के बर्तन सहित अन्य सामान को जप्त किया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(च) तथा 34 (2) का मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई।

सड़क के लिए खोदे गए गड्ढे से ग्रामीण हलाकान

धमतरी/नवप्रदेश। कोलियारी, खरेंगा, दोनर, जोरातराई निर्माणधीन 32 किलोमीटर सड़क पर दोनों तरफ खोदे गए गड्ढे के कारण रोज कोई ना कोई दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है। निर्माण करने वाली एजेंसी बरसात से पूर्व ही सड़क को खोद कर मुरमीकरण किया जाना था। पर जनता की परेशानी की अनदेखी कर मनमानी की जा रही है। अब सड़क जानलेवा साबित हो रही है। सड़क निर्माण समिति के संरक्षक दयाराम साहू ने कहा है कि सड़क निविदा की शर्तो के अनुसार 19 माह में सड़क का निर्माण किए जाने के अनुबंध को धता बताते हुए अभी तक निर्माण के नाम पर औपचारिकता पूरी करते हुए सड़क को उखाड़ कर छोड़ दिया गया है। दोनों तरफ गड्ढे खोद दिए गए हैं जिसके कारण थोड़ी सी बारिश में गाड़ी चलाना मुश्किल हो गया है। पाइप डालने के लिए बनाए गई डायवर्सन सड़कों की स्थिति तो और भी बदतर हो गई है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग तथा संबंधित एजेंसी को जल्द ही रास्ते को आने- जाने लायक बनाने की मांग की जा रही है।

भगवान जगन्नाथ लौटे धाम, लगाया गया 56 भोग

छुरा/नवप्रदेश। बाहुड़ा यात्रा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। रथ यात्रा के पर्व का अंतिम पड़ाव जब भगवान नौ दिन अपने मंदिर को छोड़कर अपने मौसी के यहां रहते हैं। इस नियमानुसार नगर में भगवान 9 दिनों तक छोटे राज महल के मंदिर में विराजमान होते हैं, वहां राजपरिवार द्वारा प्रभु की 9 दिनों तक सेवा की जाती है। बाहुड़ा यात्रा के साथ रथयात्रा पर्व समाप्त हुआ। श्रद्धालु जन राजमहल परिसर पहुंचकर भगवान की विधि विधान से पूजा -आरती कर भगवान जगन्नाथ जी वापस

अपने धाम लौट गए। छोटे राज महल से बाजे गाजे व आतिशबाजी हरीबोल के जयकारे के साथ मानस मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंचने के बाद भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, बलभद्र भैया की विशेष पूजा अर्चना कर 56 भोग से स्वागत किया गया।

बाहुड़ा रथयात्रा में ओंकार शाह पूर्व विधायक,अध्यक्ष मंदिर समिति, बजरंग पांडे, यज्ञेश पांडेय भोला पांडेय शीतल ध्रुव, मिथलेश सिन्हा,दुर्गेश अर्पण सेन, मेशनंदन पांडेय,गोपाल सोनी, निखिल साहू, नरेन्द्र पटेल, मीतेश दीक्षित, शैलेन्द्र दीक्षित, अखिल चौबे, अजय चंद्राकर,ललित राठौर, नीरज नायक, तुषार चंद्राकर, ललित कुमार वर्मा, मनहरण पटेल, हीरालाल साहू, पोषण वर्मा, ओमप्रकाश यादव, रामकुमार साहू, केशव प्रसाद साहू, पुखराज ठाकुर, विमल पुरोहित,सुधा शर्मा, ईश्वर सिन्हा ,कुमार साहू, यश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

अभियान | जिला केसीजी में नए कानून को प्रचारित करने व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान जारी

संगीत विश्वविद्यालय के छात्रों को दी नए कानून की जानकारी

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला केसीजी मे व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा समर्थ अभियान के तहत संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ कैम्पस मे यातायात पुलिस खैरागढ़ द्वारा जागरूकता कार्यक्रम मे छात्रावास के छात्र/छात्राओं को नवीन कानून भारतीय न्याय सहिंता वाले वाहन न्यायिक प्रक्रिया से अवगत कराया.

कार्यक्रम मे महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, अधिकार, अनुशासन, राहत, हिम्मत,गुड टच, बैड टच,हिट एंड रन, गुड सेमेरिटन, लैंगिक अपराधों से बालको संरक्षण अधिनियम,नशा न करने, साइबर अपराध की पूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया एवं

यातायात नियमों का पालन करने के लिए वचन बद्ध हो गाडी का पूर्ण दस्तावेज, बीमा, लाइसेंस,रखने एवं दोपहिया मे हेलमेट पहनने, चारपहिया मे सीटबेल्ट लगाने ,नाबालिग को वाहन चलाने न देने किसी भी तरह का सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल लोगो की मदद करने जिससे गुड सेमेरेटीन (नेक व्यक्ति) के तहत लोगो को चिन्हाकित/ नामांकित कर छ.ग. पुलिस के द्वारा समय -समय पर पुरुस्कृत किया जा रहा है जैसी योजनाओं के बारे में बता कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइस दिया गया । संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ मे आयोजित जागरूकता कार्यक्रम ने लगभग 110 छात्र /छात्राओं एवं अन्य लोगो की उपस्थिति रही.

साथ ही छात्र-छात्राओं के द्वारा नवीन कानून एवं साइबर अपराध के संबंध में पूछे गए शंकाओं एवं सवालों का निराकरण भी किया गया। खैरागढ़ यातायात पुलिस की ओर से आमजन से यातायात नियमों का पालन कर सहयोग करने की अपील की गई।

उल्लास नवभारत साक्षरता के कार्यों की ब्लाक स्तरीय समीक्षा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत किये जा रहे सर्वे एवं ऑनलाइन एंट्री कार्यो की समीक्षा हेतु कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में विकासखंड कुआकोंडा के खंड स्त्रोत कार्यालय सभाकक्ष में ब्लॉक के सभी संकुल समन्वयक एवं बालमित्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में मुख्य रूप से जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता राजेन्द्र पांडेय, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सौरभ राठौर एवं खंड स्त्रोत समंवयक एम आर कश्यप उपस्थित रहे ।

समीक्षा के दौरान उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत किये जा रहे सर्वे एवं उसके एंट्री की समीक्षा की गई, राज्य स्तर पर जिले की रैंकिंग से अवगत कराया गया और कैसे इस रैंकिंग को और बेहतर किया जा सकता है इस पर चर्चा किया गया । सर्वे उपरांत चिन्हांकित असाक्षरों की कक्षाएं लगाने के संबंद में निर्देशित किया गया ।

■ न्यूज गैलरी

प्राइम डे 2024 के लिए अमेजन पे के रोमांचक ऑफर

नई दिल्ली। अपने कैलेंडर में नोट कर ले और 20 और 21 जुलाई को प्राइम डे नजदीक आते ही बेहतरीन खरीदारी अनुभव का लाभ लेने के लिए हो जाएं तैयार। इस प्राइम डे पर, रोमांचक नए उत्पाद लॉन्च, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन कंटेंट और वर्ष की कुछ सर्वोत्तम डील्स के लिए हो जाइए तैयार। अमेजन पे के साथ, आपको आनंद, बचत और रिवार्ड से भरे प्राइम डे अनुभव की पूरी गारंटी है।प्राइम डे आ गया है और अमेजन पे के साथ, आप ऑफर को और भी बेहतर बना सकते हैं। ग्राहक अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ अपनी सभी प्राइम डे खरीदारी पर कार्ड के मौजूदा 5 प्रतिशत असीमित इनाम के लाभों के अलावा 5त्न कैशबैक का भी आनंद ले सकते हैं!

एयर इंडिया फ्लाइट सर्विस से अलग स्थायी स्टाफ के लिए लाई वीआरएस और वीएसएस स्कीम

नई दिल्ली। टाटा समूह की एयरलाइन एयर इंडिया ने फ्लाइट सर्विस (उड़ान सेवा) को छोड़कर दूसरे कार्यों से जुड़े कम से कम पांच साल तक की सेवा वाले स्थायी कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना यानी वीआरएस स्कीम पेश की है। साथ ही कंपनी के साथ पांच साल से कम समय से काम कर रहे कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक पृथक्करण योजना यानी वीएसएस लाई गई है। भाषा की खबर के मुताबिक, विस्तारा के साथ मर्जर (विलय) से पहले यह कदम उठाया गया है। सूत्रों ने कहा कि वीआरएस योजना उन कर्मचारियों के लिए है, जिन्होंने कंपनी में पांच साल की सेवा पूरी कर ली है।

बैंक-बिल्डरों की ओर से घर खरीदारों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने पर रोक

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर के उन मकान खरीदारों को बड़ी राहत दी है जिन्हें अब तब बिल्डर से उनके फ्लैट का कब्जा नहीं मिला है। अदालत ने निर्देश दिया है कि ईएमआई भुगतान को लेकर बैंक, वित्तीय संस्थान या बिल्डर घर खरीदारों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेंगे और उनसे संबंधित चेक बाउंस के किसी भी मामले पर विचार नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायालय ने कई मकान खरीदारों की वे याचिकाएं खारिज कर दी थीं जिनमें बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निर्देश देने की मांग की गई थी कि जब तक रीयल एस्टेट डेवलपर्स अपने फ्लैटों का कब्जा नहीं दे देते तब तक समान मासिक किस्त (ईएमआई) नहीं वसूला जाए। उच्च न्यायालय के आदेश से असंतुष्ट मकान खरीदारों ने शीर्ष अदालत का रुख किया था, जहां अदालत इस मुद्दे पर गौर करने के लिए सहमत हो गई और संबंधित पक्षों से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने 14 मार्च, 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं पर केंद्र, बैंकों और अन्य को नोटिस जारी किए हैं। इस बीच, सभी मामलों में अंतरिम रोक रहेगी। इस दौरान घर खरीदारों के खिलाफ बैंकों/वित्तीय संस्थानों या बिल्डरों/डेवलपर्स की ओर से परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के तहत शिकायत सहित कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। ज्यादातर वित्तीय संस्थानों/बैंकों ने जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया है।

बाजार में भारी तेजी, ऑल टाइम हाई पर सेंसेक्स-निफ्टी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों आज ताजा ऑल टाइम हाई पर बंद हुए हैं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स 0.78 फीसदी या 626 अंक की बढ़त के साथ 81,343 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अधिकतम 81,522.55 अंक तक गया, जो ताजा ऑल टाइम हाई लेवल है। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 शेयर हरे निशान पर और 8 शेयर लाल निशान पर थे। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी आज 0.76 फीसदी या 187 अंक की बढ़त लेकर 24,800 पर बंद हुआ। यह आज अधिकतम 24,837.75 अंक तक गया, जो ताजा ऑल टाइम हाई लेवल है। बाजार बंद होते समय निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान पर और 15 शेयर लाल निशान पर थे।

■ आईटी शेयरों में उछाल

इन शेयरों में दिखी तेजी

निफ्टी पैक के शेयरों में आज सबसे अधिक तेजी एलटीआई माइंडट्री में 3.48 फीसदी, ओएनजीसी में 2.99 फीसदी, टीसीएस में 2.84 फीसदी, विप्रो में 2.41 फीसदी और बजाज फिनसर्व में 2.39 फीसदी दर्ज हुई। वहीं, सबसे अधिक गिरावट हीरो मोटोकॉर्प में 1.49 फीसदी, कोल इंडिया में 1.48 फीसदी, एशियन पेंट में 1.40 फीसदी, ग्रेसिम में 1.25 फीसदी और बजाज ऑटो में 0.86 फीसदी दर्ज हुई।

सेक्टोरल सूचकांकों का हाल

सेक्टोरल सूचकांकों की बात करें, तो आज सबसे अधिक गिरावट निफ्टी मीडिया में 3.62 फीसदी दर्ज हुई। इसके अलावा निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.03 फीसदी, निफ्टी मिडस्मॉल हेल्थकेयर में 0.40 फीसदी, निफ्टी रियल्टी में 0.01 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक में 0.01 फीसदी, निफ्टी फार्मा में 0.05 फीसदी और निफ्टी मेटल में 0.99 फीसदी दर्ज हुई।

इससे इतर सबसे अधिक तेजी निफ्टी आईटी में 2.23 फीसदी दर्ज हुई। इसके अलावा निफ्टी बैंक में 0.37 फीसदी, निफ्टी ऑटो में 0.43 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.52 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी में 0.94 फीसदी, निफ्टी प्राइवेट बैंक में 0.34 फीसदी, निफ्टी हेल्थकेयर में 0.18 फीसदी और निफ्टी ऑयल एंड गैस में 0.04 फीसदी की तेजी दर्ज हुई।

बजट में डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देने की मांग कर रही हैं साइबर सिक्योरिटी कंपनियां

नई दिल्ली। जैसे-जैसे भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को तेजी से अपनाने के लिए तैयार हो रहा है, साइबर सुरक्षा फर्म आगामी केंद्रीय बजट में सरकार से अधिक सपोर्ट की मांग कर रही हैं। उनका मानना है कि देश की डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अधिक फंडिंग और प्रोत्साहन के लए जरूरी हैं। इननेफू लैब्स के सीईओ और सह-संस्थापक तरुण विग ने कहा कि यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। एआई और मशीन लर्निंग मॉडल को परिष्कृत साइबर हमलों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए सरकारी समर्थन की आवश्यकता होती है। विग ने टॉप साइबर सिक्योरिटी टैलेंट को बढ़ावा देने और बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया, साथ ही कंपनियों को विशेष रूप से साइबर सिक्योरिटी एप्लिकेशन के लिए,ढ्ढ मॉडल के प्रशिक्षण में निवेश करने के लिए सशक्त बनाया। उन्होंने कई संभावित लाभों पर प्रकाश डाला

सोना असली है या नकली? कैसे करें गोल्ड की सटिक पहचान?

नई दिल्ली। भारत में सोने की खरीदारी की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है. शादी से लेकर कई तरह के मौके पर सोने की डिमांड बढ़ जाती है. इस दौरान सोने की ज्वैलरी की खरीदारी खूब होती है. हालांकि आजकल बाजार में मिल रहे नकली सोने के चलते सोने की ज्वैलरी खरीदने से पहले ये सवाल हमारे मन में जरूर आती है कि कहीं ये सोना नकली तो नहीं है. इसलिए खरीदारी से पहले यह पता करना जरूरी है कि सोना असली है या नकली. लेकिन हर किसी को यह पता नहीं होता है कि असली सोने की पहचान कैसे करें?

बता दें कि सोने की शुद्धता जांचने के कई तरीके हैं. जिसमें से एक ये है हॉलमार्किंग. यह सोने शुद्धता की गारंटी होती है. भारत में जून 2021 से सोने की ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग अनिवार्य कर दिया गया है.ऐसे में जब भी आप सोना या फिर सोने के गहने खरीदते हैं तो आपको हॉलमार्किंग जरूर चेक करनी चाहिए. यह भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का एक क्वालिटी सर्टिफिकेट है.

आसान भाषा में समझें तो बीआईएस हॉलमार्क असली सोने की पहचान के तौर पर लगाया जाता है.यानी यह हॉलमार्क आपको इस बात की गारंटी देता है कि आप जो सोना खरीद रहे हैं वह पूरी तरह शुद्ध यानी असली है।

बीआईएस हॉलमार्क की पहचान करना जरूरी

असली और नकली सोने में अंतर जानने के लिए हॉलमार्किंग की पहचान करना जरूरी है. इससे आप आप सही ज्वेलरी खरीद सकेंगे और सोना खरीदते समय धोखाधड़ी से भी बच जाएंगे. लेकिन कई बार लोगों को यह पता नहीं होता कि सोने की असली हॉलमार्किंग की पहचान कैसे किया जाए .इसलिए यहां हम आपको हॉलमार्किंग चेक करने का तरीका भी बता देते हैं.

ऐसे चेक करें हॉलमार्किंग

दरअसल, असली हॉलमार्किंग वो होती है जिसमें भारतीय मानक ब्यूरो का त्रिकोण निशान होता है. इसपर सोने की शुद्धता भी लिखी जाती है. अगर सोने का हॉलमार्क 375 है तो यह 37.5 फीसदी शुद्ध होता है. वहीं, अगर हॉलमार्क 585 है तो यह सोना 58.5 फीसदी शुद्ध होता है.इसके साथ ही हॉलमार्क 750 वाला सोना 75.0 फीसदी शुद्ध होता है और 916 हॉलमार्क सोना 91.6 फीसदी शुद्ध होता है. वहीं, 990 हॉलमार्क होने पर सोना 99.0 फीसदी और 999 होने पर सोना 99.9 फीसदी शुद्ध होने की गारंटी होती है।

ये होती है असली सोने की पहचान

इसके साथ ही कैरेट भी चेक करना जरूरी है. 24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध (99.9 प्रतिशत) माना जाता है. इसका इस्तेमाल सोने का सिक्का और बार बनाने में किया जाता है. इसमें कोई अन्य मेटल नहीं मिलाया जाता है. जबकि 22 कैरेट सोना 91.6 फीसदी शुद्ध होता है. यह सोने की ज्वेलरी बनाने के लिए बेहतर माना जाता है. 22 कैरेट सोने की ज्वैलरी बनाने में 22 पार्ट्स सोने और दो पार्ट्स सिल्वर, निकेल या कोई अन्य मेटल का इस्तेमाल होता है।

एप्पल ने वित्त वर्ष 2024 में भारत में बिक्री की नई ऊंचाई की हासिल

नई दिल्ली । भारत द्वारा उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लागू करने के कारण घरेलू विनिर्माण में आई तेजी ने चीन और वियतनाम जैसे देशों को परेशान कर दिया है। दोनों ही देश चीन और वियतनाम इस मामले में लड़खड़ा रहे हैं।

टेक दिग्गज एप्पल ने इसी कारण पिछले वित्त वर्ष 2024 में भारत में लगभग 8 बिलियन डॉलर की मजबूत बिक्री को छुआ है, जो लगभग 33 प्रतिशत की वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) है। सूत्रों के अनुसार दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन बाजार में प्रीमियमीकरण की सोच के कारण आईफोन की बिक्री में तेजी आई है। न केवल बेहतरीन घरेलू बिक्री, क्यूपर्टिनो बेस्ड कंपनी ने निर्यात में भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। घरेलू विनिर्माण को मिल रहे शानदार समर्थन और मजबूत वितरण के कारण इस साल आईफोन शिपमेंट में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने का अनुमान है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसंधान निदेशक तरुण पाठक ने आईएएनएस को बताया, 'प्रीमियमाइज़ेशन के शुरू होने के साथ ही एप्पल को एक बार फिर अपने उपकरणों और निवेश प्रस्तावों के माध्यम से इसका लाभ उठाने का सही समय मिल गया है। इसके अतिरिक्त, ब्रांड मजबूत हुआ है और कंपनी इसका भी आनंद ले रही है और देश में अपने नेटवर्क का विस्तार कर रही है, जिससे इसे बढ़ने में मदद मिल रही है।' भारत द्वारा पीएलआई योजना को बढ़ावा देने के कारण मोबाइल फोन निर्यात में वित्त वर्ष 2024 में काफी वृद्धि हुई। इसकी वजह से चीन और वियतनाम जैसे मोबाइल बनाने वाले दिग्गज देश भारत से पीछे रह गए।

रियलमी ने 'स्मार्टवॉच एस2' के साथ एआई इकोसिस्टम का किया विस्तार

नई दिल्ली । आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के चलते अब वियरेबल टेक्नोलॉजी का परिदृश्य बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

वियरेबल टेक्नोलॉजी ने शुरुआत में फिटनेस ट्रैकिंग और नोटिफिकेशन जैसे फीचर्स के लिए लोकप्रियता हासिल की, लेकिन जैसे-जैसे ये आम होते गए, उपभोक्ताओं की दिलचस्पी कम होती गई। अब एडवांस कैपेबिलिटी की डिमांड बढ़ी, जिसने इंडस्ट्री में क्रांति लाने के लिए एआई की ओर प्रेरित किया। यह बिजनेस वर्ल्ड में एक बड़े ट्रेंड को दर्शाता है- एआई अब कॉन्सेप्ट नहीं है, बल्कि टेक ब्रांड के लिए प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए महत्वपूर्ण घटक है।

एआई वियरेबल मार्केट में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिसके 2024 में 62.7 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह उछाल हेल्थ, फिटनेस और पर्सनलाइज्ड टेक्नोलॉजी में उपभोक्ताओं की बढ़ती दिलचस्पी से प्रेरित है। दूरदर्शी ब्रांड इस बदलाव को पहचान रहे हैं और उपभोक्ता की बढ़ती डिमांड को पूरा करने और मार्केट शेयर हासिल करने के लिए एआई सॉल्यूशन में निवेश कर रहे हैं।

अमेजन इंडिया ने की प्राइम डे 2024 डील्स की घोषणा

नई दिल्ली। अमेजन इंडिया ने आज इस प्राइम डे के लिए शानदार डील्सए नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन लाइनअप की घोषणा कीए जो 20 और 21 जुलाई को होगा।

इस कार्यक्रम में अक्षय साहीए हेड ऑफ अमेजन प्राइमए डिलीवरी और रिटर्न अनुभवए इंडिया और उभरते बाजारय अभिनव अग्रवालए निदेशक और हेड ऑफ प्राइमए अमेजन इंडियाय मनीष मेंघानीए निदेशक दृ कंटेंट लाइसेंसिंग, प्राइम वीडियो, इंडिया और रंजीत बाबू, निदेशकए वायरलेस और टीवीए अमेजन इंडिया सहित अमेजन प्राइम और प्राइम वीडियो के लीडर्स शामिल हुए। इस अवसर पर अमेजन लीडर्स के साथ, उद्योग जगत के दिग्गज जैसे अमन गुप्ताए सह.संस्थापक और सीएमओए बोटय विशाल शिंदेए हेड

ऑफ ई.कॉमर्स, अगारोय जय कृष्णनए सीईओए सैमसोनाइट साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेडय और राहुल पाहवाए निदेशकए एमएक्स बिजनेसए सैमसंग इंडिया उपस्थित थे।

अमेजन इंडिया अपने इस साल के सबसे प्रतीक्षित 2.दिवसीय उत्सव की मेजबानी करने के लिए तैयार हैए जिसमें प्राइम मेंबर्स को प्राइम डे 2024 के दौरान श्खुशियाँ खोजनेश् के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। यह रोमांचक शॉपिंग इवेंट 20 जुलाई को रात 12 बजे शुरू होगा और 21 जुलाई को रात 11.59 बजे तक चलेगा। यह आराम करने, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन का आनंद लेने और विभिन्न श्रेणियों में शानदार डील्स और बचत का आनंद लेने का सही समय है। प्राइम मेंबर्स स्मार्टफोन्सए कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, एप्लायंसेस, अमेजन डिवाइसए फैशन और ब्यूटी, होम और किचनए फर्नीचर, रोजमर्रा की आवश्यकताएँ और बहुत कुछ पर छूट का आनंद ले सकते हैं।

स्मार्टफोन्स और एक्सेसरीज

इस प्राइम डे 2024 पर 20 जुलाई दृ 21 जुलाई को आपके लिए सबसे रोमांचक नए स्मार्टफोन लॉन्च और बेहतरीन डील्स की एक श्रृंखला लेकर आ रहा है। भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन डेस्टिनेशन' से विभिन्न कीमतों पर कई रोमांचक ऑफर का लाभ उठाएँए साथ ही सुनिश्चित डिलीवरी और शीर्ष ब्रांडों के असली उत्पाद पाएँ।

4 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआईए 50ए000 रुपए तक के एक्सचेंज ऑफरए 10ए000 रुपए तक के कूपन ऑफर और कई अन्य रोमांचक ऑफर का लाभ उठाएं।

भारती एयरटेल फाउंडेशन ने 'भारती एयरटेल छात्रवृत्ति प्रोग्राम' किया लॉन्च

नई दिल्ली। भारती एंटरप्राइजेज की परोपकारी शाखा, भारती एयरटेल फाउंडेशन अपने 25 साल पूरे होने के उपलक्ष में, 'भारती एयरटेल छात्रवृत्ति प्रोग्राम' लांच कर रही है। यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम विद्यार्थियों की योग्यता और उनकी आर्थिक पृष्ठभूमि दोनों को ध्यान में रखते हुए, आईआईटी सहित 'राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क' (एनआईआरएफ) के मानकों के अनुसार शीर्ष स्तरीय रैंकिंग प्राप्त 50 (इंजीनियरिंग) कॉलेजों में, प्रौद्योगिकी आधारित इंजीनियरिंग के स्नातक स्तरीय और एकीकृत कार्यक्रमों (5 वर्ष तक) में भागीदारी करने वाली में लड़कियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के योग्य विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। यह अगस्त 2024 में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थियों पर लागू होगा। इस वर्ष 250 विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के साथ से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम को, विद्यार्थियों के ऐसे प्रत्येक समूह में इसका सफल कार्यान्वयन होने पर भविष्य में इससे लाभान्वित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या को धीरे-धीरे बढ़ाने का उद्देश्य रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। कार्यक्रम के चरम पर पहुंचने पर प्रति वर्ष ?100+ करोड़ के परिव्यय के साथ इसके माध्यम से 4,000 विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

ग्रामीण बैंकों के डिजिटलीकरण के लिए नाबार्ड व पीएसबी लोन लिमिटेड के बीच समझौता

नई दिल्ली। वित्तीय समावेशन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और ऑनलाइन पीएसबी लोन लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया है। यह एमओयू जनसुरक्षा पोर्टल के माध्यम से एक मंच से जुड़े सभी 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की जन सुरक्षा योजनाओं के तहत नामांकन और दावा निपटान की प्रक्रिया को सुचारू बनाएगा। नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी के वी और उप प्रबंध निदेशक डॉ. अजय कुमार सूद सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रमुखों के साथ बैठक के दौरान इस परियोजना की शुरुआत की।

यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय अंतर को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके जरिए जन सुरक्षा योजनाओं के निर्बाध नामांकन और कुशल निपटान के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को डिजिटल समाधान मुहैया कराया जाएगा जिससे वे सशक्त बनेंगे।

इसके उद्घाटन के मौके शाजी के वी ने कहा कि, इस पहल की शुरुआत ग्रामीण भारत में डिजिटल वित्तीय सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी छलांग है।

यह क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए सुलभ कुशल डिजिटल समाधान उपलब्ध कराने में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की नाबार्ड की प्रतिबद्धता का प्रतीक है ताकि वित्तीय स्थिरता बनाई जा सके और समावेशी विकास को बढ़ावा दिया जा सके। परियोजना का लक्ष्य एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के माध्यम से जनसुरक्षा पोर्टल को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस (सीबीएस) के साथ जोड़ने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, बैंकों और उनके ग्राहकों दोनों के लिए परेशानी मुक्त अनुभव सुनिश्चित करना है।

जीएसटी को सरल बनाया जाए, नए क्षेत्रों में पीएलआई का विस्तार हो

मुंबई। एमएसएमई सेक्टर जुलाई में पेश होने वाले केंद्रीय बजट में सरकार की ओर से उद्योगों की बढ़ती परेशानियों को कम किए जाने की उम्मीद कर रहा है। एमएसएमई सेक्टर की प्रमुख मांगों में जीएसटी को सरल बनाने से लेकर भुगतान के नए नियम (धारा 43बी) को एक साल के लिए टालने और नए क्षेत्रों में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना लागू करने की पहल शामिल हैं।

सुक्ष्म, लघु व मझोले उद्योग (एमएसएमई) जुलाई में पेश होने वाले बजट में केंद्र सरकार से अपने लिए सकारात्मक फैसलों की उम्मीद कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांगों में जीएसटी को सरल बनाने से लेकर भुगतान के नए नियम (धारा 43बी) को एक साल के लिए टालाना और नए क्षेत्रों में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना को लागू करना शामिल है। जानकारों का मानना है कि से विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। यह सेक्टर देश के सकल घरेलू उत्पाद में 29 प्रतिशत का योगदान देता है और रोजगार देने महत्वपूर्ण भूमिका इस क्षेत्र की है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार एमएसएमई क्षेत्र 11.10 करोड़ नौकरियों में से 3 करोड़ 60.41 लाख से अधिक नौकरियां पैदा करता है।

चेम्बर ऑफ एसोसिएशन्स ऑफ महाराष्ट्र इंडस्ट्री एंड ट्रेड के अध्यक्ष दीपेन अग्रवाल का कहना है कि केन्द्र सरकार छोटे और मझोले कारोबारियों की परेशानियों पर ध्यान देने की जरूरत है। हमारी पहली मांग यह है कि जीएसटी में अप्रत्यक्ष कर को सरल बनाया जाए क्योंकि इससे कारोबारियों को परेशानी होती है। दूसरा, कई नए क्षेत्रों में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना को शुरू करने की मांग हम सरकार से कर रहे हैं।

देश में जीवन बीमा की पहुंच महज 3.2 प्रतिशत लोगों तक

■ **ग्रामीण इलाकों में दायरा बढ़ाने से जरूरी कदम उठाने जरूरत**

नई दिल्ली। जीवन बीमा व्यक्तियों और उनके परिवारों को विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में वर्तमान में जीवन बीमा से आच्छादित लोगों का प्रतिशत वर्तमान में 3.2 प्रतिशत है। नियामक ने अतीत में भी जीवन बीमा सुरक्षा के मामले में 70-80 प्रतिशत की कमी की बात कही है। यह वास्तविक कवरेज और व्यक्तियों और उनके आश्रितों को पर्याप्त वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक राशि के बीच बड़े अंतर को इंगित करता है। इस बार के केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से देश के जीवन बीमा क्षेत्र को काफी उम्मीदें है।

श्रीराम लाइफ इंश्योरेंश कंपनी के एमडी और सीईओ कैस्परस क्रॉमहॉट के अनुसार भारत में जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा जीवन बीमा से वंचित है। विश्व बैंक संग्रह संकेतकों के अनुसार देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। ये ग्रामीण क्षेत्र आय के स्तर, कमाई के पैटर्न, सेवाओं के वितरण और अपनी जरूरतों के मामले में अपने शहरी समकक्षों से अलग हैं। यह भी देखा गया है कि अधिकांश वाणिज्यिक वित्तीय संस्थानों का बड़ा ध्यान शहरी क्षेत्र की ओर है, क्योंकि यहां रहने वाले जागरूकता के मामले में आगे हैं, उच्च और अधिक स्थिर आय के साथ ही उन तक पहुंच भी आसानी से सुगम है।

दूसरी ओर ग्रामीण आबादी के परिवारों में यह देखा गया है कि कम आय के स्तर के कारण परिवार के लिए रोटी कमाने वाले को खो देने की स्थिति में उन्हें वित्तीय तबाही का सामना करना पड़ा है। ऐसे में उनकी स्थिति बहुत कमजोर हो जाती है। इस आबादी को जीवन बीमा सुरक्षा के तहत लाना महत्वपूर्ण है।

छत्तीसगढ़ में खंड-खंड होती वर्षा और सूखे का संकट

अषाढ़ में जलाशयों के सूखे कंठ

1 जून से अब तक 287.5 मि.मी. ही बारिश हुई, होनी थी 343.9 मि.मी.

नवप्रदेश टीम, नीरज उपाध्याय रायपुर, विक्रम सिंह ठाकुर बिलासपुर, सुप्रीम शर्मा बालोद और किशोर डोले धमतरी की रिपोर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। इस बार छत्तीसगढ़ में वरूण देव रूठे-रूठे से हैं। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में रूक-रूककर हो रही बारिश और वहां से मिल रहे आंकड़े से खंडवर्षा के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में यह स्थिति चिंताजनक है। प्रदेश के सभी बड़े जलाशयों में सूखे के हालात हैं। वहीं अच्छी बारिश के इंतजार में खेतों में बोवनी भी पिछड़ गई है। सूखे खेतों को देख अब तो किसान भी चिंतित दिखाई दे रहे हैं। प्रदेश के बांधों में जल भंडारण महज 34 फीसदी ही रह गया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में मानसून आने के बावजूद उतनी बारिश नहीं हुई, जितनी होनी चाहिए थी।

मौसम विभाग का कहना है कि अब तक प्रदेश में 29 फीसदी कम बारिश हुई है। इस वजह से प्रदेश के कई डैम सूखने के कगार पर हैं। कुल मिलाकर प्रदेश में सूखे के हालात ने भविष्य की स्थिति को स्पष्ट करते नजर आ रहा है। आगे अगर बारिश ऐसे ही कमजोर रही तो फसलों पर इसका असर दिखाई देगा। वहीं शहरों में पानी के लिए बेहद जद्दोजहद के हालात निर्मित होंगे, वहीं महंगाई बढऩे से आमजन-जीवन प्रभावित होगा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में औसत से 29 फीसदी कम बारिश हुई है। 1 जून से अब तक 244 मिलीमीटर ही बारिश हुई है। हालांकि अब तक 343.9 मिलीमीटर वर्षा हो जानी चाहिए थी। छत्तीसगढ़ के हालात देखें तो 8 जिलों में बारिश न के बराबर हुई है। कमजोर मानसून और कम बारिश का सबसे ज्यादा असर जीवनदायिनी जलाशयों में देखने को मिल रहा है।

जलाशयों में केवल 3 फीसदी ही जलभराव

पिछले बीस दिनों में प्रदेश के जलाशयों में महज 3 फीसदी जलभराव हो सका है। आषाढ़ के मौसम में भी इतनी कम बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।फिलहाल जितनी बारिश हुई है उससे राज्य के बड़े बांधों के हालात में सुधार होता नहीं दिख रहा है। इस तरह प्रदेश के बांधों में जल भंडारण महज 34 फीसदी ही रह गया है।

अब तक जिलों में दर्ज औसत वर्षा

रायपुर -265.5 मिमी
बलौदाबाजार -300.2 मिमी
गरियाबंद -348.9 मिमी
महासमुंद -226.6 मिमी
धमतरी -288.6 मिमी
बिलासपुर -339.9 मिमी
मुंगेली -515.9 मिमी
रायगढ़ -229.0 मिमी
सारंगढ़-बिलाईगढ़ -190.5 मिमी
जांजगीर-चांपा -313.7 मिमी
सक्ती -275.0 मिमी
कोरबा-94.4 मिमी
जीपीएम -342.1 मिमी
दुर्ग - 184.2
कबीरधाम - 259.0 मिमी
राजनांदगांव -256.0 मिमी
मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी 272.2 मिमी
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई -190.9 मिमी
बालोद -276.7 मिमी
बेमेतरा -172.6 मिमी
बस्तर -383.0 मिमी
कोण्डागांव -286.4 मिमी
कांकेर -289.0 मिमी
नारायणपुर -317.0 मिमी
दंतेवाड़ा-18.3 मिमी
सुकमा जिले -448.2 मिमी

औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

खूंटाघाट में 30 हजार मिलीयन क्यूबिक फीट पानी कम

इस साल बारिश कम होने के कारण अभी तक खूंटाघाट बांध में 1 लाख 14 हजार मिलीयन ग्रास पानी भरा है, जो पिछले साल से करीब 30 हजार मिलीयन ग्रास पानी कम है। जबकि बांध की क्षमता 1 लाख 95 हजार मिलीयन ग्रास पानी रखने की है। अल्पवर्षा के कारण अभी तक केवल 60% ही भर पाया है, जबकि पिछले वर्ष 10 जुलाई तक बांध 75% भर गया था। इस जलाशय से खरीफ फसल के लिए करीब 48 हजार और रबी के लिए साढ़े सात हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने पानी दिया जा सकता है। इसे 1920-30 में करीब 25 सौ हेक्टेयर भूमि में किया गया है। खारंग डिविजन के कार्य पालन अभियंता मधु चंद्रा के अनुसार बारिश की स्थिति बन रही है और जलाशय भरने की उम्मीद है।

अरपा भैसाझार बैराज 42 फीसदी भराव

वहीं 2013 में अरपा भैसाझार बैराज की शुरूआत हुई। अभी भी यहां नहरों का काम चल रहा है। इसकी क्षमता करीब 22 लाख मिलीयन ग्रास मीटर है इस साल अब तक 42 फीसदी जल भराव हुआ है। बैराज से 25 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होती है। इसका एरिया 6 लाख स्केवेयर किलोमीटर क्षेत्र है।

घोंघा जलाशय में 66 फीसदी भराव

करगी रोड कोटा में स्थित घोंघा जलाशय जिसे कोरी डेम भी कहा जाता है। इस साल यहां 66 फीसदी जल भराव हुआ है, जबकि पिछले वर्ष यहां इस समय तक 70 फीसदी से अधिक जल भराव हो चुका था। यहां जलाशय की क्षमता लगभग 1 लाख 9 हजार मिलीयन ग्रास है। यह जलाशय 8 हजार 3 सौ हेक्टेयर में फैला हुआ है।

प्रदेश के ये है प्रमुख जलाशयों की वर्तमान स्थिति

कोटा- घोंघा	अरपा- भैसाझार बैराज	मुरूमसिल्ली	बालोद- तांदुला
क्षमता- 1.9 लाख मिलीयन ग्रास वर्तमान में- 66 फीसदी जल भराव	क्षमता- 22 लाख मिलीयन ग्रास वर्तमान में- 42 फीसदी भराव	क्षमता- 5.538 टीएमसी वर्तमान में- 0.147 टीएमसी	क्षमता- 322.18 घनमी. वर्तमान- 16.05 घनमी.
बिलासपुर- खूंटाघाट	**धमतरी- गंगरेल बांध**	**सोंढूर बांध**	**खरखरा**
क्षमता- 1.95 लाख मिलीयन ग्रास वर्तमान में- 1.14 लाख मिलीयन ग्रास	क्षमता- 32 टीएमसी वर्तमान में- 6.390 टीएमसी	क्षमता- 6.996 टीएमसी वर्तमान में- 1.577 टीएमसी	क्षमता- 327.57 घनमी. वर्तमान- 29.39 घनमी.

तीन जिलों को पालने वाले तांदुला को बारिश का इंतजार

बालोद। जिले में कमजोर बारिश की स्थिति के कारण तीन जिलों को पालने वाले व एशिया के सबसे बड़े इस्पात संयंत्र को सप्लाई देने वाला जलाशय इस बार भरी बारिश में हांफने लगा है। सिंचाई विभाग के आंकड़े बताते हैं इस बार जलाशय में अब तक की स्थिति में पर्याप्त भराव नहीं हो पाया है। जिले के डेमों की स्थिति पर नजर डालें तो यह आंकड़े चिंताजनक है। प्रमुख तांदुला जलाशय में 322.18 घनमी. क्षमता है। वर्तमान में यहां पानी का भराव 16.05 घनमी ही है। खरखरा में 327.57 घनमी. क्षमता है, जहां 29.39 मीटर पानी भरा है। मटिया मोती में 324.64 घनमी. क्षमता है, पर 6.28 घनमी. पानी है। वहीं गोंदली की 335.18 घनमी. क्षमता है, लेकिन केवल 6.42 घनमी. ही पानी शेष है।

कैचमेंट एरिया में नहीं हुई बारिश..

धमतरी जिले के चार बांधों में पिछली जुलाई की तुलना में जल संग्रहण कम

धमतरी। इस साल पड़ी भीषण गर्मी के चलते जिले के गंगरेल सहित सोंढूर, मुरूमसिल्ली व दुधावा बांध में पानी की स्थिति बेहद खराब है। पिछले वर्ष भी कम बारिश के चलते इन बांधों में पानी का संग्रहण काफी कम था, वहीं इस बार भीषण गर्मी के कारण बांधों में पानी काफी कम हो गया है।

विभाग से मिली जानकारी अनुसार अभी गंगरेल में 6.402, मुरूमसिल्ली में 0.147, दुधावा में 1.526 व सोंढूर बांघ में 1.609 टीएमसी पानी शेष है। पिछली जुलाई की तुलना में जल संग्रहण की मात्रा इस बार काफी कम है। विभाग के अनुसार इसका मुख्य कारण कैंचमेंट एरिया में पानी का नहीं गिरना है।

बांधों की ये है स्थिति

जल संसाधन विभाग के आकड़ों के अनुसार गंगरेल बांध की क्षमता 32 टीएमसी है, जिसमें 6.390 टीएमसी, 4.87 प्रतिशत पानी बचा है। वहीं मुरूमसिल्ली बांध की क्षमता 5.538 टीएमसी है, जिसमें से 0.147 टीएमसी, 0.46 प्रतिशत पानी है। दुधावा बांध की क्षमता 10.192 टीएमसी है, जिसमें 1.532 टीएमसी, 13.68 प्रतिशत पानी, वहीं सोंढूर बांध की क्षमता 6.996 टीएमसी है, जिसमें 1.577 टीएमसी 14.64 प्रतिशत पानी बचा है।

पहली बार बनी गंगरेल में ऐसी स्थिति, नहीं मिलेगा बीएसपी को पानी

गंगरेल बांध में इस बार इस तरह का गंभीर जल संकट पहली बार देखा जा रहा है। बता दें कि गंगरेल बांध से ही भिलाई इस्पात को पानी की सप्लाई होती है। इसके अलावा धमतरी, रायपुर, बिरगांव नगर निगम के लाखों लोगों को भी पेयजल गंगरेल से ही मिलता है।

फिलहाल, गंभीर स्थिति को देखते हुए भिलाई इस्पात को पानी की सप्लाई रोकी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि बांध का डेड स्टोरेज हिट हो चुका है। ऐसे में अतिआवश्यक चीजों के लिए ही पानी दिया जा सकता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G -2-112 //CG/BPL/108/2020-22